kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-217 | बुधवार, 10 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


श्री सी. पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई। सार्वजनिक जीवन में आपके दशकों के समृद्ध अनुभव राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मैं आपको एक सफल और प्रभावशाली कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ देती हूँ। द्रौपदी मुर्मु

ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन ने पेपर पर जीएसटी बढ़ोतरी पर जताई चिंता 11

विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों का निर्माण भी शिक्षकों का धर्म : राम बहादुर राय 12

## संक्षेप

### कृष्ण मोहन बने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक में उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के निवासी कृष्ण मोहन को ट्रस्टी नियुक्त किया गया है। भारतीय वन सेवा महाराष्ट्र कैडर से रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन ने सेवा से अवकाश ग्रहण करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से सामाजिक सेवा को चुना। कृष्ण मोहन को बिहार निवासी ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल के निधन से रिक्त हुए स्थान पर ट्रस्टी आज की बैठक में बनाया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नए ट्रस्टी कृष्ण मोहन हरदोई जनपद के शाहाबाद विधान सभा क्षेत्र के चंद्रपुर गांव के निवासी हैं। वर्तमान में कृष्ण मोहन हरदोई शहर के सिनेमा रोड के अपने निवास से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट की बैठक में आज नए ट्रस्टी के मनोनयन के बारे में बड़ा निर्णय लिया। वर्तमान में ट्रस्ट के दो ट्रस्टियों कामेश्वर चौपाल और विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन से दो स्थान रिक्त थे। कामेश्वर चौपाल के स्थान पर हरदोई निवासी कृष्ण मोहन को आज की बैठक में नया ट्रस्टी बनाया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद उनके रिक्त पद पर उन्हीं के ही समाज से कृष्ण मोहन को सर्वसम्मत से नया ट्रस्टी बनाया गया। आज तीन बजे से श्रीमणिराम दास छावनी परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी अध्यक्षता में हुई बैठक में यह बहुप्रतीक्षित फैसला किया गया। बैठक में ट्रस्टी विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन से हुईं रिक्त हुई ट्रस्टी के नाम पर अभी सहमति नहीं बन पाई है।

### परस्पर हित के संबंधों को अधिक प्रगाढ़ बनायेंगे भारत और ईरान

**नयी दिल्ली।** भारत और ईरान ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करते हुए परस्पर हित के संबंधों को और अधिक प्रगाढ बनाने पर बल दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि दोनों देशों के बीच सोमवार को तेहरान में हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान) आनंद प्रकाश ने ईरान के विदेश मंत्रालय के दक्षिण एशिया प्रभाग के महानिदेशक मोहम्मद रेजा बहरामी के साथ वार्षिक द्विपक्षीय राजनीतिक परामर्श में हिस्सा लिया। दोनों पक्षों ने उनके बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए परस्पर हितों के अनुरूप संबंधों को और विकसित एवं प्रगाढ़ बनाने की तत्परता पर बल दिया। उन्होंने कनेक्टिविटी, अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी), आर्थिक, वित्तीय, व्यापार और वाणिज्यिक मामलों, और आपसी हित के अन्य क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक गतिविधियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य क्षेत्रीय एवं बहुपक्षीय संगठनों में सहयोग को मजबूत करने की जरूरत बताई।

# ओली ने छोड़ी गद्दी, नहीं थमे प्रदर्शन

## नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने वित्त मंत्री और पूर्व पीएम को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, राष्ट्रपति, गृहमंत्री के घर जलाए

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध के बाद युवाओं में उपजे भारी आक्रोश तथा उग्र प्रदर्शनों और हिंसा की घटनाओं को देखते हुए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

देश भर में दो दिनों से कई जगहों पर तोड़फोड़, पथराव और आगजनी की घटनाएं सामने आईं हैं। उग्र भीड़ ने कई सरकारी इमारतों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री कार्यालय सिंह दरबार, संघीय संसद, सर्वोच्च न्यायालय, विशेष न्यायालय, महान्यायवादी कार्यालय और शीर्ष राजनीतिक नेताओं के घरों और कार्यालयों में आगजनी और तोड़फोड़ की। इन प्रदर्शनकारियों को जेनरेशन जेड या जेन जेड कहा जा रहा है। जेन जेड से आशय युवा पीढ़ी से है।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रदर्शनकारियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर बातचीत के लिए आगे आने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति के निजी सचिव ने बताया कि श्री पौडेल ने प्रदर्शनकारी पक्षों से बातचीत करने का आग्रह किया है।

प्रशासन और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए एक संयुक्त अपील जारी करके कहा है, ''प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है, इसलिए हम सभी नागरिकों से शांति बनाए रखने और जान-माल को और



### पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत, राष्ट्रपति ने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया

नुकसान से बचाने का आग्रह करते हैं।'' इसमें आगे कहा गया है कि ''हम सभी संबंधित पक्षों से राजनीतिक बातचीत के माध्यम से शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान निकालने का भी आह्वान करते हैं।''

कांतिपुर समाचार पत्र ने बताया है कि इस पर अपील पर सेना और शासन के बड़े अधिकारियों के दस्तखत हैं। इनमें नेपाल सरकार के मुख्य सचिव एकनारायण आर्यल, सेनाध्यक्ष, नेपाली सेना अशोक राज सिगदेल, गृह सचिव गोकर्णमणि दुवादी और अन्य वरिष्ठ लोग शामिल हैं। इन अधिकारियों ने ● शेष पेज 11 पर

### भारत ने अपने नागरिकों से नेपाल की यात्रा स्थगित करने को कहा

नयी दिल्ली। नेपाल में अशांति को देखते हुए, भारत ने मंगलवार को अपने नागरिकों से वहां की स्थिति सामान्य होने तक पड़ोसी देश की यात्रा स्थगित करने को कहा। एक परामर्श जारी कर विदेश मंत्रालय ने नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों से सड़कों पर निकलने से बचने और सावधानी बरतने को कहा। बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा, ''नेपाल में बदल रहे हालात को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने निवास स्थानों पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण हुए बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी सुरक्षा सलाह का पालन करने की सलाह दी। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर, कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करें: 977-980 860 2881, 977-981 032 6134।' भारत ने कहा है कि नेपाल में विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई युवाओं की मौत होने से उसे गहरा दुख हुआ है और उसने आशा व्यक्त की है कि इन मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकाला जाएगा। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच एअर इंडिया, इंडिगो और नेपाल एयरलाइंस ने दिल्ली से काठमांडू जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दीं।

### राजशाही के अंत के बाद से राजनीतिक अस्थितरता और अनिश्चितता से ही जूझता रहा है नेपाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिमालयी देश नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद से पिछले सत्रह वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता और अशांति का दौर रहा है और इस अल्पावधि में देश में दस से भी अधिक बार सरकारें बदली हैं।

दो बड़े देशों चीन और भारत से घिरे नेपाल की राजनीति और विदेश नीति इन दोनों देशों के साथ उसके संबंधों से प्रभावित रही है और अलग-अलग सरकारों को दोनों देशों के बीच संतुलन साधने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है। करीब तीन करोड़ की आबादी वाले नेपाल में एक दशक तक चले गृह युद्ध के बाद 239 वर्ष पुरानी राजशाही का अंत होने के साथ वर्ष 2008 में गणतंत्र की स्थापना हुई थी। पिछले सत्रह वर्षों में देश ने कई विरोध प्रदर्शनों के कारण बार-बार अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना किया और औसतन हर एक-दो साल में सरकार बदलती रही। इस दौरान देश में 13 बार प्रधानमंत्री के स्तर पर सत्ता परिवर्तन हुआ। निवर्तमान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली चार बार, पुष्प कमल दहल प्रचंड तीन बार और शेर बहादुर देउबा दो बार प्रधानमंत्री रहे। देश में राजनीतिक अस्थिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। मौजूदा घटनाक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। देश में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा पहले से ही सुलग रहा था और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद विशेष रूप से युवाओं जिन्हें 'जेनरेशन जेड' कहा जा रहा है का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। युवा आबादी के सड़कों पर उग्र विरोध प्रदर्शन ने विद्रोह का रूप ले लिया। दो दिन के उग्र प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इससे पहले उनके कुछ मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया था। उग्र भीड़ ने संसद भवन तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों पर तोड़फोड़ तथा आगजनी की। प्रदर्शन के ● शेष पेज 11 पर



# किसी भी युद्ध में थल सेना की भूमिका महत्वपूर्ण : द्विवेदी

एजेंसी

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक बार फिर किसी भी युद्ध में थल सेना की भूमिका को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बताया है। जनरल द्विवेदी ने युद्ध के बदलते स्वरूप और परिवर्तनकारी सुधारों के तहत उभरती तकनीकों को अपनाने के भारतीय सेना के प्रयासों पर भी बात की। सेना प्रमुख ने दोहराया कि चूंकि, हमारे सामने ढाई मोर्चों पर खतरा है, इसलिए जमीन ही हमेशा जीत की मुद्रा बनी रहेगी। उन्होंने जोर दिया कि सेनाओं का थिएटराइजेशन ही इसका समाधान है, क्योंकि कमान की एकता ज्यादा जरूरी है।

सेना प्रमुख मंगलवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय प्रबंधन संघ के 52वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन में युद्धों की अप्रत्याशितता पर प्रकाश डालने के साथ आधुनिक सैन्य तैयारियों के तीन प्रमुख पहलुओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि युद्ध हमेशा अप्रत्याशित होता है। हमें

हमारे सामने ढाई मोर्चों पर खतरा, इसलिए जमीन ही हमेशा जीत की मुद्रा बनी रहेगी



यह समझने की जरूरत है कि युद्ध को लंबे समय तक जारी रखने के लिए दूसरी तरफ कौन सी तकनीक उपलब्ध है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करने में सक्षम होना चाहिए कि हमारे पास लंबे युद्ध के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हों। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कम लागत वाली उच्च तकनीक है, तो भी आप अपने से बेहतर प्रतिद्वंद्वी को परास्त कर सकते हैं।

उन्होंने अपनी बात को रेखांकित करने के लिए पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन संघर्ष पर हुई शिखर वार्ता का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

### फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज देने का आदेश उचित : उच्च न्यायालय

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर बिल्डर द्वारा, आवंटियों को इसके लिए ब्याज देने का आदेश उचित है। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी को की सभी अपीलें खारिज कर दीं। कोर्ट ने यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बिल्डर कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह आवंटियों को कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज का भुगतान करे। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी की ओर से दाखिल कई अपीलों पर दिया। इनमें यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रिब्यूनल ने बिल्डर कंपनी को आदेश दिया था की वह आवंटियों को कब्जा देने में बिलंब होने पर इसके लिए ब्याज दे। बिल्डर कंपनी की ओर से दलील दी गई कि कोविड- 19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुई। यह परिस्थिति उनके ● शेष पेज 11 पर

# सशक्त समाज के निर्माण में शिक्षा अहम : योगी

एजेंसी

बस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा से ही देशहित में सशक्त समाज का निर्माण होता है।

बसहवां में सरस्वती विद्या मन्दिर के नये भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करने के बाद योगी ने मंगलवार को कहा कि सरस्वती शिशु मन्दिर शिक्षा की ऐसी नीव है जो पूरे भारत वर्ष में शिक्षा की अलख जगा रही है। 1947 में जब भारत आजादी हुआ तो उस समय शिक्षा को लेकर कोई चिन्हित नही था, नानाजी देशमुख ने शिक्षा की अलख जगाने के लिए गोरखपुर से सरस्वती शिशु मन्दिर का नींव रखी और आज पूरे भारत में 12 हजार से अधिक सरस्वती शिशु मन्दिर शिक्षा के साथ-साथ भारतीयता को अपनाने की सीख दे रहा है। नानाजी देशमुख ने शिक्षा की जो नीव रखी वह बिना सरकारी मदद से रखी थी ।कभी-कभी ऐसा होता है कि सरकारें सहायता करती है या नही करती है तब भी शिक्षण संस्थान चलते



रहते है, आजादी के समय शिक्षा के रास्ते में ऐसी रूकावटे उत्पन्न हो गयी थी जो कभी समाप्त होने का नाम नही ले रही थी लेकिन राष्ट्रीय स्वयं संघ ने शिक्षा दिलाने के लिए पूरी तरह से अभियान चलाया। आज सरस्वती शिशु मन्दिर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद यहां के विद्यार्थी समाज, सरकार, देश के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के अभियान का नेतृत्व कर रहे। उन्होने कहा कि शिक्षा से ही हम देश के लिए योग्य नागरिक बन सकते है और अपनी देश का संरक्षण कर सकते है । एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नही चलेंगे, इसके लिए भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसको हटाने का अभियान चलाया और इस अभियान को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से 370 हटाकर एक देश, एक कानून लागू किया और वहां के आतंकवाद का सफाया करने के लिए ठोस कदम उठाये। योगी ने कहा कि आज भारत को तोड़ने के लिए साजिशे हो रही है लेकिन इसको रोकने के लिए हमें स्वदेशी को महत्व देना है अगर हमारे देश में स्वदेशी को अपनाया गया तो भारत निश्चित रूप से विकसित भारत का सपना साकार होगा और भारत समृद्धि बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाएं केवल शिक्षा ही नही देती है बल्कि देशहित एवं अपने पूर्वजों के बताये हुए रास्ते पर चलने का मार्ग प्रशस्त करती है। सरस्वती शिशु मन्दिर भारतीय और भारतीयता का ● शेष पेज 11 पर

# 'मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए देश तैयार'

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि भारत 2027 तक अपनी पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत 7,700 ग्राउंड टेस्ट पूरे हो चुके हैं और 2,300 और परीक्षण किए जाने बाकी हैं। इसके बाद ही अंतरिक्ष में मानव मिशन को अंजाम दिया जाएगा।

नारायणन ने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत तीन बिना चालक दल वाले मिशन होंगे। इनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में प्रस्तावित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन पूरे किए जाएंगे। यह सभी उड़ानें भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन को सफल बनाने के लिए अहम कदम साबित होंगी। इसरो को गगनयान परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों की मंजूरी मिल चुकी है। इसका मतलब है कि भारत अब उन चुनिंदा देशों

इसरो प्रमुख बोले- 2035 तक भारत के पास होगा अपना स्पेस स्टेशन



की सूची में शामिल होने जा रहा है, जिन्होंने अपने नागरिकों को अंतरिक्ष में भेजा है। इसरो प्रमुख ने कहा कि इन मिशनों से भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता दुनिया के सामने और मजबूत होकर उभरेगी। आगे उन्होंने ये भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चांद पर भेजने का लक्ष्य दिया है। इन लक्ष्यों ने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को एक नई ऊंचाई दी है। मोदी ने कहा है कि भारत को आने वाले समय में अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी देशों की पंक्ति में ● शेष पेज 11 पर

# सीपी राधाकृष्णन उप राष्ट्रपति चुने गये

## उपराष्ट्रपति चुनाव-कुल 781 में से 767 मत पड़े, राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 जबकि सुदर्शन रेड्डी को 300 मत मिले

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन देश के नये उप राष्ट्रपति चुने गये हैं। श्री राधाकृष्ण ने उप राष्ट्रपति के पद के चुनाव के लिए मंगलवार को संसद भवन में हुए मतदान में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के 152 मतों से हराया।

निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने मतगणना के बाद श्री राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने बताया कि कुल 781 मतों में से 767 मत पड़े जिनमें से श्री राधाकृष्णन को प्रथम वरियता के आधार पर 452 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी श्री रेड्डी को प्रथम वरियता के 300 मत मिले। उन्होंने कहा कि 15 मत अवैध घोषित किये गये।

श्री मोदी ने बताया कि चुनाव में 98.2 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान सुबह दस बजे शुरू



हुआ था और पांच बजे संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि दोनों उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतगणना छह बजे शुरू हुई। पहले मतों की वैधता की जांच की गयी जिसमें 15 मत अवैध पाये गये इनमें एक सांसद द्वारा डाक से भेजा गया एक मत भी शामिल है। उप राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य होते हैं। इस चुनाव में निर्वाचक मंडल के सदस्यों की कुल संख्या 781 थी जिनमें लोकसभा के 442 और राज्यसभा के 239 सदस्य हैं। जीत के लिए प्रथम वरीयता के 377 मतों की जरूरत थी। श्री राधाकृणन को प्रथम वरीयता के 452 मत मिले जो दोनों सदनों में राजग सदस्यों की कुल संख्या से अधिक हैं। बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति तथा शिरोमणि अकाली दल ने पहले ही मतदान में शामिल नहीं होने की घोषणा कर दी थी।

### संघ के साधारण कार्यकर्ता से उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचे राधाकृष्णन

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव में मंगलवार को निर्वाचित घोषित हुए चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन तमिलनाडु की राजनीति में एक सम्मानित नाम हैं और दक्षिण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का ध्वज लहराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है । श्री राधाकृष्णन का सार्वजनिक जीवन में पांच दशक से अधिक का लम्बा अनुभव है।

चार मई, 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे श्री राधाकृष्णन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं। उन्होंने सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया और सन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। श्री राधाकृष्णन को 1996 में तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सचिव नियुक्त किया गया। वे 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। 1999 में वे पुनः लोकसभा के लिए चुने गए। सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कपड़ा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) संबंधी संसदीय समिति और वित्त संबंधी परामर्शदात्री समिति के भी सदस्य रहे। वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जाँच करने वाली संसदीय विशेष समिति के सदस्य भी थे। श्री राधाकृष्णन ने 2004 में, संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। वह भारत से ताइवान गए पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे। श्री राधाकृष्णन 2004 से 2007 के बीच, तमिलनाडु में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस पद पर रहते हुए, उन्होंने 93 दिनों तक चली 19,000 किलोमीटर की 'रथ यात्रा' की। यह यात्रा सभी भारतीय नदियों को जोड़ने, आतंकवाद के उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करने, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों की समस्या से निपटने की उनकी मांगों को उजागर करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने विभिन्न उद्देश्यों के लिए दो और पदयात्राओं का भी नेतृत्व किया। श्री राधाकृष्णन को 2016 में, कोच्चि के कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, इस पद पर वह चार वर्षों तक रहे। ● शेष पेज 11 पर

# आगामी त्यौहारों को लेकर नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की परियोजनाओं की समीक्षा

**बैठक के दौरान मंत्री ए के शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्यो से किसी को भी परेशानी नहीं होनी चाहिये**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा और दीपावली को देखते हुए नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जल निगम की चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता को किसी भी स्थिति में निर्माणाधीन कार्यों से परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### समयबद्धता और गुणवत्ता पर जोर

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जल निगम की विभिन्न परियोजनाओं में समयबद्धता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर साफ-सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिएं। जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### अस्थायी मरम्मत से मिलेगी राहत

बैठक में नगर विकास मंत्री ने उन स्थानों पर विशेष ध्यान देने को कहा जहां परियोजनाओं के चलते सड़कें काट दी गई हैं या मिट्टी खोदकर छोड़ दी गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों पर कार्य पूरा होने तक सड़कों की अस्थायी मरम्मत की जाए, ताकि आम लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो।

### त्योहारों के लिए विशेष तैयारी

मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि आगामी नवरात्रि और अन्य पर्वों के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे। ऐसे में सभी प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और पूजा स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान और सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पानी की अतिरिक्त आपूर्ति और टैंकरों की व्यवस्था पहले से कर ली जाए।

### अधिकारी करें फील्ड मॉनिटरिंग

बैठक में उपस्थित जल निगम और नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि त्योहारों से पहले चल रहे कार्यों की फील्ड मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाए। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि काम की गति बनी रहे और जहां भी जनता को परेशानी की आशंका है, वहां तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने दोहराया कि निर्माणाधीन कार्यों की वजह से जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी त्योहारों से पहले फील्ड पर सक्रिय रहकर कार्यों की समीक्षा करें। जनता की सुविधा हमारी पहली जिम्मेदारी है।बैठक में एमडी जल निगम श्री रमाकांत पांडेय,निदेशक नगरीय निकाय श्री अनुज झा, अपर निदेशक श्रीमती रितु सुहास सहित अन्य संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सऊदी से लौटे युवक ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या, दो बच्चों को लेकर फरार



प्रयागराज । जिले के उतरांव थाना क्षेत्र स्थित दमगड़ा गांव में 35 वर्षीय अनवर ने मानसिक असंतुलन की हालत में अपनी पत्नी सलमा बानो (32) की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी अपनी 5 साल की बेटी और 5 माह के बेटे को लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार अनवर की मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं थी।सास समेत दो संदिग्ध हिरासत में, मायके पक्ष ने दी तहरीरसूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतका की सास और दो अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मृतका के मायके पक्ष ने अनवर पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

## लेप्रोसी चौराहे पर दर्दनाक सड़क हादसा: पिता-पुत्री की मौके पर मौत





कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । शहर के नैनी थाना क्षेत्र स्थित लेप्रोसी चौराहे पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रत्नेश श्रीवास्तव (उम्र लगभग 45 वर्ष) और उनकी 17 वर्षीय पुत्री यशी श्रीवास्तव के रूप में हुई है। यह परिवार करेली थाना क्षेत्र के करेला बाग कॉलोनी का निवासी था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रत्नेश श्रीवास्तव अपनी पुत्री को स्कूल से लेने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।यशी श्रीवास्तव, नैनी एडीए स्थित महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा थी। वह स्कूल से छुट्टी के बाद अपने पिता के साथ घर लौट रही थी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल, दुर्घटना करने वाला वाहन फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है ।घटना के बाद करेला बाग कॉलोनी में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार और पड़ोसियों का रो-रो कर बुरा हाल है। रत्नेश श्रीवास्तव एक जिम्मेदार पिता और मिलनसार व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। यशी अपने स्कूल में एक मेधावी छात्रा थी।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि लेप्रोसी चौराहे जैसे व्यस्त स्थानों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए और ऐसे हादसों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## एडीजी स्थापना के आदेश की उड़ रही धज्जियां, अंडर ट्रांसफर अफसरों की नहीं हो रही रवानगी

**प्रयागराज ।** जिले में पुलिस कमिश्नरेट में एडीजी स्थापना द्वारा जारी तबादला आदेशों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कई पुलिस अधिकारी, जो लंबे समय से एक ही जगह पर जमे हुए हैं, अभी तक अपने पद से रिलीव नहीं किए गए हैं। औद्योगिक थाना प्रभारी विपिन पाल खासतौर पर चर्चा में हैं, जो गैर जनपद ट्रांसफर होने के बावजूद अब तक चार्ज पर बने हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे एक दर्जन थाना प्रभारी अब भी चार्ज संभाले हुए हैं, जबकि उन्हें ट्रांसफर कर दिया गया है।
पुलिस कमिश्नर की चुप्पी पर उठे सवाल, आम जनता में गहरी नाराज़गी
कमिश्नरेट सिस्टम में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई की उम्मीदों के उलट, ट्रांसफर आदेशों की अनदेखी ने आम जनमानस में सवाल खड़े कर दिए हैं। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर पुलिस कमिश्नर इन अफसरों को चार्ज से हटाने में क्यों हिचक रहे हैं? लगातार शिकायतों और अफसरों की पकड़ के बावजूद कार्रवाई न होना पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

## कच्ची दीवार गिरने से पति-पत्नी की मौत, नाती घायल

**प्रयागराज ।** जिले के मेजा थाना क्षेत्र स्थित अमिलिया कला गांव में शुक्रवार को एक कच्ची दीवार गिरने से तीन लोग मलबे में दब गए। हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका नाती गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला गया।घायल नाती का अस्पताल में इलाज जारी, गांव में मातमघायल बच्चे को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। प्रशासन की ओर से राहत और मुआवजे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## प्रयागराज में पांचवीं बार बाढ़ का खतरा, गंगा-यमुना डेंजर लेवल के करीब

**प्रयागराज ।** जिले में इस साल पांचवीं बार बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और शाम तक डेंजर लेवल पार करने की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 38 सेमी, छतनाग में 23 सेमी, जबकि यमुना का जलस्तर नैनी में 22 सेमी बढ़ा है।सुबह 8 बजे तक गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 84.19 मीटर, छतनाग में 83.34 मीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में 83.90 मीटर दर्ज किया गया। जबकि इन नदियों का डेंजर लेवल 84.734 मीटर है।तीसरी बार 38 दिन में गंगा का जलस्तर 84 मीटर पार, आपदा तंत्र अलर्ट परमहज 38 दिनों में तीसरी बार गंगा का जलस्तर 84 मीटर के पार पहुंचा है। कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।प्रशासन ने गक्क्क्क ट्क्क्कऔर जल पुलिस की टीमें तैनात कर दी हैं। आपदा प्रबंधन तंत्र को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

## शिव शक्ति पैथोलॉजी लैब और सितारा पॉली क्लीनिक सील

**प्रयागराज ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई की। सुलेम सराय स्थित शिव शक्ति पैथोलॉजी लैब और सितारा पॉली क्लीनिक का निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर दोनों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।टीम ने यह कार्रवाई प्रबोध वर्मा निवासी 83 चक मुण्डेरा, पो. धूमनगंज, प्रयागराज की शिकायत पर की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिव शक्ति पैथोलॉजी लैब अनाधिकृत रूप से संचालित की जा रही थी।इसके बाद, उमेश सिंह पुत्र कमलेश कुमार निवासी मुण्डेरा बाजार की शिकायत के आधार पर सितारा पॉली क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। जांच के समय संचालक के पास पंजीकरण का नवीनीकरण प्रपत्र उपलब्ध नहीं था, जिसके चलते क्लीनिक को भी सील कर दिया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रयागराज ने स्पष्ट किया कि बिना वैध पंजीकरण और निर्धारित मानकों के किसी भी पैथोलॉजी, क्लीनिक या कलेक्शन सेंटर का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मोदी के दौरे से पहले मुख्य सचिव और डीजीपी ने कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए मंगलवार को प्रभारी मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार और डीजीपी राजीव कृष्ण ने बाबतपुर एयरपोर्ट पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने द्विपक्षीय वार्ता स्थल होटल ताज और पुलिस लाइन हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एयरपोर्ट पर उन्होंने टर्मिनल भवन, एप्रन और रनवे टर्न पैड का अवलोकन किया। होटल ताज में अंतिम तैयारियों के संबंध में मंडलायुक्त एस. राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने विस्तृत जानकारी साझा की।उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन में बने हेलीपैड का भी जायजा लिया। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने पुलिस लाइन सभागार में बैठक कर प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सभी मुख्य बिंदुओं पर अधिकारियों को ब्रीफ करते हुए कार्यों को समय पर पूरा करने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव और डीजीपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में डीजी शूट हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया।गौरतलब है कि 10 सितंबर की शाम को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम का तीन दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से हेलिकॉप्टर के जरिए पुलिस लाइन जाएंगे और सड़क मार्ग से होटल ताज पहुंचकर मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से छह स्थानों पर गुलाब की पंखुड़ियों से उनका स्वागत किया जाएगा। मॉरीशस के प्रधानमंत्री काल भैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। साथ ही संभावना है कि वे क्रूज से दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती भी देखेंगे।

## शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोलीबारी से भड़की हिंसा: नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के पौत्र का बयान

लखनऊ। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री कुंवर इंद्रजीत सिंह के पौत्र यशवंत शाह ने राजधानी काठमांडू में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के हिंसक होने के लिए वहां की सरकार और पुलिस को दोषी ठहराते हुए मंगलवार को कहा कि किसी भी देश में बेकसूर लोगों पर बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं है।श्री शाह ने कहा कि जनरेशन जेड का यह प्रदर्शन भ्रष्टाचार के खिलाफ था। सभी लोग आठ सितंबर को एक शांतिपूर्ण विरोध-मार्च में भाग लेने के लिए 'माइटीघर मंडला' नामक स्थान पर एकत्र हुये थे।उन्होंने कहा, ल जब वहां लोगों की संख्या बढ़ने लगी, सरकार ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल किया। पुलिस ने फायरिंग शुरू कर दी। स्थिति तब बिगड़ी जब पुलिस ने निहत्थे लोगों पर गोलियां चला दीं। किसी भी लोकतांत्रिक देश में बेकसूर नागरिकों पर बल प्रयोग और गोलीबारी स्वीकार्य नहीं है।ङ्कश्री शाह ने कहा कि ऐसे मौकों पर आमतौर पर रबर बुलेट का इस्तेमाल किया जाता है, वह भी कमर के नीचे। लेकिन सबने देखा कि कैसे एक छोटे बच्चे को सिर में गोली मारी गयी - वह भी संसद भवन के बाहर।

## ऑफिस में ही कर्मचारी की सिर कुचलकर कर की गई हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा। इलाके में मंगलवार सुबह एक युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। यहां सोमवार रात एकयुवक की उसके ऑफिस में ही उसकी सिर कुचल कर हत्या कर दी गई। सुबह जब महिला सफाई कर्मी ऑफिस पहुंची तो उसने मृत अवस्था में खून से लथपथ युवक को पाया।इसके बाद ऑफिस के मालिक को सूचित किया। मालिक द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरु की। पुलिस द्वारा ऑफिस मलिक सहित आसपास के लोगों से जांच पड़ताल की गई है फिर भी हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है।बताते हैं कि फैजाबाद जिले के धनुआपुर निवासी कुणाल शुक्ला पुत्र अशोक शुक्ला (26) बंथरा के दादूपुर स्थित न्यू डेस्टिन कॉलोनी में अपनी मां और भाई के साथ रहकर यहांदादूपुर में रहने वाले विवेक सिंह के साथ फाइनेंस होने वाली गाड़ियों की किस्त बाउंस होने पर उनकी रिकवरी का काम करता था। सोमवार रात करीब 9 बजे ऑफिस से सभी लोग चले गए और कुणाल शुक्ला वहीं था।

## जीरो टॉलरेंस की सरकार में महिला गरिमा और संविधान का खुलेआम चीरहरण : अनीस मंसूरी

**पूर्व मंत्री ने कहा, गरीब पसमांदा बच्चों के मदरसों में हथियार लेकर तमाशा करते हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने बाराबंकी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी (डीएमओ) संजय मिश्रा पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश के मदरसों में गरीबी की वजह से पढ़ने वाले अधिकतर पसमांदा मुसलमानों के बच्चे-बच्चियों के बीच यह अधिकारी हथियार लेकर जाता है, महिला शिक्षिकाओं का अपमान करता है और सोशल मीडिया पर तमाशा बनाता है यह कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि गरीब तबकों के भविष्य से सीधा खिलवाड़ है। श्री मंसूरी ने कहा कि यह मामला तीन स्तरों पर अत्यंत गंभीर है, पहला, 19 जून और 22 जून 2024 को शासन द्वारा जारी सोशल मीडिया आचरण संबंधी आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया गया है। सरकारी अधिकारी खुद को प्रचारप्रिय और ल्ववीडियो स्टारङ्क बनाकर पेश कर रहे हैं। दूसरा, शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन करते हुए विद्यालयों में पिस्तौल लेकर जाना बच्चों की मानसिक सुरक्षा पर सीधा हमला है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक संस्थानों में हथियारों का प्रदर्शन प्रतिबंधित है, किंतु संबंधित अधिकारी ने इसे बच्चों के सामने शक्ति प्रदर्शन का साधन बना दिया। तीसरा, महिला शिक्षिकाओं को सार्वजनिक रूप से चिल्लाकर अपमानित करना, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालना और उस पर होने वाली अश्लील टिप्पणियों को मौन सहमति देना, संविधान के अनुच्छेद 21 और सुप्रीम कोर्ट के विशाखा बनाम राजस्थान सरकार (1997) फैसले की धज्जियां उड़ाना है। श्री मंसूरी ने तल्ख़ लहजे में कहा कि यह सिर्फ एक अधिकारी की बदतमीज़ी नहीं, बल्कि शासन के आदेश, कानून और महिला गरिमा का सामूहिक हनन है। मदरसों में पढ़ने वाले गरीब पसमांदा बच्चों और बच्चियों के लिए यह वातावरण और भी खतरनाक है। यदि ऐसे अधिकारियों पर तत्काल विभागीय और कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह संदेश जाएगा कि उत्तर प्रदेश में संविधान नहीं, बल्कि 'तमाशे और आतंक' का शासन चलता है। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटा बचाओ-बेटी पढ़ाओ नारे और जीरो टॉलरेंस वाली योगी सरकार में हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और महिला आयोग को पत्र भेजकर उनसे मांग की कि संजय मिश्रा के खिलाफ उच्च स्तरीय तत्काल विभागीय जांच बिठाई जाए। उनके सोशल मीडिया से सभी आपत्तिजनक वीडियो हटाए जाएं। शस्त्र अधिनियम और सेवा आचरण नियमों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उनके शस्त्र को जब्त किया जाए व उनके सर्विस रिकॉर्ड में प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाए। अपमानित महिला शिक्षिकाओं व छात्राओं को सुरक्षा और परामर्श उपलब्ध कराया जाए।

## बहरिया क्षेत्र में नाबालिग से शोषण, फांसी लगाने जा रही थी लड़की, एक युवक ने बचाई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिले के बहरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा गांव में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। सुरेंद्र नामक एक युवक ने एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। जब लड़की को युवक की असलियत का पता चला तो वह मानसिक रूप से टूट गई और गांव में एक पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाने की कोशिश की।इस दर्दनाक क्षण में जहां कुछ लोग मदद करने की बजाय वीडियो बनाते रहे, वहीं एक साहसी युवक ने दौड़कर लड़की की जान बचा ली, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। घटना का संक्षिप्त विवरण यह है कि थाना बहरिया क्षेत्र के आरोपी सुरेंद्र (स्थानीय निवासी )पीड़िता नाबालिग लड़की से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया है। शादी से इनकार पर लड़की आत्महत्या का प्रयास किया एक व्यक्ति द्वारा समय रहते बचाव किया गया है। लड़की का इलाज जारी है , पुलिस ने जांच शुरू की है ।

### सामाजिक चिंता का विषय

घटना के वक्त कुछ ग्रामीणों द्वारा वीडियो बनाना, जबकि एक मासूम की जान खतरे में थी, यह समाज के संवेदनहीन होते चेहरे को दर्शाता है। जहां एक ओर एक व्यक्ति ने जान जोखिम में डालकर लड़की को फांसी के फंदे से उतारा, वहीं अन्य लोग मूकदर्शक बने रहे।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरेंद्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम के आगमन को लेकर तैयारियों पर हुई बैठक

**कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रभारी मुख्य सचिव / अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार और डीजीपी राजीव कृष्ण ने बाबतपुर एयरपोर्ट हैलीपैड व्यवस्था, द्विपक्षीय वार्ता स्थल होटल ताज और पुलिस लाइन हैलीपैड का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रभारी मुख्य सचिव / अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार और डीजीपी राजीव कृष्ण ने बाबतपुर एयरपोर्ट हैलीपैड व्यवस्था, द्विपक्षीय वार्ता स्थल होटल ताज और पुलिस लाइन हैलीपैड का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एयरपोर्ट पर उन्होंने टर्मिनल भवन, एप्रन और रनवे टर्न पैड का अवलोकन किया। ताज होटल में सभी अंतिम तैयारियों के संबंध में मंडलायुक्त एस राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने अधिकारी द्वय के समक्ष विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव व डीजीपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में डीजी शूट हाउस का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन में बने हेलीपैड का भी जायजा लिया। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने पुलिस लाइन सभागार में बैठक कर प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सभी मुख्य बिंदुओं पर अधिकारियों को ब्रीफ करते हुए कार्यो को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम और पुलिस आयुक्त ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल एवं जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री मॉरीशस के वाराणसी आगमन/भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रिजर्व पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की गई । इस दौरान पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा, प्रोटोकॉल एवं यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी अधिकारी एवं पुलिस बल पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें । उन्होंने ड्यूटी के दौरान समयबद्ध उपस्थिति, संचार माध्यमों के सुचारु प्रयोग एवं आपसी समन्वय पर बल देते हुए वीवीआईपी रूट व कार्यक्रम स्थलों पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । चेकप्वाइंट, बैरियर एवं प्रवेश द्वार पर तैनात पुलिस बल को सदैव सजग रहकर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा गया। यातायात प्रबंधन के तहत नागरिकों व श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाए रखने, यातायात डाइवर्जन व पार्किंग व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा भीड़-नियंत्रण हेतु धैर्य व जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया की दृष्टि रहेगी, अतः प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को सर्वोच्च निष्ठा, तत्परता व व्यावसायिक दक्षता के साथ कार्य करते हुए शांति, सौहार्द एवं गरिमा के साथ कार्यक्रम सम्पन्न कराना है। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय श्री शिवहरि मीना सहित ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## पुणे-गोरखपुर-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस का अस्थाई रूप से बढ़नी तक किया विस्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गोरखपुर जं. स्टेशन पर ओल्ड पिट लाईन संख्या-01 एवं 02 पर इंजीनियरिंग कार्य किये जाने के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक दिये जाने के कारण 11037/11038 पुणे-गोरखपुर-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार बढ़नी तक किया गया है।11037 पुणे-बढ़नी साप्ताहिक एक्सप्रेस 11 सितम्बर से 04 दिसम्बर, 2025 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को पुणे से 16.15 बजे प्रस्थान कर दौंड कार्ड लाइन से 17.20 बजे, कोपरगांव से 20.30 बजे, मनमाड से 21.50 बजे, जलगांव से 23.40 बजे, दूसरे दिन भुसावल से 00.15 बजे, खंडवा से 02.15 बजे, इटारसी से 05.40 बजे, जबलपुर से 09.00 बजे, कटनी से 10.20 बजे, सतना से 12.20 बजे, मानिकपुर से 14.20 बजे, प्रयागराज जं. से 16.40 बजे, वाराणसी जं. से 19.35 बजे, मऊ से 21.45 बजे, बेलथरा रोड से 22.17 बजे, सलेमपुर से 22.40 बजे, देवरिया सदर से 23.15 बजे तीसरे दिन गोरखपुर से 00.55 बजे, आनन्दनगर से 01.55 बजे, तथा सिद्धार्थनगर से 02.55 बजे छूटकर बढ़नी 04.15 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 11038 बढ़नी-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस 13 सितम्बर से 06 दिसम्बर, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को बढ़नी से 13.10 बजे प्रस्थान कर सिद्धार्थनगर से 13.40 बजे, आनन्दनगर से 14.20 बजे, गोरखपुर से 15.40 बजे, देवरिया सदर से 16.55 बजे, सलेमपुर से 17.37 बजे, बेलथरा रोड से 18.00 बजे, मऊ से 18.40 बजे, वाराणसी जं. से 21.05 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं. से 00.30 बजे, मानिकपुर से 02.50 बजे किया गया है।

# पत्रकार पर जानलेवा हमले और लूटपाट के मामले में एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। इटौजा के राजापुर गांव के पास निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास रविवार रात लगभग साढे दस बजे पत्रकार अनिल कुमार सिह निवासी कठवारा बीकेटी पर तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उस समय हमला कर मारपीट,बाइक तोडफोड और लूटपाट को अंजाम दिया है,जब वह इटौजा टोल पर रविवार की शाम नेपाली तीर्थ यात्रियों के बस हादसे का कवरेज करके घर लौट रहे थे। घटना में हमलावरों ने उनकी बाइक छतिग्रस्त करके उनके साथ मारपीट किया। उनके पास से 110 रुप्ए भी लूट लिए। पुलिस ने घटना के तीसरे दिन मंगलवार को जब घटना की एफआईआर नही दर्ज हुई तो पत्रकार थाने पर बैठ गए। आखिरकार विधायक योगेश शुक्ला के हस्तक्षेप के बाद अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज हुए। कठवारा गांव के रहने वाले पत्रकार अनिल कुमार सिंह का आरोप है कि,रविवार रात राजपुर गांव के पास एक बाइक पर सवार तीन नाकपोश लोगों ने हमलाकर उनकी बाइक तोड दिया। इसके बाद मारपीटकर उनसे 110 रुप्ए लूट लिए। कुछ दूरी पर छत ढालने वाली मशीन और ट्रैक्टर पर आ रहे मजदूरों की आवाज आने पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा ज्यादा पत्रकारिता दिखाओंगे तो जान से हाथ धोओगे। इसी दौरान शिवपुरी की तरफ से एक टैक्टर जा रहा जिसमे ढलाई मशीन थी काफी लेवर बैठे जिनको आते देखकर तीनो बाइक से भाग गए। इस घटना के दूसरे दिन सोमवार को प्रभारी निरीक्षक इटौंजा माकण्डेय यादव को तहरीर दी गयी।लेकिन 48 घंटे बाद जब एफआईआर दर्ज नही हुई तो सभी पत्रकार एफआईआर के लिए सुबह से शाम तक इटौजा थाने पर बैठे रहे। शाम को विधायक योगेश शुक्ला और इटौजा नगर पंचायत चेयरमैन अवधेश कमल अवस्थी ने मामले को संज्ञान लिया तब जाकर अज्ञात हमलावरों पर एफआईआर दर्ज हुई।

# प्रेम विवाह की रंजिश में युवक की निर्मम हत्या

## डेढ़ माह की मासूम बेटी का सिर से उठा पिता का साया, घर में कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के शंकर बक्श खेड़ा गांव निवासी शनी रावत (24) का शव मंगलवार सुबह निगोहां के गौतमखेड़ा गांव के पास बांक नाले में उतराता देख गांव में हड़कंप मच गया । सोमवार शाम घर से निकले शनी की खून से लथपथ लाश देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। शव के पास सड़क पर खून बिखरा पड़ा था और खून से सनी चप्पल भी बरामद हुई। मृतक शनी के पिता रामनरेश रावत ने बताया कि सोमवार देर शाम जब बेटे से बात हुई तो उसने कहा कि वह खुझौली चौराहे पर है और थोड़ी देर में घर आ रहा है। मगर वह घर नहीं लौटा। रात में कॉल रिसीव नहीं हुई और सुबह मोबाइल बंद मिला। सुबह जब सोशल मीडिया पर नाले में शव मिलने की सूचना मिली तो परिवार वहां पहुंचा। खून से लथपथ बेटे की लाश देख मां इंद्रानी और पत्नी साधना बेसुध होकर गिर पड़ीं।मृतक के परिजनों ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व शनी ने निगोहां क्षेत्र के मस्तीपुर गांव की एक युवती से कोर्ट मैरिज की थी। विवाह से युवती का परिवार बेहद नाराज था और लगातार शनी को धमकियां मिल रही थीं। मृतक के पिता ने युवती के भाई जीतू यादव, देवेश यादव उर्फ बोग्गा और जीतू के साले संतोष यादव के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।ग्रामीण बोले निर्दोष को मौत के घाट उतार दिया गया।निगोहां थाना क्षेत्र के गौतमखेड़ा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार सुबह जब शव नाले में उतराता देखा गया तो गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीण अनिल यादव ने कहा, ''शनी शांत स्वभाव का लड़का था, कभी किसी से झगड़ा नहीं किया। प्रेम विवाह की रंजिश में निर्दोष की जान ले ली गई।वहीं एक अन्य ग्रामीण रामलखन ने कहा कि नाले के पास सड़क पर खून बिखरा था, साफ लग रहा था कि पहले उसकी हत्या की गई और फिर शव को नाले में फेंक दिया गया।''

### मासूम श्रद्धा को देख पिघले दिल......

घर पर शनी की मौत की खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया। उसकी डेढ़ माह की मासूम बेटी श्रद्धा कभी मां की गोद में मुस्कुराती तो कभी रो पड़ती। वहां मौजूद हर शख्स की आंखें भर आईं। पत्नी साधना बेसुध होकर बार-बार यही कह रही थी अब श्रद्धा को पापा कौन कहेगा।गांव के ही श्मशान घाट पर जब शनी का अंतिम संस्कार किया गया तो हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। पिता रामनरेश बेटे की अर्थी को कंधा देने से पहले बार-बार उसे सीने से लगाकर रोते रहे। भाई राजबहादुर छोटे भाई का चेहरा देखकर चीख-चीख कर रोता रहा। मां इंद्रानी और पत्नी साधना को संभालना मुश्किल हो रहा था। पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। हत्या की वारदात के बाद निगोहां और मोहनलालगंज क्षेत्र में तनाव का माहौल है। गांव में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। लगातार गांव में गश्त की जा रही है और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और फॉरेंसिक व सर्विलांस टीम को जांच में लगाया गया है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# महिला विशिष्ट बीट त्रैमासिक अभियान का आयोजन

**महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों व यूपी कॉप एप की दी गई जानकारी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे महिला विशिष्ट बीट त्रैमासिक अभियान के तहत मंगलवार को नगराम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं और युवतियों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर हेल्पलाइन नंबर सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 1090 महिला हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातकालीन नंबर 1930 साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही यूपी कॉप एप को डाउनलोड कर उसका इस्तेमाल करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। मौके पर मौजूद महिलाओं के मोबाइल पर एप डाउनलोड कराकर रजिस्ट्रेशन कराया गया और इसके उपयोग के फायदे विस्तार से बताए गए। महिलाओं व किशोरियों को गुड टच-बैड टच की जानकारी भी दी गई ताकि बच्चे किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति को समझकर तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचित कर सकें। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी , गांव की अनीता देवी ने कहा कि अक्सर हमें यह नहीं पता होता कि समस्या आने पर तुरंत कहां संपर्क करें, आज इस कार्यक्रम से सही जानकारी मिली। वहीं, छात्रा पूजा कुमारी ने कहा कि ल्लपहली बार यूपी कॉप एप डाउनलोड किया है, इससे हमें सुरक्षित महसूस होगा। महिला उप निरीक्षक अल्पा देवी ने कहा कि ल्लमहिलाओं और किशोरियों को जागरूक करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना हिचक पुलिस से संपर्क करें।उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि ल्लगांव-गांव में इस प्रकार के अभियान चलाकर हम महिलाओं को तकनीकी रूप से मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि ल्लमहिला सुरक्षा के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग मिलकर अच्छा काम कर रहे हैं। जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। इस मौके पर उप निरीक्षक दीपक कुमार पाल, महिला कांस्टेबल प्रिया व अवनीशा भी मौजूद रहे।

# ब्राइट स्टार्ट कान्वेंट स्कूल में बंदरों का आतंक, बच्चों में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । निगोहां-नगराम मार्ग स्थित ब्राइट स्टार्ट कान्वेंट स्कूल में इन दिनों बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदर कक्षाओं में घुसकर बच्चों को डराने, टिफिन और बैग उठाकर ले जाने जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इससे जहां पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं बच्चों की सुरक्षा पर भी संकट मंडरा रहा है।मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बंदर अचानक कक्षा में घुस गया। सभी बच्चे चीखने लगे और भागकर किनारे खड़े हो गए। इस दौरान कक्षा दो का एक छात्र सहमकर अपनी सीट पर ही घुटनों के बल खड़ा रह गया। बंदर ने बच्चे का बैग फाड़कर टिफिन निकाल लिया और कक्षा से भाग निकला। डर के मारे बच्चा जोर-जोर से रोने लगा।सूचना पर पहुंचे अभिभावकों ने वन विभाग को अवगत कराया। टीम मौके पर पहुंची और बंदरों को स्कूल परिसर से खदेड़ा।

कासिमपुर निवासी जुगल किशोर, रामपुर के वीरेंद्र, डिघारी के कुलदीप पाल, आलोक पाल, महेश और दुर्गेन्द मिश्रा सहित कई अभिभावकों ने बताया कि एक महीने से स्कूल में बंदरों का आतंक जारी है। बंदरों के डर से कई परिवार बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर चुके हैं। अभिभावकों का कहना है कि शिकायत करने पर स्कूल प्रशासन ने खुद को भी असहाय बताया और वन विभाग पर जिम्मेदारी डाल दी।स्कूल इंचार्ज अनुजा ने बताया कि स्कूल में 250 बच्चे पढ़ते हैं। कटखने बंदर लगातार कक्षाओं में घुस आते हैं और टिफिन छीनकर भाग जाते हैं। इससे बच्चों के मन में डर बैठ गया है और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वन डिप्टी रेंजर अभिषेक चौधरी ने बताया कि टीम मौके पर गई थी और बंदरों को भगाया गया है। यह बंदरों की ऐसी किस्म है, जिन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी वन विभाग की नहीं है। इसका प्रबंधन ग्राम प्रधान और नगर पंचायत को करना चाहिए। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों व रिहायशी क्षेत्रों से बंदरों का आतंक खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि बच्चों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## नादरगंज तिराहे का नवनिर्मित ओवर ब्रिज जनता को समर्पित

**सरोजनीनगर, संवाददाता, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे पर नादरगंज तिराहे का नया ओवरब्रिज मंगलवार की दोपहर से आमजन के आवागमन के लिए

चालू कर दिया गया। पुल के चालू होने से क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या से जनता को राहत मिलेगी। इस ओवरब्रिज से कानपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन सीधे निकल सकते हैं। बताते चलें कि इससे पहले यहां ओवर ब्रिज के नहीं होने पर भारी जाम लगता था क्योंकि अमौसी, नादरगंज, इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से आने और जाने वाले सभी वाहन इसी तिराहे से होकर गुजरते थे और जब वह कानपुर रोड पर आते थे तब उन्हें लखनऊ कानपुर की ट्रैफिक का भी सामना करना होता था। इस ओवर ब्रिज के बनने से राहगीरों के समय व वाहनों के ईंधन की बचत के साथ-साथ पुलिस कर्मियों को भी राहत मिलेगी। करीब साल भर पहले से बन रहे इस ओवर ब्रिज के चालू होने से राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों व व्यापारियों ने राहत की साँस ली है।

## ग्राम बेहटा मे हुए विस्फोटक कांड को लेकर गुडम्बा पुलिस ने चार इनामिया अभियुक्तों किया अरेस्ट

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 31 अगस्त को गुडम्बा थाना क्षेत्र के बेहटा गाँव मे जो हुआ उस घटना ने पूरे क्षेत्र मे सनसनी फैला दी थी इस घटना का कारण अधिक मात्रा मे गैरकानूनी तरीके से विस्फोटक का जमा किया जाना था इस मामले मे गुडम्बा पुलिस ने कई गिरफ्तारी पहले भी की है और फरार अभियुक्तों पर 25 हज़ार का इनाम भी घोषित किया था उसी कड़ी मे गुडम्बा पुलिस ने चार इनाम घोषित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही कर दी है।पुलिस की गिरफ्त मे अभियुक्त टीनू उर्फ़ अली, नसीम, याकूब उर्फ़ घपलू को पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था और दिनांक 9 सितंबर 2025 को इनामी अभियुक्त शानू उर्फ़ शोएब , मोहम्मद वारीस उर्फ़ शेरू , अली अकबर और मोहम्मद अफ़ज़ल को जेल भेजनें का काम किया है।

## बिजली विभाग का 25 स्थानों पर छापा, 4 पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश शासन एवं पावर कारपोरेशन के निर्देशों पर लाइन लॉस को कम करने और बिजली चोरी पर लगाम कसने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सुबह 5 बजे से 8 बजे तक सघन आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में की गई। चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि चेकिंग के दौरान विद्युत वितरण मंडल-चौक, लखनऊ मध्य क्षेत्र के अंतर्गत खंड-रेजीडेंसी के क्षेत्र बारूद खाना, गोलागंज में 25 उपभोक्ताओं की सघन जांच की गई। चेकिंग में कई उपभोक्ता डायरेक्ट केबिल डालकर और मीटर बाईपास करके बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। अभियान के तहत पकड़े गए 4 आरोपियों के खिलाफ थाना एंटी पावर थेफ्ट में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी इसी तरह के अभियान जारी रहेंगे और बिजली चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दो टप्पेबाजों ने चूनी चोकर की दुकान से 55 हजार उड़ाए

**निगोहां , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां कस्बे के भगवानपुर मोड़ के पास मंगलवार दोपहर दो टप्पेबाजों ने विनोद खाद भण्डार एवं चुनी चोकर की दुकान से 55 हजार रुपये चुराकर फरार हो गए।दुकानदार अरविंद पाल ने बताया कि दो युवक एक ही बाइक से दुकान पर आए। उन्होंने उन्हें पास ही एक प्लाट दिखाने का झांसा दिया और दुकान से बाहर ले गए। इस दौरान उनके साथी ने दुकान के गुल्लक में रखे 55 हजार रुपये निकाल लिए। दोनों युवक तुरंत बाइक से बछरावां की ओर भाग गए।पीड़ित ने पास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा कि दोनों आरोपी उसी बाइक से फरार हुए। शिकायत मिलने के बाद निगोहां पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सूचना

मैं प्रथम अग्रवाल पुत्र गोविंद कृष्ण अग्रवाल, मेरे जन्मप्रमाण मे मेरा नाम प्रथम अग्रवाल की जगह प्रथम लिखा है आधार और अन्य सभी दस्तावेजों में प्रथम अग्रवाल लिखा है प्रथम और प्रथम अग्रवाल दोनों मेरे ही नाम है मुझे प्रथम अग्रवाल के ही नाम से जाना जाये।

# यूपी में 17 सितंबर से चलेगा 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग 17 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच राज्यव्यापी ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार ''अभियान चलायेगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में संचालित सेवा पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान संचालित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेश के आम जनमानस को समर्पित होने के साथ ही नारी स्वास्थ्य पर केनद्रित होगा।

उन्होने बताया कि इस अवधि में चरणबद्ध तरीके से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित होगे। इसमें प्रदेश की सभी स्वास्थ्य ईकाइयों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की जायेगी। रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें भी उपलब्ध करायी जायेगी। सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों मेडिकल कालेजों और विशिष्ट चिकित्सालयों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों के लिए नोडल अधिकारी नामित कर निरीक्षण एवं अनुश्रवण कराया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि रक्तदान अभियान के दौरान सभी चिकित्सालय भण्डारण क्षमता के अनुरूप ही रक्त का संग्रहण कराये। रक्तदाताओं की संख्या अधिक होने पर उनका पंजीकरण कराकर भविष्य के लिए उनका विवरण सुरक्षित रख ले। स्वास्थ्य शिविरों में निजी क्षेत्रों की इकाइयों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन हेतु स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज आदि विभागों से समन्वय स्थापित कर आशा, आंगनबाड़ी, एनम, सीएचओ की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

# मेडिकेयर अस्पताल की लापरवाही से महिला की मौत, यूनियन का हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के हरिकंश गढ़ी गांव के सामने स्थित निजी अस्पताल मेडिकेयर की घोर लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई। रायबरेली जनपद निवासी 52 वर्षीय मृतका किरन सिंह वही भारतीय किसान यूनियन भानु गुट मजदूर मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह की माता थीं।परिजनों के अनुसार किरन सिंह की तबीयत खराब होने पर उन्हें मेडिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में लगातार परेशानी हो रही थी। इस बीच अस्पताल प्रशासन ने परिजनों से ऑक्सीजन सिलेंडर के नाम पर ?7600 वसूल लिए। आरोप है कि इसके बावजूद जब मरीज को पैथोलॉजी जांच के लिए वैन से भेजा गया तो उसमें ऑक्सीजन सिलेंडर ही नहीं था। इसी लापरवाही के चलते रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।परिजनों और यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मेडिकेयर अस्पताल लंबे समय से मरीजों के साथ मनमानी और लापरवाही करता आ रहा है। स्थानीय लोग भी इस अस्पताल को क्षेत्र का सबसे भ्रष्ट और लापरवाह अस्पताल बताते हैं।

घटना के बाद भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने आक्रोश जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ को ज्ञापन सौंपा और दोषी अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी दिनों में अस्पताल पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन सीएमओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए बाध्य होगा।इस घटना से ग्रामीणों और यूनियन कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि निजी अस्पतालों की मनमानी और भ्रष्टाचार पर जल्द रोक नहीं लगी तो मरीजों की जान लगातार खतरे में पड़ती रहेगी।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **01.10.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 09602025 dated 09.09.2025 | |
| निविदा सं. | 1. 15-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26<br>3. 17-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 | 2. 16-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26<br>4. 18-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य)–प्रथम/सुलतानपुर अनुभाग में सुलतानपुर से उतरेटियॉ (छोड़कर) सर्विस भवन और स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत का प्रावधान।<br>2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर(कार्य)–प्रथम/सुलतानपुर के खंड में समपार और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत और सुलतानपुर से उतरेटियॉ (छोड़कर) तक पुलों की मरम्मत का प्रावधान।<br>3. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर(कार्य)–द्वितीय/सुलतानपुर के खंड में समपार और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत और जफराबाद (छोड़कर) से सुलतानपुर (छोड़कर) और अयोध्या (अयोध्या छोड़कर) से पीपरपुर तक पुलों की मरम्मत का प्रावधान।<br>4. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर(कार्य)–द्वितीय/सुलतानपुर के खंड में समपार और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत और जफराबाद (छोड़कर) से सुलतानपुर (छोड़कर) और अयोध्या (अयोध्या छोड़कर) से पीपरपुर तक पुलों की मरम्मत का प्रावधान। | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹2,79,52,059.04<br>3. ₹2,78,67,249.52 | 2. ₹1,49,90,081.67<br>4. ₹1,49,83,328.41 |
| धरोहर राशि | 1. ₹2,89,800/-<br>3. ₹2,89,300/- | 2. ₹2,25,000/-<br>4. ₹2,24,900/- |
| कार्य समापन की अवधि | क्र.सं. 1 से 4 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 17.09.2025 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.10.2025 को 15:00 बजे | |

नोट: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2743/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पहली बार बीपीए की छात्रा स्वार्णिमा वर्मा को मिलेगा मां उमा प्रभाकर अवॉर्ड

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय का 15 वां दीक्षांत समारोह 10 सितंबर को कलामंडप में मनाया जाएगा । 17 विद्यार्थियों को कुल 40 पदक दिए जाएंगे जिसमें 25 स्वर्ण, सात रजत व आठ कांस्य पदक होंगे। प्रोफ़ेसर मांडवी ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में दो नए मेडल शामिल किए गये हैं । इसमें मां उमा प्रभाकर अवॉर्ड पहली बार बीपीए, गायन की छात्रा स्वार्णिमा वर्मा को दिया जाएगा। इसे भातखण्डे विवि पूर्व शिक्षिका व भातखण्डे एल्युमनी एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ सीमा भारद्वाज ने अपनी पूज्यनीय माता जी के नाम स्पॉन्सर किया है। दूसरा एमडीए (नाट्यकला) के छात्र देवांश प्रसाद को पहला पद्मश्री प्रोफ़ेसर राज विसारिया स्वर्ण पदक मिलेगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार रूस बनेगा पार्टनर कंट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को यूपीआईटीएस 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितंबर तक चलेगा।

इससे पहले 2024 में भी योगी सरकार की पहल पर वियतनाम को बतौर पार्टनर कंट्री यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित किया गया था। इस दौरान भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम-इंडिया फोरम और यूपी-वियतनाम टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। 27 मई 2025 को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा, रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज़ से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है। इसके जवाब में रूस की ओर से आमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में रूस की स्वीकृति पत्र भी प्रदेश सरकार को मिल चुका है। रूस की ओर से आने वाले डेलिगेशन में बैंकिंग, ऊर्जा, स्किलिंग, शिक्षा और आईटी/आईटीईएस सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। वे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्तर के अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही रूस का 9 सदस्यीय सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देगा, जिससे ट्रेड शो में भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्ज़ा मिलेगी।

## उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा व्यावसायिक व कौशल प्रशिक्षण नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है जिसका नतीजा है कि घनी आबादी वाले इस राज्य में व्यावसायिक व कौशल प्रशिक्षण नेटवर्क तेजी से अपने पांव पसार रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है और सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाए। ल्लहर हाथ को हुनर और हर युवा को रोजगारङ्क इसी दृष्टिकोण के तहत प्रदेश में कई कौशल विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं। केंद्र सरकार ने 2015 में राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमिता नीति लागू की थी। योगी सरकार ने इस नीति को जमीनी स्तर तक ले जाकर प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का कार्य किया है। प्रदेश के सभी जिलों में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, जन शिक्षण संस्थान और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जैसे कार्यक्रम युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार की राह पर अग्रसर कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा छह से ही व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करने की पहल को उत्तर प्रदेश में तेजी से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है छात्रों को केवल डिग्री नहीं बल्कि रोजगार योग्य शिक्षा और हुनर मिलना चाहिए। इसी सोच के तहत स्कूलों और कॉलेजों में व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार योगी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए है जिसमें आईटीआई व पॉलिटेक्निक: इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान विषयों में व्यावहारिक प्रशिक्षण, ग्रामीण युवाओं को 250 से अधिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण और रोजगार, गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों और महिलाओं के लिए प्रशिक्षण, एमएसएमई इकाइयों में युवाओं को शिक्षुता और वजीफ़े की सुविधा,अशिक्षित और कम शिक्षित वर्गों के लिए प्रशिक्षण आदि शामिल हैं। योगी का मानना है कि कौशल विकास न केवल नौकरी के अवसर बढ़ाता है बल्कि स्वरोजगार की राह भी खोलता है। पर्यटन, आईटी, बैंकिंग, रिटेल और पारंपरिक शिल्प जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी कम करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को तेज गति से लागू किया जा रहा है।

# साहित्य सृजन संस्थान ने बच्चों को वितरित की नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें

**कार्यक्रम में जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसवां, सुरेंद्र जी की उपस्थित रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां, सीतापुर। शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक सरोकारों को समर्पित अ. भा. संस्था 'साहित्य सृजन संस्थान' द्वारा क्षेत्र बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए बिसवां में निकट पशु चिकित्सालय, तहसील रोड पर स्थापित 'सृजन पुस्तकालय' में ( हाई स्कूल इंटर के छात्र छात्राओं को) निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसवां, जिला प्रचारक सुरेंद्र जी उपस्थित रहे। संस्थान द्वारा उन्हें स्मृतिचिह्न एवं साहित्यिक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि की मौजूदगी में ग्राम ईसबापुर , पोस्ट गुरेरा निवासी, मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा दस के छात्र प्रमोद कुमार को उनकी पाठ्यक्रम की पुस्तकें, स्टेशनरी और स्कूल बैग, स्वर्गीय रीता देवी की पुण्यस्मृति में उनके सुपुत्र शिवांशु पांडे रोहित के सौजन्य से प्रदान किया गया। इसी क्रम में कुछ अन्य बच्चों को भी उनकी स्कूल किट वितरित की गई।इस अवसर पर सुरेंद्र जी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में पुस्तकालय, छात्र, छात्राओं की शैक्षणिक और बौद्धिक यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुस्तकालय केवल पुस्तक भंडार ही नहीं हैं वरन वे सीखने, शोध और आलोचनात्मक चिंतन के केंद्र के रूप में भी कार्य करते हैं। सृजन पुस्तकालय का यह प्रयास सराहनीय है। हमारी शुभकामनाएं और भरपूर सहयोग संस्थान को सदैव सुलभ रहेगा।संस्थान के संस्थापक/अध्यक्ष साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष क्षेत्र के मेधावी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बुक किट उपलब्ध कराई जाती है। ये बच्चे अपनी मेधा के बल पर सफलता अर्जित करके बिसवां का नाम पूरी दुनिया में जब रोशन करेंगे तो हमारे संस्थान का संकल्प सार्थक हो जाएगा।कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि जिला प्रमुख ऋतुराज सिंह, दीपक शुक्ला, मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक प्रतिनिधि, एसजेडी कॉलेज, अंग्रेजी प्रवक्ता मोहम्मद मकसूद, वरिंदर सिंह रिंकल, तुलसीराम अग्रवाल, पंकज खेतान, गंगा स्वरूप मिश्र, रोहित मिश्र, विशाल गुप्ता, विवेक अवस्थी, अनूप सेठ, गोलू शुक्ला, मनोज गुप्त एडवोकेट एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि पुस्तकालय में विभिन्न भाषाओं की साहित्यिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, दार्शनिक पुस्तकों के साथ-साथ पर्याप्त कंपटीशन बुक्स की व्यवस्था है। प्रतिवर्ष विभिन्न महाविद्यालयों के अन्यान्य शोध छात्र छात्राएं पुस्तकालय द्वारा उपलब्ध पुस्तकों से अपने लघु शोध प्रबंध तैयार करते हैं।सृजन पुस्तकालय द्वारा समय-समय पर बच्चों को विभिन्न स्कूल, कोचिंग सेंटर में एडमिशन एवं छूट का सहयोग दिलाया जाता है और छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशनल क्लासेस एवं करियर काउंसलिंग के प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। अब पुस्तकालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण की भी व्यवस्था संचालित हो गई है।

# सकरन की स्वच्छ छवि ख़राब कर रहे रेउसा के अधिकारी

**मनगढंत कहानी से सच्चाई पर पर्दा डाल रहे ग्राम प्रधान बरी, सकरन के गौशाला संचालक प्रधानों ने सुनाई खरी-खरी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर । क्षेत्र रेउसा की ग्राम पंचायत बरी स्थित गौशाला के नजदीक जंगल में दर्जनों गौवंशों की अस्थियों व कंकालों की वायरल हो रही वीडिओ उपरांत बजरंग दल कार्यकर्ता द्वारा शिकायत किए जाने के बाद भी मामले की लीपापोती करते हुए जिम्मेदारों के द्वारा उक्त कंकालों का क्षेत्र सकरन की गौशालाओं का कहकर पल्ला झाड़ना कितना न्याय संगत प्रतीत हो रहा जिसकी सूचना से क्षेत्र रेउसा से सटी सकरन की कलिमापुर, देवतापुर व किरतापुर गौशालाओं के संचालक ग्राम प्रधानों में भारी रोष व्याप्त है, आक्रोषित सकरन ग्राम प्रधानों व गौ प्रेमी आमजन ने सीधे सीधे ग्राम प्रधान बरी पर आरोप लगाते हुए बताया कि अपनी कमी छुपाने के लिए संचालक गौशाला बरी आरोप तो लगा रहे पर गौशाला में उपस्थित जीवित गौवंशों व रजिस्टर पर अंकित गौ वंशों का आंकड़ा भी सार्वजनिक कर देते तो स्थानीय शासन व प्रशासन कि हकीकत खुल जाती।वायरल हुए वीडिओज पर यकीन न करने वाले जिलेस्तर पर बैठे उच्चाधिकारी यदि जमीनी हकीकत का एक बार भी स्थलीय अवलोकन कर लेते तो ये सम्भावना अवश्य होती कि जो बीत गया सो बीत गया पर भविष्य में तो ऐसी विभीषिका न पड़ती लेकिन योगी सरकार के आदेशों की अवमानना करने वाले जिम्मेदारों द्वारा अभी तक बरी गौशाला का भ्रमण न करना विषय पर कोई स्पष्टीकरण न देना भी बड़े सवाल खड़े कर रहा जो गांजर की धरती को गौविहीन करने के लिए एक सम्पूर्ण प्रयास समझा जा सकता।

# सिसेंडी पंचायत में मनरेगा घोटाला! हाजिरी में लगाई जा रही महिलाओं की फर्जी उपस्थिति



**शिकायतों के बावजूद अधिकारी बने मूकदर्शक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सिसेंडी में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से सरकारी धन को हड़पने का खेल खुलेआम चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी सबकुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे बैठे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में महिलाओं की हाजिरी दर्ज की जा रही है, जबकि पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों में कहीं भी महिलाएं दिखाई नहीं देतीं। सवाल यह उठ रहा है कि क्या पोर्टल की इन तस्वीरों की जांच कभी होती भी है या फिर सब कुछ मिलकर अनदेखा किया जा रहा है।लोगों का कहना है कि सरकारी धन का इस तरह दुरुपयोग गरीब मजदूरों के हक पर डाका डालने जैसा है। यदि समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं की गई तो पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार और गहराता जाएगा।ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## आवेदकों का साक्षात्कार 10 सितम्बर को

रायबरेली। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि उप्र शासन के शासनादेश, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उप्र कानपुर द्वारा एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद विशेष हेतु चिन्हित काष्ठ कला (वुड वर्क) उत्पाद से सम्बन्धित सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण क्राफ्ट की बेसिक एवं एडवांस्ड ट्रेनिंग संपादित कराया जाना है। यह योजना मुख्यमंत्री प्राथमिकता बिन्दुओं में से एक है जिसमें प्रशिक्षार्थियों को 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है, जिसके ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई थी। इससे सम्बन्धित आवेदकों का साक्षात्कार शासन द्वारा गठित समिति द्वारा 10 सितम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग ने सभी आवेदकों से कहा है कि अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# सीतापुर के रामकोट में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान

**अभियान के तहत 66 बाइक चालकों का काटा गया चालान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतपुर। उत्तर प्रदेश में नो हेलमेट, नो फ्यूलश अभियान के तहत परिवहन विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में, मंगलवार को सीतापुर के रामकोट क्षेत्र में अभियान चलाया गया, एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में चलाये गये अभियान के तहत बाईक चालकों को जागरूक भी किया गया। यह अभियान उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश पर 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करना है। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि रामकोट में जायसवाल फीलिंग स्टेशन समेत अन्य पेट्रोल पम्पो पर लोगो को हेलमेट लगाने के लाभ बताये गये। उन्होने बताया कि अभियान के तहत 66 बाइक सवारों का चालान किया गया। हेलमेट के बिना बाइक चलाना सीधे तौर पर दुर्घटना के समय मौत को दावत देना है यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिये बनाये गये हैं। अभियान के माध्यम से अब तक जनपद में 2569 से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा चुका है। अभियान का लक्ष्य न केवल नियमों का पालन करवाना है, बल्कि लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होने पेट्रोल पंप कर्मियों को भी यातायात नियम की जानकारी देते हुए इसे पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान पीटीओ एम.ए. अहमद भी टीम में शामिल रहे। यातायात के नियमों को आदत में शामिल करना होगा जिससे कि सड़क हादसों में कमी आये। उन्होने कहा कि बाजार से हेलमेट खरीदते समय भी इस बात का ध्यान रखे कि हेलमेट अच्छी कम्पनी का होना चाहिए। यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर केंद्रित है। श्नो हेलमेट, नो फ्यूलश का सख्त नियम लागू होने से पेट्रोल पंपों पर भी बिना हेलमेट वाले चालकों को ईंधन नहीं दिया जा रहा है जिससे लोग यातायात नियमों की महत्ता को समझे।

# किसानों की आवाज़ बुलंद: धौरहरा में भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**किसानों ने बीज, उर्वरक, पानी बिजली की समस्याओं को शीघ्र दूर करने की मांग की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान संघ, अवध प्रांत के बैनर तले आज धौरहरा खंड कार्यालय में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्षेत्र के जागरूक किसानों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें खरीफ सीजन में किसानों को आ रही समस्याओं को उजागर किया गया और उनके समाधान की मांग की गई।ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि क्षेत्र के किसान बीज, उर्वरक, बिजली, पानी और वितरण प्रणाली में आ रही बाधाओं से परेशान हैं। किसानों ने सरकार से यह मांग की कि गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक समय से उपलब्ध कराए जाएं, मिलावटखोरी पर सख्त कार्रवाई हो, और नहरों व सरकारी नलकूपों की मरम्मत करवाई जाए ताकि सिंचाई सुविधाएं बेहतर हों। साथ ही इन दिनों बिजली आपूर्ति की हालत भी बेहद खराब है जिससे किसानों को समय पर बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली नहीं आने से किसानों की फसल की समय से सिचाई भी नहीं हो रही है। जिससे दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी अपील की गई।

ज्ञापन में प्रशासनिक सुधारों की ओर भी इशारा किया गया है, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को किसान-हितैषी प्रशिक्षण देने की बात कही गई है ताकि किसानों को त्वरित और सहानुभूतिपूर्ण सेवाएं मिल सकें। इस जनहितकारी पहल के दौरान क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें रमेश, रानी देवी, गीता देवी, सहेली देवी (प्रधान, चाहमलपुर), पुनित पांडे, दया शंकर पाठक, पियूष श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# न्यायालय के आदेश पर खाली कराए गए चक मार्ग पर दबंगों ने फिर से किया कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम कबिरहा में वर्षों से चले आ रहे सार्वजनिक रास्ते के विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद भी दबंगों ने रास्ते पर पुनः कब्जा कर लिया, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यायालय ने लक्ष्मी देवी, लक्ष्मीकान्त, सन्तोष और नत्थू को आदेशित किया था कि वे कुमार, रामप्रकाश और रामबाबू (पुत्रगण बिन्द्रा प्रसाद) के सार्वजनिक आवागमन वाले मार्ग से अपना अवैध अतिक्रमण एक सप्ताह के भीतर हटा लें। इसके अनुपालन में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने गांव पहुंचकर अवैध कब्जा हटाया।हालांकि, आदेश के कुछ ही दिनों बाद विपक्षियों ने कानून की धज्जियां उड़ाते हुए पुनः रास्ते पर कब्जा कर लिया। पीड़ित रमेश कुमार ने बताया कि विरोधी पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग ऽ जिनमें पप्पू, इंदल, संतोष और पूर्व प्रधान रविन्द्र सिंह (निवासी नगरिया) शामिल थे ऽ हथियारों से लैस होकर आए और जबरन कब्जा कर लिया। उन्होंने रास्ते से गुजरने पर जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद ग्रामवासियों में भय का माहौल है और पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से सुरक्षा और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सशस्त्र सीमा बल ने लगाया पशु चिकित्सा शिविर, बाटी नि:शुल्क दवा



लखीमपुर। 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत राजन कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट के दिशा निर्देशन में आज डॉ. सौरभ सिंघई, पशुचिकित्सा अधिकारी, नीम गांव लखीमपुर खीरी, के सहयोग से 70वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत ''डी''समवाय के इग्ट में निःशुल्क पशुचिकित्सा शिविर (VCA) का आयोजन किया गया है। आयोजित शिविर में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई जिसमें 81 जानवरों का मुफ्त जांच कर निःशुल्क दवा दी गई । डॉ. सौरभ सिंघई, पशुचिकित्सा अधिकारी, ने ग्रामवासियों को जानवरों को बरसात के मौसम में होने वाली बिमारियों से बचाव के उपाय बताए । इस मौके पर वाहिनी से पहुंची पशुचिकित्सा टीम सहित ''डी'' समबाय प्रभारी प्रदीप कुमार सहायक कमांडेंट तथा अधीनस्थ अधिकारी व बलकर्मिक उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर। भारतीय किसान संघ, उत्तर प्रदेश (अवध प्रांत),के बैनर तले धौरहरा लखीमपुर खीरी द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन धौरहरा खंड एडीओ पंचायत को सौंपा। ज्ञापन के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं कि कृषि संबंधी मुद्दों पर ध्यान देना, यह खीरी जिले में खरीफ सीजन में किसानों के सामने आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालता है, जिसमें बीज, उर्वरक, बिजली, पानी और वितरण से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।सुधार की मांगः ज्ञापन में गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक और कृषि रसायनों की समय पर उपलब्धता, मिलावट के खिलाफ कार्रवाई, सरकारी नलकूपों और नहरों की मरम्मत और सिंचाई के लिए दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।बेहतर प्रशासनः इसमें समर्पित और किसान-अनुकूल सेवा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण की भी बात कही गई है।कार्रवाई की अपीलः दस्तावेज़ का समापन मुख्यमंत्री से किसानों के समर्थन हेतु इन बिंदुओं के आधार पर उचित कार्रवाई करने की अपील के साथ किया गया है।

## सात दिवस के अंदर न्यायालय में अपना पक्ष करें प्रस्तुत : एसडीएम

रायबरेली। उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह ने बताया है कि न्यायालय के आदेशानुसार कम्प्यूटरीृत वाद संख्या टी0- 202310580101013 उ0प्र0 राज्य बनाम धीरेन्द्र सिह आदि अन्तर्गत धारा 38(5) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली में प्रतिवादीगण कमशः धीरेन्द्र सिंह पुत्र ध्यान पाल सिंह निवासी ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली, वर्तमान निवासी म0सं0 391/8 इन्दर एन्कलैब फ़ेस-1 किरारी सुलेमान नगर निठारी उत्तर पश्चिम दिल्ली। योगेन्द्र सिंह पुत्र ध्यान पाल निवासी ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली, वर्तमान निवासी म0सं0 391/8 इन्दर एन्कलैब फ़ेस-1 किरारी सुलेमान नगर निठारी उत्तर पश्चिम दिल्ली। दिनेश सिंह पुत्र ध्यान पाल सिंह निवासी ग्राम वैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली, वर्तमान निवासी के0 60 कृष्ण बिहारी सुल्तानपुरी सी ब्लॉक उत्तर पश्चिम दिल्ली। उर्मिला पत्नी स्व0 वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली वर्तमान निवासी 555 का 0-015 शिव बिहार कालोनी मान नगर लखनऊ। रोहित कुमार चौरसिया पुत्र रमेश कुमार चौरसिया निवासी ग्राम कौशलपुरी खरगापुर लखनऊ। माया देवी पत्नी अम्बिका प्रसाद निवासी ग्राम केशर खेडा मजरे चितवनिया पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली। आशा देवी पत्नी चनद्रिका प्रसाद निवासी ग्राम केशर खेड़ा मजरे चितवनिया पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली। महराजदीन पुत्र छेदा लाल निवासी ग्राम वैती परगना कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली अपना पक्ष नोटिस के प्रकाशन से सात दिवस के अन्दर न्यायालय उपजिलाधिकारी महराजगंज में प्रस्तुत करे, यदि उपरोक्त अवधि में उनके द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि उन्हे इस विषय में कुछ नहीं कहना और तदनुसार वाद का निस्तारण गुणदोष के आधार पर कर दिया जायेगा।

# राज्य सूचना आयुक्त ने की जनसूचना के लंबित प्रकरणों व जनशिकायतों की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश श्री पदुम नारायण द्विवेदी का आज जनपद रायबरेली आगमन हुआ। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके उपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग जन सूचना से संबंधित लंबित अपीलों एवं शिकायत प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि आरटीआई के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। विलंब की स्थिति में अर्थदंड एवं विभागीय कार्यवाही की संस्तुति भी की जा सकती है। सूचना आयुक्त ने कहा कि जन सूचना अधिनियम का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाना है। सरकार की भी यही मंशा है कि प्रशासन और आम जनमानस के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो। उन्होंने जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपील अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समय से निस्तारण करें। जिन बिंदुओं पर सूचना नहीं दी जा सकती उसके कारण का भी अवश्य उल्लेख करें। उन्होंने रायबरेली जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ जन सूचना के मामलों का निस्तारण बेहतर ढंग से किया जा रहा है तथा लंबित प्रकरणों की संख्या भी अपेक्षाकृत कम है। बैठक में आरटीआई विशेषज्ञ श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ने जन सूचना अधिकार अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से माननीय राज्य सूचना आयुक्त को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा सहित जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शताब्दी संकल्प 2047 : शिक्षा–कृषि जगत से गूंजे सुझाव

**विकसित उप्र की राह में प्रबुद्धजनों, छात्रों और किसानों ने रखे विचार**

**साझा प्रयास ही बनाएंगे सपनों का उत्तर प्रदेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। 'विकसित उत्तर प्रदेश' के शताब्दी संकल्प 2047 को लेकर सोमवार को जिले में प्रबुद्धजन विशेषज्ञ टीम का संवाद जारी रहा। टीम ने युवराज दत्त महाविद्यालय में छात्रों, शिक्षकों व शिक्षाविदों से सीधी बातचीत की। इसके बाद वि.खं. कुंभी (गोला) स्थित कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में कृषि शिक्षाविदों, शोधार्थियों, कृषि वैज्ञानिकों और किसानों से सुझाव सुने।कार्यक्रम की शुरुआत सीडीओ अभिषेक कुमार, सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत संयुक्त निदेशक यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा और सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव और प्राचार्य, वाईडी कॉलेज डॉ हेमंत पाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीडी कृषि गिरीश चंद्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षा व कृषि जगत से जुड़े प्रबुद्धजनों ने खुले मंच पर रखे विचार

शताब्दी संकल्प अ2047 कार्यशाला में वाईडी कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों, शिक्षाविदों, कृषि शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने खुले मंच पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर शासन से नामित प्रबुद्ध जन विशेषज्ञ टीम के सभी सदस्यों ने क्रमवार सभा को संबोधित किया। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में आयोजित कार्यशाला में चंद्रशेखर आजाद कृषि महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, कृषि वैज्ञानिकों और किसानों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### शिक्षा से लेकर खेती तक, विकास की राह पर नई सोच

इकोनॉमिक्स विभाग के छात्र राज मिश्रा और छात्रा साक्षी श्रीवास्तव ने कहा कि पारंपरिक कोर्स के साथ-साथ टेक्निकल स्किल भी सिखाई जाए। उनका मानना है कि यह कदम युवाओं को रोजगार पाने में बड़ी मदद देगा।किसान त्रिलोचन सिंह ने कहा कि किसानों को छोटी मशीनों और प्लांट से उन्नत किस्म के बीज तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाए। इससे न केवल लागत घटेगी बल्कि उत्पादकता भी कई गुना बढ़ेगी। शताब्दी संकल्प अ2047 कार्यशाला में सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव ने कहा कि ल्विकसित उत्तर प्रदेश का सपना तभी पूरा होगा, जब शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे पर सबके विचार सामने आएँ।

# विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर गोष्ठी का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**आत्म निर्भर भारत–आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश–2047 अभियान के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाए जाना है**

बदायूं। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्म निर्भर भारत-आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाए जाना है। इसके लिए जनपद में विभिन्न क्षेत्रों के चार प्रबुद्धजन व नोडल अधिकारी ने विभिन्न लक्षित समूहों के साथ कार्यशाला का आयोजन कर उनके विचारों को सुना व उनके सुझाव लिए। प्रबुद्धजनों व नोडल अधिकारी आयुक्त जीएसटी नितिन बंसल ने कहा कि आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक लक्षित समूह व आमजन बारकोड स्कैन कर वेबसाइट पर अपने सुझाव दे सकते हैं।

समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लिए शासन स्तर से नामित 04 प्रबुद्धजनों में जनपद बदायूं के पूर्व जिलाधिकारी व पूर्व मंडलायुक्त चित्रकूट मण्डल (सेवानिवृत्त आई0ए0एस0) दिनेश कुमार सिंह, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली की प्रोफ़ेसर संतोष अरोरा, कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 संतोष कुमार विश्वकर्मा व सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता यूपीपीसीएल राजेश कुमार सिंह तथा आयुक्त जीएसटी व जनपद के नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने बताया कि विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। सभी सकारात्मक सोच व दृढ़ विश्वास के साथ इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान सभी उत्तर प्रदेश वासियों का अभियान है और वह

आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक अपने सुझाव बारकोड स्कैन पर वेबसाइट http://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर दे सकते हैं। आयुक्त जीएसटी व जनपद के नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने कहा कि सरकार ने जीएसटी का सरलीकरण कर 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत जीएसटी प्रावधानित किया है जिसका सभी उपस्थित उद्यमियों को व्यापारियों ने स्वागत किया व इसे एक स्वागत योग्य कदम बताया।

उन्होंने बताया कि सिंथेटिक मेंथा पर 18 प्रतिशत व नेचुरल मेंथा पर 5 प्रतिशत जीएसटी का प्रावधान किया गया है जिससे उद्यमियों व व्यापारियों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि जीएसटी के आने के बाद व्यापारियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है तथा जीएसटी संग्रह भी लगभग 5 गुना बढ़ा है। जनपद बदायूं के पूर्व जिलाधिकारी व पूर्व मंडलायुक्त चित्रकूट मंडल दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश ने बहुत तरक्की की है। देश व प्रदेश तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने गंभीरतापूर्वक सभी के सुझावों को सुना व उसको सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि समृद्ध उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिए 12 चिन्हित सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नॉलॉजी सेक्टर, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तीन प्रमुख थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति पर विजन डॉक्यूमेंट 2047 आधारित होगा, जोकि जनभागीदारी के साथ बनाया जाएगा। इसके लिए वर्ष 2019 से 30 तक के लिए लघु अवधि के लक्ष्य तथा वर्ष 2030 से 2047 के लिए मध्यम व दीर्घ अवधि के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर पर बच्चों के जन्म पंजीकरण के लिए तीन एफिडेविट की जगह एक एफिडेविट की व्यवस्था की जा रही है। डीएम ने विभिन्न उद्यमियों, व्यापारियों पंजीकृत श्रमिक संगठनों आदि द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों व सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका उत्तर देकर उनको संतुष्ट किया।

## शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

अनूपशहर। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक एवं शिक्षामित्र का पांच दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण प्रस्तावित होने के तीसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया।मंगलवार को बीआरसी कार्यालय में 1 सितंबर से 09 सितंबर तक 5 शैक्षिक दिवसों में 100 शिक्षक/शिक्षिकाओं / शिक्षामित्र का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ। इस प्रकार अंतिम बैच के माध्यम से शेष अध्यापकों शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण दिया जाना है। तृतीय बैच के प्रशिक्षण के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार द्वारा शिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय में नवाचारों का प्रयोग करते हुए बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न कर शिक्षा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संदर्भ दाताओं में डा. अनिल कुमार ,रोबिन कुमार, सरिता वार्ष्णेय, तुनीश तोमर, विपिन कुमार सिंह रहे। प्रशिक्षण में 100 प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संपन्न कराने में भूपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, ललित कुमार, कमल, प्रियंद्र कुमार , आनंदस्वरुप, सुरेंद्र सिंह, पूजा आदि का योगदान रहा।

## 25 सितम्बर तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न व अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास चीनी का वितरण

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान तथा अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई से सितम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण 10 से 25 सितम्बर 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 14 किग्रा गेहू, 21 किग्रा फोर्टीफाइड चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के मध्य 02 किग्रा गेहूं तथा 03 किग्रा फोर्टीफाइड चावल प्रति यूनिट के हिसाब से नि:शुल्क वितरण कराया जाएगा। उन्होंने अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए की प्रति किग्रा की दर से 54 रुपए में वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी के सम्बंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी वह अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि खाद्यान व चीनी के वितरण, प्रचार-प्रसार, सत्यापन व उठान के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## प्राइवेट अस्पताल में भर्ती युवक की मौत पर हंगामा

**उझानी।** फ्रेफड़ों में संक्रमण की शिकायत पर कस्बे के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराए गए युवक की मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों ने हंगामा कर दिया। दो घंटे तक पसोपेश के बीच पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाई तो परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इन्कार कर दिया। मृतक मेवाराम (48) पुत्र जागनलाल वजीरगंज क्षेत्र के गांव जाहरपुर के निवासी थे। परिजनों ने बेटे पुष्पेंद्र ने बताया कि उन्हें फ्रेफड़ों में संक्रमण था। मेवाराम को इलाज के लिए यहां बिल्सी रोड बाजार में एक प्राइवेट अस्पताल में रविवार सुबह भर्ती कराया गया। सोमवार दोपहर में उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई तो परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉक्टर से बात की। इसके बाद उन्हें इंजेक्शन भी लगाए गए, लेकिन अपराह्न करीब तीन बजे मेवाराम जिंदगी की जंग हार गए। मेवाराम की मौत के बाद बदहवास परिजनों गुस्से में दिखे। उन्होंने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। अस्पताल के कर्मचारियों से नोकझोंक भी हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंचे। दरोगा जगवेंद्र बालियान ने मृतक के परिजनों से जानकारी की। डॉक्टर का भी पक्ष जाना गया। दरोगा बालियान ने बताया कि शव का पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर ली गई, लेकिन मृतक के बेटे ने पोस्टमॉर्टम कराने से मना दिया। इसके बाद परिवार के लोग शव लेकर अपने घर चले गए। इसे लेकर अस्पताल कके सामने काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। डॉक्टर ने इलाज में लापरवाही होने से इन्कार किया है।

## सोशल प्लेटफॉर्म किरदारों ने निकाला भव्य रोड शो

**अनूपशहर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के किरदारों ने अपने फॉलोवर्स की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से नगर में लग्जरी गाड़ियों के ऊपर बैठकर रोड शो निकाला। मंगलवार को नगर के एलडीएवी इंटर कॉलेज से डिबाई तथा डिबाई से अनूपशहर तक दर्जनों लग्जरी गाड़ियों के ऊपर बैठकर डिबाई निवासी सोशल प्लेटफॉर्म किरदार अमन शर्मा उर्फ खचरा, मनु शर्मा, अंकित शर्मा, रोहन राघव ने भव्य रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान सभी किरदारों के गले में फॉलोअर्स द्वारा फूल माला डालकर जगह–जगह स्वागत किया। बड़ी संख्या में युवा उनके चारों ओर चल रहे थे। मुख्य किरदारों की गाड़ी के आगे काले कपड़ों में प्राइवेट बाउंसर भी सुरक्षा में लगे हुए थे। जबकि कोतवाली की पुलिस रोड शो के आगे व्यवस्था देख रही थी। भीड़ को आकर्षित करने के लिए शो के सबसे आगे विशाल डीजे गाना गाता हुआ चल रहा था। मलकपुर रोड पर स्थित गंगा वाटिका पहुंचकर रोड शो का समापन किया गया। रोड शो का मुख्य उद्देश्य फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाना है। अमन शर्मा खचरा के डेढ़ लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। इस संख्या को बढ़ाने के उद्देश्य आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि नियम अनुसार मनु शर्मा के प्रार्थना पत्र पर रोड से निकलने की अनुमति प्रदान की गई थी।

## खाद्य,पेय पदार्थों में मिलावट को लेकर छापेमारी

**संभल।** जिलाधिकारी सम्भल के निर्देशानुसार खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी कार्यवाही हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा आज मंगलवार को इस्लामनगर रोड, बहजोई स्थित मै0 काजल एजेन्सीज, पर छापामार कार्यवाही की गयी। मौके पर *मंगलदीप ब्राण्ड बटर मारग्रीन ब्लैण्ड* खाद्य पदार्थ की 128 पेटी भण्डारित पायी गयीं जिसमें मिलावट का सन्देह होने पर नमूना संग्रहित कर हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। मै0 काजल एजेन्सीज को केवल फैट एवं आयल के विक्रय हेतु खाद्य लाइसेंस प्राप्त था जबकि मौके पर उनके द्वारा विभिन्न प्रकार की दालें] चावल, मैदा आदि विक्रय हेतु भण्डारित पाये गये जो कि नियमविरुद्व है जिनके विक्रय पर *लाइसेंस प्राप्त किए जाने/अग्रिम आदेशों तक तत्काल रोक लगायी गयी।* निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006, नियम व विनियम–2011 के अन्तर्गत वांछनीय अभिलेख यथा–कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस, पेस्ट कण्ट्रोल सर्टिफिकेट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट आदि प्रस्तुत नहीं किये गये तथा साथ ही साफ–सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं पायी गयी जिस हेतु फर्म को धारा–32 के अन्तर्गत नोटिस जारी किया गया है जिसका अनुपालन न करने पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## साडू ने साडू पर किया जानलेवा हमला, धारदार हथियार से कटी नाक

**सम्भल।** यूपी के जनपद सम्भल में नखासा थाना क्षेत्र में दो साडुओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक साडू ने अपने ही साडू पर जानलेवा हमला कर उसकी नाक धारदार हथियार से काट दी,घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई,पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है,जानकारी के अनुसार, नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्तीपुरा इल्हा निवासी नदीम का अपनी पत्नी के चलते अपने साडू अमानत के साथ काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि नदीम की पत्नी के उसके साडू अमानत से अवैध संबंध हैं,इसी बात को लेकर परिवार में आए दिन तनाव की स्थिति बनी रहती थी, देर रात नदीम का साडू उसके पास अपने साथियों के साथ पहुंचा और पहले नदीम को शराब पिलाई,इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी होने लगी,विवाद इतना बढ़ गया कि अमानत ने अपने साथियों रफत व अरशद के साथ मिलकर अमानत ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से नदीम पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, हमले के दौरान अमानत की नाक काट दी गई, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा,घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, हमला होने के बाद पीड़ित थाने पहुंचा वहां तहरीर दी। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों से पूछता जारी है,नदीम ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है,पुलिस ने मेडिकल कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है,थाना प्रभारी नखासा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है,इस सनसनीखेज वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और पुलिस गांव में लगातार गश्त कर रही है।

# 2047 में जनपद व प्रदेश कैसा हो, जनपदवासी 5 अक्टूबर तक दें सुझाव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। समृद्ध उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाने के लिए शासन स्तर से 500 प्रबुद्धजनों का चयन किया गया तथा उन्हें लखनऊ में ही प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रबुद्धजनों द्वारा लक्षित समूह से वार्ताकर उनके सुझाव लिए जा रहे हैं। जन सहभागिता के साथ विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाया जाएगा।

यह जानकारी जनपद के नोडल अधिकारी व आयुक्त जीएसटी नितिन बंसल ने दी। विकास भवन स्थित सभागार में मीडिया से सुझाव लेने के सम्बंध में आयोजित गोष्ठी में नोडल अधिकारी नितिन बंसल ने कहा कि समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कैसा हो, जनपद बदायूं 2047 में कैसा हो, इसके लिए उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि वह बारकोड स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दें।जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि कार्यशाला में मीडिया ने अच्छे सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा की देश व प्रदेश व बदायूं वर्ष 2047 में कैसा हो इसके लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक परिवार से सुझाव प्राप्त हों, वर्ष 2047 में जनपद व प्रदेश कैसा हो व जनपदवासी कैसे जनपद व प्रदेश की परिकल्पना करते हैं, इसके लिए वह अपने सुझाव आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक बारकोड स्कैन पर व े ब स ा इ ट http://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर दे सकते हैं। उन्होंने कहा के अच्छे सुझाव देने वालों को पुरस्कार भी किया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कार्यशाला की मूल भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनपद, उत्तर प्रदेश व देश की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरों पर भी गोष्ठियों का आयोजन कर सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर बारकोड चस्पा किया जाएगा ताकि ग्रामीण भी अपने सुझाव इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए दे सकें।उन्होंने बताया कि प्रबुद्धजनों व नोडल अधिकारी व अन्य अधिकारियों ने लक्षित समूह जैसे उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा के अध्यापक व छात्र-छात्राओं, गैर सरकारी संगठनों(एनजीओ), स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, उद्यमी व व्यापारी, श्रमिक संगठन, इंजीनियरिंग व मेडिकल के अध्यापक व छात्र-छात्राएं, कृषि क्षेत्र से जुड़े कृषक, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि वैज्ञानिक व मीडिया तथा आमजन से सुझाव लिए जा रहे हैं।कार्यशाला के दौरान मीडिया द्वारा ग्रामों में सड़कों का सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण स्तर पर योजनाओं का सही क्रियान्वयन, ग्रामीण स्तर पर छोटे उद्योग खोले जाने, कृषि का उन्नयन व विकास, कृषि विविधीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत व संगीत पर कार्य हो, संगीत अकादमी खोली जाए, शेखूपुर चीनी मिल का विस्तार व क्षमता वृद्धि, नदियों का जीर्णाद्धार आदि विभिन्न सुझाव मीडिया द्वारा दिए गए।

# गुन्नौर में सड़क हादसा: खड़े ट्रक से टकराई बाइक,तीन किशोरों की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। मेरठ बदायूं राजमार्ग पर सोमवार देर रात गुन्नौर कोतवाली से कुछ दूरी पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कस्बे के बदायूं रोड पुलिया के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। हादसे में तीन किशोरों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस व अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार तीनों किशोर गुन्नौर कस्बे के नेहरू चौक स्थित किसी होटल पर काम करते थे। सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे काम खत्म कर वे एक ही बाइक से किराए के कमरे की ओर लौट रहे थे। अंधेरे के कारण उन्हें सड़क किनारे खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया और बाइक सीधा उससे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक रेहान (18) पुत्र अल्लानूर निवासी रजपुरा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथ बैठे अरमान (16) पुत्र कल्लू और हसनैन (16) पुत्र हाशिम, दोनों निवासी नदायल थाना सहसवान (बदायूं), गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजहर अली ने सभी को मृत घोषित कर दिया। बताया गया ट्रक चालक अनिल विद्युत पोल लेकर सिकंदराबाद से बरेली जा रहा था। रात में उसने ट्रक को हाईवे किनारे एक चाय की टपरी के पास खड़ा कर दिया था। उसी दौरान बाइक सवार किशोर उससे जा भिड़े। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी और कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान मौके पर पहुंचे। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मंगलवार सुबह अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। तीनों किशोरों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रजपुरा और नदायल गांव में गमगीन माहौल है

# राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर ने जीते चार मेडल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**डीएलएफ पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में छठी राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता इंडिविजुअल का हुआ आयोजन**

अनूपशहर। जेपी विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने गाजियाबाद में आयोजित छठीछठी राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में 4 गोल्ड मेडल एवं दो सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया।

डीएलएफ पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में छठी राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता इंडिविजुअल का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता योगासन भारत एवं उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश भर से आए लगभग 300 प्रतिभागियों ने अलग-अलग जिलों से प्रतिभाग किया। अनूपशहर के जेपी विद्या मंदिर के 4 विद्यार्थियों धनंजय प्रताप सिंह 1 गोल्ड 1 सिल्वर, भावांश गौड़ 1 गोल्ड, प्रज्ञा शर्मा 1 गोल्ड, गौरांशी कौशिक 1 गोल्ड, एवं कोच अंकित कुमार सुराण 1 सिल्वर के साथ कुल 6 मेडल प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी रोहित कौशिक ने बताया कि अब यह सभी प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने सभी 4 गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों एवं कोच अंकित कुमार सुराण को सिल्वर मेडल लाने पर बधाई दी।विद्यालय के सभी अध्यापक एवं कर्मचारियों में इस बड़ी उपलब्धि से खुशी का माहौल है।

# आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 10 से 25 सितम्बर तक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है।**

संभल। आयुक्त खाद्य तथा रसद् विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 4111 दिनांक 04.09.2025 के द्वारा अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण कराये जाने हेतु दिनांक 10.09.2025 से 25.09.2025 तक वितरण तिथि निर्धारित की गयी है।

उक्त के क्रम में माह सितम्बर 2025 में उक्त निर्धारित वितरण तिथियों में अन्त्योदय कार्ड पर प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रू0 18/-प्रति किग्रा0 की दर से रू0 54/- में तथा पात्र गृहस्थी कार्डो से सम्बद्ध प्रत्येक राशन कार्डधारकों/लाभार्थियों को 02 किग्रा गेहूँ एवं 03 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किग्रा0) प्रति यूनिट खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण नियमानुसार कराया जाना है।

खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत गेहूँ एवं चावल के वितरण की अन्तिम तिथि 25.09.2025 है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण सम्पन्न किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को यीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नही होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेगें। उक्त के अतिरिक्त जनपद सम्भल के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों से यह अपील की जाती है कि जिन लाभार्थियों द्वारा अपनी ई-केवाईसी नहीं करायी गयी है, वह निकटवर्ती उचित दर दुकान पर जाकर अपनी ई-केवाईसी अवश्य कराने का कष्ट करें।

## सरेराह दो युवतियों से की छेड़खानी

बदायूं। सिविल लाइंस थाने में आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों युवतियों ने उस पर रास्ते में रोककर छेड़खानी करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। बदायूं में प्रशिक्षण के बाद कर घर लौट रहीं दो युवतियों को युवक ने रास्ते में रोककर उनसे छेड़खानी शुरू कर दी। युवतियों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी तो आरोपी भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है उझानी व बिल्सी क्षेत्र की रहने वाली दो युवतियां एक प्राथमिक विद्यालय में प्रशिक्षण ले रहीं हैं।

# डीएम ने की आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2026 को लेकर बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल,बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01-01-2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर ) कार्यक्रम से पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत सम्प्रति चल रहे कार्यों एवं आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन - 2026 के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत इस विषय के साथ , सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेविल एजेंट्स( बीएलए) की विधानसभा, क्षेत्रवार, एवं बूथवार नियुक्ति, बरेली मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों की तैयारी तथा आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025-26 के कार्यों के संबंध में सक्रिय समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/ राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया। ???? जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर अपना बीएलए नियुक्त कर लें। ताकि वोटर लिस्ट की पारदर्शिता बनी रहे।बीएलए फॉर्म एक एवं दो पर भी चर्चा की गयी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बरेली- मुरादाबाद खण्ड शिक्षक चुनाव में 6 मतदेय स्थल बनेंगे जिनमें असमोली, सम्भल, चंदौसी,बहजोई, रजपुरा, गुन्नौर, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर नीतू रानी, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा,जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी असगर अली अंसारी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस मौ. आरिफ, नगर अध्यक्ष भाजपा ललित मोहन, जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी राम बहादुर,एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पति जेठ व सास के खिलाफ मारपीट कर प्रताड़ना का आरोप

गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र के एक गाव की एक युवती ने स्थानिय थाना क्षेत्र के एक गाव के पति समेत जेठ व सास के खिलाफ मार पिट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। तहरीर के आधार पर बेलिपार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छान बिन मे जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक बेलिपार के भस्मा निवासी एक युवती अपने घर से भागकर वर्ष 2018 में बेलिपार के जंगल अखलाश कुवँर निवासी संजीव सिंह उर्फ अंकित पुत्र स्व सुनील सिंह से गोरखपुर जनपद के शीतला माता के मन्दिर मे शादी रचा ली। प्रेम विवाह होने के साथ साथ विजातीय रिश्ता होने के कारण पति संजीव सिंह एवं उनकी माँ पुष्पा सिंह तथा जेठ सचिन सिंह के द्वारा प्रताड़ित किए जाने लगा।इस दौरान शादी के बाद से युवती इन लोगों के प्रताड़ना को सहती रही। बीते एक सितंबर को पति और सास मिलकर मोबाइल तोड़ दिए विरोध करने पर पति अपने भाई व मां के साथ मिलकर तीनों मार पीट कर गाली गुप्ता देते हुये हत्या कर शव को नदी में फेंकने की धमकी देने लगे। इस प्रताडना से तंग आकर बीते दो सितंबर को वह घर से अपने मायके किसी तरह जान बचाकर आई और अपने परिजनों से मामले को अवगत कराते हुए ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही बेलीपार पुलिस नें पति, सांस और भसूर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छान बीन में जुटी है।इस सम्बन्ध में बेलीपार थाना प्रभारी विशाल कुमार सिंह नें बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच चल रही है।

# विनोद राय व प्रमोद उपाध्याय का रेलवे कर्मचारियों ने किया भव्य स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के लेखा मंडल कार्यालय पर महामंत्री विनोद राय को सहायक महामंत्री एनएफआईआर और कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर प्रमोद उपाध्याय को बनाए जाने पर लखा मंडल के पदाधिकारी और कर्मचारियों ने भव्य स्वागत किया वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन मिश्रा के नेतृत्वमें डिवीजन सेक्रेटरी लेखा शमशाद अहमद जी ने संचालन किया और नवीन मिश्रा जी ने अपने स्वागत समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि फ़ेडरेशन में पद मिलने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे के समस्याओं का निधन बोर्ड स्तर से भी कराया जाने में बल मिलेगा विनोद राय सभी कर्मचारियों के लिए रात दिन मेहनत करते हैं किसी समय कोई आवाज देता है तो तुरंत पहुंचने का काम करते हैं इसलिए लिखा मंडल ने आज भारी संख्या में स्वागत किया है वहीं कोऑपरेटिव



बैंक के लखा मंडल के पदाधिकारी प्रमोद उपाध्याय को डायरेक्टर बनाए जाने पर लेखा मंडल द्वारा स्वागत किया गया स्वागत समारोह मे वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन मिश्रा लखा मंडल सेक्रेटरी शमशाद भाई वरिष्ठ पदाधिकारी के यम मिश्रा दीपक चौधरी राजकुमार यादव फिरोजुल हक प्रमोद उपाध्याय राजू जायसवाल महेंद्र यादव अनुराग मिश्रा बदरुद्दीन विशाल मौर्य व्यापी गुप्ता लियाकत अली सुभाष चंद्र अखिलानंद त्रिपाठी विज्ञान सिंह अंबिकेश्वर ओझा आदर्श सिंह हरिराम चौरसिया समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदार ने बाबा और पोती को पीटा, घायल

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झकही निवासी जीतनरायन सिंह पुत्र स्व अवधेश चन्द सिंह की तहरीर पर पुलिस ने विजय बहादुर सिंह पुत्र स्व भभूती सिंह, सचिन सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह, ममता सिंह पुत्री विजय बहादुर सिंह , रमावती सिंह पत्नी विजय बहादुर सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झकही निवासी जीतनरायन सिंह पुत्र स्व अवधेश सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते दो सितंबर को शाम पांच बजे के करीब हमारे पट्टीदार विजय बहादुर सिंह, पुत्र सचिन सिंह, पुत्री ममता सिंह, और पत्नी रमावती सिंह मिलकर मुझे जीतनरायन सिंह और पोती राजनंदिनी सिंह पुत्री देवब्रत सिंह को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा ईंट पत्थर से मारपीट कर घायल कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि जीतनरायन सिंह की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# गुरुनानक पुलिस चौकी के नाक के नीचे चल रहा अवैध टैक्सी स्टैंड,राजस्व का नुकसान

**बस अड्डे पर अवैध टैक्सी चालकों के खड़े रहने से यूपी रोडवेज को राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। जिले में गुरु नानक पुलिस की नाक के नीचे अवैध टैक्सी चल रही है।बस अड्डे पर अवै ध टैक्सी चालकों के खड़े रहने से यूपी रोडवेज को राजस्व का भारी नुकसान तो उठाना पड़ता है,वहीं सवारियों को भी बस पकड़ने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

बस अड्डे से स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं के आलावा रोजाना सैकड़ों लोग अयोध्या ,फैजाबाद, लखनऊ, बहराइच, कानपुर के लिए बस पकड़ते है,हर समय सड़क पर बस अड्डे पर अवैध टैक्सी चालक के कब्ज़ा जमाने से बसे दो सौ मीटर आगे या पीछे रूकती है जिससे सवारियों को बस में चढ़ने के लिए आगे-पीछे दौड़ लगानी पड़ती है।कई बार तो ब स चालक सड़क के बीच में ही रोक कर सवा रियां उतारते और चढ़ते है जिससे कई बार स वारियां चोटिल भी हो चुकी हैं।



रोडवेज बस के नजदीक दर्जनों से अधिक प्राइवेट बसें और क रीब सैकड़ो से अधिक अवैध टैक्सियां चल रही हैं,बस चालक गुरु नानक पुलिस चौकी के बग ल रोडवेज बसों के आगे पुलिस और दबंगई के बल पर सड़क पर बसे खड़ी करके फैजाबाद और बलरामपुर के लिए सवारियां उठाते हैं, जिससे यहां सरकार के राजस्व का नुकसान होता है और सड़क पर भारी जाम लग जाता है और जनता जाम के झाम से परेशान हो जाती है।व ही डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं ,चौराहों और पुलिस चौकी के पास भी इनका कब्जा है।भले ही मुख्यमंत्री अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए सख्त हों,लेकिन जिले में असर नहीं दिखता है। अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्थाएं फैल रही हैं।आए दिन विवाद होते हैं,लेकिन जिम्मेदार बेखबर बने हुए है गुरुनान क पुलिस चौकी के बगल डग्गामार बेधड़क स वारियां भरते हैं।पुलिस इनको नहीं रोकती है।यहां पर भी बड़ी संख्या में बसे और आर्टिगाखड़ी की जाती हैं,जो लखनऊ,फैजाबाद के लि ए सवारियां ले जाती हैं।यही नहीं शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं।धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान न हीं दे रहे हैं,जो एक बड़ी लापरवाही है।परिवहन विभाग के अफसर तो अंजान हैं ही,पुलिस और नगर पालिका के अफसर भी आंख बंद किए बै ठे हैं।

गुरुनानक पुलिस चौकी के पास सड़क पर अवैध टैक्सी स्टैंड को लेकर पीटीओ (परिवर्तनदल)मोहम्मद आरिफ खान से जानकारी लीं गईंतो पीटीओ मोहम्मद आरिफ खान का कहना है कि तीन-चार महीने रिटायरमेंट का अब बचा है किसी तरह समय कट जाए।अवैध टैक्सियों पर लगाम लगाकर कौन नेताओं और अधिकारिओकी नाराजगी मोल ले...?

# मुख्यमंत्री के घोषणा का शिक्षामित्रों ने किया स्वागत

**शिक्षा मित्रों ने क्षेत्रीय विधायक के प्रति जताया आभार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने तथा प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों, स्ववित्त पोषित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तथा रसोइयों को कैशलेस उपचार का लाभ देने की घोषणा करने की खुशी में क्षेत्र के शिक्षामित्रों द्वारा क्षेत्रीय विधायक महेन्द्रपाल सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत से अभिभूत विधायक पिपराइच महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सबका साथ , सबका विकास में विश्वास रखते है । शिक्षामित्रों ने कहा यह निर्णय माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज की दूरदर्शी सोच



और शिक्षामित्रों के हितों के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। जनपद गोरखपुर के शिक्षामित्रों ने सभी शिक्षामित्र भाइयों-बहनों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूँ। शिक्षामित्र हमारे समाज और बच्चों के भविष्य की नींव हैं, इनके हितों की रक्षा और सम्मान सरकार की प्राथमिकता है।इस अवसर पर विकास खण्ड भटहट के प्रधान संघ अध्यक्ष श्री रणजीत सिंह, दिलीप सिंह, अफजाल समानी, अंजनी पासवान, परीक्षित उपाध्याय, अशोक चंद्रा,बृजेन्द्र यादव,नरेंद्र कुमार,सविता गुप्ता, वीनू यादव, हरिन्द्र, संतोष, रामानन्द रख, नरसिंह कुमार, अखिलेश्वर सिंह समेत अन्य कई वरिष्ठ जन उपस्थित थे ।

# वाहनों की फिटनेस के नाम पर हो रहा खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ । जनपद में जिस भी मार्ग पर नजर दौड़ाई जाए उस पर एक दो नहीं दर्जनों वाहन ऐसे दौड़ते नजर आएंगे जो जर्जर हो चुके हैं।इन वाहनों पर सवारियां भी ढोई जा रही हैं,जिससे किसी भी दिन सड़क हादसा हो सकता है।इन वाहनों की फिटनेस कागजों में तो दुरुस्त रहती है,लेकिन हकीकत में वह बदहाल हो चुके हैं। विभागीय जिम्मेदार सब कुछ जानकर भी आं खे मूंदे हुए हैं।इससे विभाग को राजस्व का नुक सान तो रहा है,इन वाहनों पर यात्रा करने वाले का जीवन संकट में पड़ता है।परिवहन विभाग के नियमानुसार प्रत्येक वाहन की आयु सीमा निर्धारित है।उसके बाद उसको निष्प्रयोज्य घो षित कर दिया जाता है।अगर वाहन चलने लाय क है तो उसका नवीन पंजीकरण किया जाता है,तभी वह सड़क पर चल सकता है।एआरटी ओ कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार जिले में



लगभग लाखो से अधिक वाहनों का पंजीकरण है।इनमें स्कूटर, बाइक, कार,जीप व बोलेरो,बस ट्रैक्टर, ट्रक, छोटे ट्रक,मैक्सी वाहन और थ्री व्ही लर आदि पंजीकृत हैं।इन वाहनों का निर्धारित समय पर फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया जा ता है।इसके लिए वाहन स्वामी को कार्यालय पर वाहन को लेकर आना होता है,जहां पर तक नीकी स्टाफ वाहन की जांच करता है और उस के सही होने पर प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।विभागीय सूत्रों की मानें तो फिटनेस प्रक्रिया वैसे तो बहुत आसान है,लेकिन कार्यालय लिपि कों की मिलीभगत से फिटनेस प्रमाण पत्र बगैर वाहन के आए ही जारी कर दिया जाता है।चाहे वाहन जितना कंडम हो अगर विभागीय लिपि क से संपर्क किया जाए तो वाहन फिटनेस प्रमा ण पत्र घर तक जाता है।इस खेल में सभी शामि ल हैं,मगर कोई भी कार्यवाही करने की पहल न हीं कर रहा है।

## सिर्फ कागजों पर ही सिलेंडर होते ट्रक

विभागीय नियमानुसार चार माह के लिए ट्रकों को बंद कर दिया जाता है उन ट्रकों को विभाग के अधिकार में रखना चाहिए,लेकिन विभाग में सिर्फ ट्रक के कागज पहुंचा दिए जाते हैं।इसके बाद विभाग की ओर से सादे कागज एक पत्र जारी कर दिया जाता है,जिसके आधार पर ट्रक सड़क पर दौड़ते रहते हैं,जिससे विभाग को टै क्स का नुकसान होता है।

# सेना ने व्यक्त की कृतज्ञता भेजा उपहार व पत्र



गोण्ड। गत माह रक्षाबंधन के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट दर्जीकुआ के प्रवक्ता अमित कुमार मिश्र के द्वारा संस्थान की प्रशिक्षुओ को प्रेरित करके गत माह अगस्त में संस्थान में राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में निर्मित रखियों एवं प्रशिक्षुओ के द्वारा सेना के जवानो के नाम लिखें गए बधाई पत्र को स्पीड पोस्ट द्वारा डायट प्राचार्य रामसागर पति त्रिपाठी के माध्यम से देश की सेवा करने वाले सेना के जवानो को प्रेषित किया गया फ्लस्वरूप मंगल वार को संस्थान के प्राचार्य के नाम आर्मी के मेजर जनरल इंचार्ज प्रशासन नवनीत नारायण के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन पत्र एवं वायु कमान अधिकारी एयर कमांडर प्रशांत कुमार नरेंद्र द्वारा कृतज्ञता पत्र के साथ भेजा गया उपहार प्राप्त हुआ।

# सिनेमा जगत के मेहनतकशों के हक़ में सर्वेश पाठक की बड़ी पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मुंबई प्रवास के दौरान फिल्म इंडस्ट्री के श्रमिकों के न्यायिक मुद्दों पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में वाइस चेयरमैन ऽ वन, पर्यावरण एवं जलवायु संवर्धन परिषद भारत एवं राष्ट्रीय महासचिव (भा.ज.पा. प्रणित) सर्वेश पाठक ने भाग लिया।

इस अवसर पर वे फिल्म जगत के श्रमिकों के अधिकारों और न्या यिक संघर्ष के साक्षी बने।बैठक की अध्यक्षता फ़ेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (क्ष्ङत्र्क्ष्ण्) के अध्यक्ष बी.एन. तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि फिल्म जगत में श्रमिक महीनों तक कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन कई बार फि ल्मी कलाकारों और निर्माताओं द्वारा उन्हें सम य पर मजदूरी नहीं दी जाती।श्रमिक संगठनों ने इस आवाज़ को बार-बार संबंधित अधिकारियों और मंत्रालयों तक पहुँचाया है,लेकिन अब भी इसका ठोस समाधान अपेक्षित है।उन्होंने अपे क्षा जताई कि सर्वेश पाठक इस विषय को प्रधा नमंत्री,राष्ट्रपति और केंद्रीय श्रम मंत्री तक पहुँ चाकर न्याय दिलाने का कार्य करेंगे।बैठक में सुशील दुबे (अध्यक्ष,श्रमिक संगठन) ने श्रमिकों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए बताया कि मजदूरी के अलावा समय पर भोजन और चिकित्सा सुविधाएँ भी श्रमिकों को उपलब्ध नहीं हो रही हैं।इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट के वरि ष्ठ अधिवक्ता डी.के.पाठक ने कहा कि सर्वेश पाठक




केंद्रीय नेतृत्व से वार्ता कर जल्द समाधा न सुनिश्चित करेंगे और इसका सकारात्मक अ सर जल्द देखने को मि ल ग ा । मु ख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सर्वेश पाठक ने कहा कि श्रमिक हमारी जान हैं। हम उनके साथ अन्याय किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मेरे पास जो भी मुद्दे संयुक्त संग ठनों द्वारा लाए जाएंगे,मैं पूरे तन्मयता और प्रति बद्धता के साथ श्रमिकों के उत्थान के लिए का र्य करूंगा।मेरे सभी प्रयास श्रमिकों के हित में ही होंगे।बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव नवीन पांडे,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद कुरेशी, वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार गुरुस्वामी तथा सेंसर बोर्ड के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान पहचान पत्र के नाम पर धोखाधड़ी से रहें सतर्क कृषक: उप कृषि निदेशक

**किसानों का ई-खसरा पड़ताल एवं किसान रजिस्ट्रेशन (फार्मर आईडी) बनाए जाने का कार्य कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं कॉमन सर्विस सेंटर की सक्रिय भागीदारी से संचालित किया जा रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसानों का ई-खसरा पड़ताल एवं किसान रजिस्ट्रेशन (फार्मर आईडी) बनाए जाने का कार्य कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं कॉमन सर्विस सेंटर की सक्रिय भागीदारी से संचालित किया जा रहा है। हाल ही में संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सीएससी/जनसुविधा केन्द्र एवं संबद्ध एजेंसियों द्वारा भौतिक/ऑफलाइन मोड में किसान पहचान पत्र जारी करने की गलत व अवैधानिक गतिविधियाँ की जा रही हैं। इस प्रकार की गतिविधियों का न तो कृषि विभाग से कोई संबंध है और न ही यह योजना का हिस्सा है। उप कृषि निदेशक श्री वर्मा ने बताया कि कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के स्तर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार का भौतिक/ऑफलाइन किसान पहचान पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। केवल ऑनलाइन माध्यम से किसान पंजीकरण का कार्य ही वैध है। श्री वर्मा ने कृषकों से अपेक्षा की है कि ऐसे भ्रामक प्रयासों से सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के पहचान पत्र (फार्मर आईडी) अथवा उसकी फोटो कॉपी को किसी भी संस्था द्वारा वितरित करना या प्रकाशित करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि यदि इस प्रकार का कोई मामला कहीं पर भी सामने आता है तो तत्काल इसकी सूचना अपने जनपद के कृषि विभाग/राजस्व विभाग के अधिकारियों को दें। इसके अतिरिक्त टोल-फ्री नंबर 0522-2317003 पर भी जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत माध्यमों से ही किसान रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण करें और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचें।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 2.45 लाख रुपए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** बेलीपार थाना क्षेत्र के महाबीर छपरा में एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस दौरान ककराखोर निवासी मैनुद्दीन के खाते से 2.45 लाख रुपए निकाल लिए गए। मिली जानकारी के मुताबिक घटना 4 अगस्त की है। मालूम हों की मैनुद्दीन ने अपने भतीजे तौहीद को महबीर छपरा चौराहे स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने लगे एटीएम से पैसे निकालने के लिए भेजा था। जब तौहीद पैसे निकाल रहा था, तब एक युवक उसके पीछे मशीन पर हाथ रखकर खड़ा हो गया। इसी दौरान चार और युवक के एटीएम में घुस आए। पांचो युवकों ने तौहीद को बातों में उलझाया और उसका एटीएम कार्ड साफ करने के बहाने हाथ में लिया और बदल दिया। इस दौरान उचक्को ने पिन नंबर भी नोट कर लिया। इसके बाद वे वहां से चले गए। बाद में उसी एटीएम कार्ड से अलग-अलग जगहों से कुल मिलाकर 2.45 लाख रुपए निकाल लियें। मैनुद्दीन को पैसे निकलने का मैसेज मोबाइल पर आने लगा तब घटना का पता चला। उन्होंने तुरंत बैंक जाकर एटीएम कार्ड को ब्लॉक करवाया और बेलीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# वार्डों में गंदगी का अंबार, जीना हुआ दुश्वार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। एक तरफ जहां केंद्र सरकार की पहल पर जगह-जगह स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक संगठनों और अधिकारियों की ओर से सफाईकार्य किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी सिविल लाइन वार्ड न.एक गली-मोहल्लों और सरकारी कार्यालयों के पास कच रे के ढ़ेर देखने को मिल रहे हैं गोंड़ा नगर पालि का परिषद में साफ-सफाई का बहुत बुरा हाल है।नगर पालिका प्रशासन सफाई के जितने भी दावे कर ले, लेकिन वार्डों मे फैली गंदगी कुछ और ही हकीकत बयां कर रही हैं।नगर पालिका परिषद के सिविल लाइन वार्ड नंबर एक तहसी ल सदर को जाने वाले इंटरलॉकिंग मार्ग के कि नारे कचरे का ढेर लगा हुआ है।जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है।साथ ही गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है।गंदगी एवं क चरे के ढ़ेर को देखकर ऐसा लग रहा है कि स फाई कर्मचारी भूलकर भी कभी इस इलाके में नहीं आते हैं नगरपालिका परिषद केद्वारा नगर की सफाई व्यवस्था पर सलाना लाखों रुपये ख र्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर के गोंड़ा नगर पालिका परिषद में सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है नगर पालिका परिषद केअधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं करने से चारों ओर गंदगी का आलम है।सा थ ही नालियों से कचरा नहीं निकालने से मोह ल्ले में खुलकर सांस लेना भी दुभर हो गया है।कॉलोनी वासियों का कहना है कि वार्ड में गंद गी का अंबार है।सफाई कर्मचारी में कभी कभा र दिखाई देते हैं।वही नगर पालिका परिषद के अधिकांश वार्डों में कचरा डालने के लिए कूड़े दान नहीं होने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ ती है।लोग मजबूर होकर कूड़ा-करकट सड़क के किनारे फेंकते हैं।वार्ड के लोगों ने वार्ड में क च रादान लगवाने के लिए मांग भी करते हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं देता है।



# पीआरकेएस ने प्रमुख मुख्य वित्त सलाहकार का किया स्वागत



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय और सहायक महामंत्री एन.एफ.आई.आर. नई दिल्ली ने वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन मिश्रा के नेतृत्व में प्रमुख मुख्य वित्त सलाहकार अमरजीत गौतम का स्वागत किया और ज्ञापन दिया।महामंत्री विनोद राय ने कहा कि आपने ज्वाइन किया गोरखपुर में आपका स्वागत है और कर्मचारियों की समस्याओं पर आप ध्यान देंगे ताकि कर्मचारी सुविचार रूप से कार्य कर सकें। महामंत्री विनोद राय ने उनको कई बातों से अवगत कराया और उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी नियम संगत कार्य होगा उसका निस्तारण तुरंत किया जाएगा।महामंत्री विनोद राय ने अपने पदाधिकारियों के साथ आश्वासन दिया कि संगठन भी पूरा तरीके से प्रशासन को समय-समय पर अवगत कराते रहेगा समस्या जो भी होगी। उन्होंने भी आश्वासन दिया कि किसी को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन मिश्रा, ब्रांच सेक्रेटरी शमशाद अहमद, के.एम. मिश्रा, दीपक चौधरी, राजकुमार यादव, फिरोजूल भाई, प्रमोद उपाध्याय, राजू जयसवाल, महेंद्र यादव, अनुराग मिश्रा, बदरुद्दीन, विशाल मौर्य समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# जनपद को प्राप्त हुई 48122 बैग कृभको यूरिया उर्वरक

**जनपद के 244 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर भेजी गई उर्वरक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 5825 मैट्रिक टन यूरिया, 5513 मैट्रिक टन डीएपी, 3756 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13016 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फ़ेट उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आलू एवं तोरिया की बुवाई के लिए भी डीएपी एवं एनपीके उर्वरक की रैक मंगा कर उर्वरक का भंडारण कराया जा रहा है। जनपद में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में अब तक 62331 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। गत सोमवार को जिले में 384 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यूरिया वितरण कार्य की सघन निगरानी की जा रही है। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले के उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता पोस मशीन से आधार कार्ड से खेतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड प्रतिदिन प्रतिदिन मेंटेन कर उर्वरक की बिक्री करें ।समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमिता वरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी, या बिना लाइसेंस के उर्वरक बिक्री, यह संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी। कृषकों से अपेक्षा की गई है कि यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध या बिना लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री करता है तो उस दुकानदार के खिलाफ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे शिकायत दर्ज कराये ताकि सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाय।जिला कृषि अधिकारी डॉ. यादव ने बताया कि जिले की सभी समितियों एवं विक्रय केन्द्रों पर पुलिस, राजस्व व कृषि विभाग की देख-रेख में उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। उर्वरक वितरण के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। किसानों को सुझाव दिया गया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। जिले के किसानों को समय पर एवं सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एनआईएक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव/अपर जिला जज श्री शिरोमणि ने बताया है कि 10, 11 एवं 12 सितम्बर 2025 को कोई भी व्यक्ति जिसका आपराधिक वाद लम्बित हो, तो वह सम्बन्धित न्यायालय में समय से आकर प्रार्थना पत्र देकर अपने आपराधिक वाद निस्तारण कराते हुए इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।

# देवरानी ने अपने पिता, भाई, और जीजा के साथ मिलकर जेठानी और सास को पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटया बाजार निवासिनी सखीना खातून पत्नी शाखीर अली की तहरीर पर पुलिस ने देवरानी शीमल खातून पत्नी शमशाद अली, पिता लालजी पुत्र उग्रसेन, भाई सदरेआलम पुत्र लालजी निवासी ग्राम गजरा थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर और जीजा सलमान पुत्र ढोढई निवासी कोठीभार सिसवा जिला महराजगंज के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352,351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटया बाजार निवासिनी सखीना खातून पत्नी शाखीर अली ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 6 सितंबर को शाम तीन बजे के करीब हमारी देवरानी सीमल खातून पत्नी शमशाद अली ने पारिवारिक विवाद को लेकर अपने पिता लालजी, भाई सदरेआलम और जीजा सलमान के साथ मिलकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मुझे सखीना खातून, पति, शाखीर अली और सास दुर्गावती देवी को लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया।

# वृहद रोजगार मेले में 145 छात्रों का चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज टांडा गुलबराय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया रोज़गार मेला, रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक पहल है रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए मंगलवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर,राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया रोजगार पाने के लिए सुबह से ही युवाओं की भीड़ उमड़ रही थी सहभागिता करने वाले 210 अभ्यर्थियों में से 145 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिल गए रोजगार मेले में 15 कंपनियों द्वारा कई रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया इस मौके पर विधायक बाबू राम पासवान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए रोजगार मेला का आयोजन कराया है एक ही छत के नीचे विभिन्न कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर दे रही हैं। अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा इस तरह के आयोजन जिले में प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मलकीत सिंह,जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक शुक्ला,वरिष्ठ सहायक राजेश चंद्र, प्लेसमेंट अधिकारी अजय गुप्ता,ग्राम प्रधान सुआ बोझ बाबूराम उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने जयंती पर बाबा रामलाल को किया याद, दी श्रद्धांजलि

## बाबा रामलाल अवध किसान आंदोलन के थे नायक : अभिषेक सिंह राणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला कंग्रेस कमेटी के प्रांगण में अवध किसान आंदोलन के प्रणेता महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व बाबा रामलाल मिश्र की 157 वीं जयंती श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कंग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि स्व बाबा रामलाल मिश्र आने वाली पीढ़ियों के भी नायक हैं। स्वतंत्रता संग्राम में जिस तरह बाबा रामलाल ने अंग्रेजी हुकूमत का मुकाबला किया वह अतुलनीय रहा, उन्होंने विक्टोरिया मंजिल पर जिस परिस्थिति में तिरंगा फहराया था वह सोचकर हम लोग आज भी रोमांचित होते है। उन्होंने कहा कि बाबा रामलाल का जीवन हमेशा अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए बीता है गांधी, नेहरू, पटेल ने भी किसान आंदोलन में उनके योगदान की सराहना की थी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी ने कहा कि बाबा रामलाल स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रदूत के रूप में सदैव याद किये जाते रहेंगे। शहर अध्यक्ष ने कहा कि स्व बाबा रामलाल की जीवटता सदियों तक प्रासंगिक रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक बाबा रामलाल के प्रपौत्र व पूर्व नपा अध्यक्ष प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं बाबा के परिवार से हूं। वही कार्यक्रम में सम्मिलित सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व कंग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र मुन्नू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत मिश्र, जिला प्रवक्ता सियाराम त्रिपाठी, पी सी सी सदस्य हौसिला प्रसाद भीम, रायबरेली जनपद के कॉर्डिनेटर योगेश प्रताप सिंह, शुभम रावत, मोहम्मद अतीक, युवा कंग्रेस के प्रदेश सचिव मोहित तिवारी, शहबाज खान, पी सी सी सदस्य योगेश पाण्डेय, नन्दलाल मौर्य, इमरान अहमद, महेश मिश्र वैद्य, रियाज अहमद खान, गुंजन मिश्र गोलू अभिषेक सिंह, अनुराग मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधान एवं सचिव ने चलाया सफाई अभियान लगाया स्वास्थ्य कैंप



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिकास खंड की ग्राम पंचायत बूंदीभूड में पंचायत भवन वाले रोड पर साफ-सफाई और पंचायत भवन पर मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में गांव वासियों और उनके पशुओं के लिए निःशुल्क दवाई वितरित की गई।कैंप में गांव वासियों और उनके पशुओं के लिए निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। पंचायत भवन वाले रोड पर साफ-सफाई का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हो सके।ग्राम पंचायत ने गांव वासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का आयोजन किया,जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने में मदद मिल सके। कैंप में पशुओं के लिए भी दवाइयाँ वितरित की गईं,जिससे उनकी सेहत में सुधार हो सके।

## सीएमओ ने सीएचसी का निरीक्षण कर महिला वार्ड में गंदगी देख लगाई फटकार

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंगलवार शाम चार बजे पीलीभीत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला वार्ड का हाल देखा तो वहां फैली गंदगी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने पाया कि मरीजों के साथ आए परिजन बेड पर सो रहे थे, जिस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए फटकार लगाई, सीएमओ ने वार्ड को साफ-सुथरा रखने और मरीजों के साथ आए लोगों को नियमों का पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ब्लॉक रोड सिंह सभा गुरुद्वारा से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री हुई रवाना



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक रोड स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा से मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत सामग्री लेकर वाहन रवाना किए गए। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की देखरेख में एकत्र की गई सामग्री में खाद्यान्न, कपड़े, दवाइयां और जरूरी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल थीं। इस अवसर पर गुरुद्वारा के पदाधिकारियों ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों की मदद करना प्रत्येक इंसान का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि पीलीभीत,लखीमपुर, शाहजहांपुर की संगत ब गटक्रभाईयों के सहयोग से राहत समाग्री एकत्र की गई थी।राहत सामग्री रवाना करते समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गजरौला थाना प्रभारी के खिलाफ भाकियू का आधी रात को हंगामा, भाकियू पदाधिकारी से अभद्रता का आरोप

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के थाना गजरौला में तैनात थाना प्रभारी पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलों के साथ फोन पर अभद्रता करने का आरोप लगा है। इसी को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि लगभग एक बजे थाने का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ अभद्रता असहनीय है। मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई और देर रात तक हंगामा चलता रहा। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही थाना प्रभारी के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

## खिरकिया बरगदिया बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास की मांग, किसान संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया बरगदिया में शारदा नदी कटान से प्रभावित ग्रामीणों की समस्या को लेकर किसान संघर्ष समिति ने मंगलवार दोपहर दो बजे दिए ज्ञापन में बताया कि गांव एवं ध्रुव कॉलोनी के बाढ़ पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान ढक्का चार्ट गांव में बसाया जाए। किसानों का कहना है कि हर वर्ष शारदा नदी कटान के चलते उनकी खेती योग्य भूमि और घर नदी में समा जाते हैं। इससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान के साथ जीवनयापन में भी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समिति ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।

## अभद्र टिप्पणी मामले में राहुल गांधी पर सुनवाई 23 को

सुलतानपुर। गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में केस चल रहा है। मंगलवार को राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने गवाह से जिराह किया। प्रकिया पूरी नहीं होने पर कोर्ट ने 23 सितंबर की तारीख सुनवाई के लिए नियत की है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। मिश्रा का आरोप था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने की गई अभद्र टिप्पणी से वे आहत हुए थे। पांच साल तक कोर्ट में चली कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी की गैरहाजिरी पर दिसंबर 2023 में कोर्ट ने वारंट जारी किया। 20 फरवरी 2024 में राहुल ने कोर्ट में सरेंडर किया और 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर उन्हें जमानत मिली। बीते वर्ष 2024 में 26 जुलाई को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद से लगातार कोर्ट में तारीख पड़ रही है।

## विधायक पर संपति दुरूपयोग का लगाया आरोप, शासन में शिकायत

सुलतानपुर। के.एन.आई.पी.एस.एस के प्रबंधक विनोद सिंह पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संपत्ति के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। धनपतगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह ने पीएम समेत कई जगह मामले की शिकायत की है। कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक के लिए निर्मित आवास में प्रबंधक विनोद सिंह खुद रह रहे हैं। यह आवास पहले डॉ. एसपी. गुप्ता, निदेशक कृषि विज्ञान केंद्र के पास था। इसी परिसर में एक अन्य आवास में उन्होंने अपने संस्थान के फार्मेसी निदेशक को अनाधिकृत रूप से रखा है। केंद्र के गेस्ट हाउस में फार्मेसी की छात्राओं को ठहराकर अवैध कमाई की जा रही है। किसान हॉस्टल में भी कृषि विभाग की छात्राओं को रखकर अनुचित लाभ लिया जा रहा है। इंडोर बिल्डिंग, जो ऊसर भूमि सुधार के लिए बनी थी, उसमें वाणिज्य संकाय का अवैध संचालन हो रहा है। यह शिकायत पूर्व ब्लॉक प्रमुख यश भद्र सिंह 'मोनू' ने प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी है। उनके द्वारा सभी अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों की जांच कर खाली कराए जाने की मांग की गई है।

# 17 को वलीपुर में सुभासपा की जनसभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। इसी कड़ी में 17 सितंबर को वलीपुर बाजार स्थित गांधी मैदान में भव्य जनसभा आयोजित की जाएगी। सभा को पंचायती राज मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर संबोधित करेंगे। मंगलवार को कुड़वार ब्लाक सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सुभासपा के जिलाध्यक्ष विनीत सिंह ने कहा कि सुभासपा लगातार अति पिछड़े,गरीब और वंचित वर्ग की आवाज बुलंद कर रही है।हर शोषित को न्याय दिलाना ही पार्टी का लक्ष्य है। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक नहीं पहुँच पाता,इसे पूरा करना ही पार्टी का लक्ष्य है। बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कहा कि आजादी से अब तक भाजपा को इसौली विधानसभा सीट से केवल दो बार ही विजय मिली है। इस बार प्रयास है कि एनडीए गठबंधन के सहयोगी दल सुभासपा चुनाव लडे और इसौली विधानसभा सीट पर जीत का परचम लहराए। वलीपुर के गांधी मैदान में इसौली विधानसभा क्षेत्र से करीब 20 से 25 हजार कार्यकर्ता जनसभा में पहुँचेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार भाजपा एनडीए के सहयोगी दल निषाद पार्टी और सुभासपा पूरी ताकत से मिलकर चुनाव लड़ेंगी तथा प्रत्याशी का फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा। जनसभा की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों में उत्साह दिखाई दे रहा है। जिले भर से कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। पार्टी पदाधिकारियों का दावा है कि जनसभा ऐतिहासिक होगी और जिले की राजनीति में नया संदेश देगी। जिला संगठन मंत्री मनोज शर्मा ने कहा कि जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन मजबूत हो रहा है। पार्टी जिले की किसी भी विधानसभा से चुनाव लडने को पूरी तैयार है। यदि इस बार सुभासपा को इसौली से मौका मिला तो भारी मतों से विजय हासिल करेगी। विशाल जनसभा के लिए मैदान को सुसज्जित किया जा रहा है। पंडाल,मंच और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जा रही है।भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस बल के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनीत सिंह, कुड़वार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह बबलू, बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह, प्रदीप कुमार , जिला प्रमुख महासचिव संतोष राणा समेत कई पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

# चकबंदी अधिकारी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय अन्तर्गत इसौली ग्राम पंचायत भवन में चकबंदी अधिकारी ने ग्रामीणो के साथ बैठक कर उन्हे चकबंदी की महत्वा के बारे विस्तुत जानकारी दी।

बैठक की अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी संतोष अष्ठाना ( सीओ) ने की। बैठक में चकबंदी अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि चकबंदी से बिखरी हुई और छोटी-छोटी जमीनों का एकीकरण होगा, जिससे खेती करना आसान होगा और भूमि का सही उपयोग संभव होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से न केवल खेतों तक पहुंच आसान होगी बल्कि सिंचाई व्यवस्था में भी सुधार होगा। ग्रामीणों की ओर से भूमि माप, सीमांकन और बंटवारे से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास ने कहा कि चकबंदी से गांव में वर्षों से चल रहे भूमि विवादों का समाधान होगा। ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई कि इससे पारिवारिक विवाद कम होंगे और खेती में उत्पादन बढ़ेगा। बैठक में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग की अपील की गई। अंत में अधिकारी ने आश्वासन दिया कि चकबंदी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाएगी। इस अवसर पर बैठक में सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जल निगम कर्मचारी बनकर दिनदहाड़े बदमाशों ने जेवर और नकदी लूटी

अमेठी,थाना संग्रामपुर क्षेत्र के सरैया बड़गांव में सोमवार की शाम दो नकाबपोश बदमाशों ने जल निगम कर्मचारी बनकर एक घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया।बेखौफ चोरों ने तमंचे के बल पर लाखों के जेवरात के साथ ही दस हजार रुपये की नकदी पार कर फरार हो गये। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। थाना क्षेत्र के गांव सरैया बड़गांव निवासी मंगेश मौर्य के घर पर उनकी पत्नी वंदना अकेली थी। दोनों बदमाश खुद को जल निगम का कर्मचारी बताकर घर में दाखिल हुये। दरवाजा खुलते ही उन्होंने वंदना पर पिस्टल तान दी और सबसे पहले घर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद कराये। इसके बाद अलमारी में रखे गहनों और नकदी को लूट लिया। इतना ही नही उन्होंने वंदना के पहने हुए गहने भी उतरवा लिये।बदमाश लगभग सात लाख रुपये के आभूषण व दस हजार रुपये नकद लेकर मौके से फरार हो गये।घटना के समय मंगेश मौर्य अमेठी में थे जबकि उनकी मां रामपति देवी गांव के ही एक घर पर गई हुई थीं। ग्रामीणों ने बताया कि मंगेश की शादी इसी वर्ष बीती पच्चीस अप्रैल को हुई थी और शादी में मिले ज्यादातर गहने बदमाश लूट ले गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से पूंछतांछ की और सुराग जुटाने में लगी हुई है।

# पितृ पक्ष में गया धाम में पिण्डदान से पूर्वजों को मिलता है मोक्ष

## ब्लाक प्रमुख तिलोई ने अपने ननिहाल और गांव में पिण्डदान कर घर घर भ्रमण कर अक्षत डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। सनातन धर्म में पुरानी प्रथा है कि क्वार महीने के कृष्ण पक्ष में होने वाले पितृ पक्ष में पितरों के मोक्ष के लिये अयोध्या वाराणसी श्रीगया धाम जगन्नाथ पुरी में पिंडदान की परम्परा है जिससे यह मन जाता है कि गया में पिण्डदान से मृत आत्माएं भटकती नही हैं और उन्हें मोक्ष मिल जाता है। ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह बुधवार को श्री गयाधाम जगन्नाथ पुरी में पितरों के मोक्ष के लिये पिंडदान करने से निकलने के पूर्व गांव का भ्रमण कर घर घर अक्षत डाला। बताते चलें कि पितरों के तर्पण के लिये मुख्य रूप से गया और जगन्नाथ पुरी दोनों ही प्रमुख स्थान हैं जहां लोग पिंडदान और तर्पण करते हैं। गया में फल्गो नदी के किनारे विष्णुपद मंदिर में पिंडदान किया जाता है तो वहीं जगन्नाथ पुरी को भी पिंडदान के लिये एक श्रेष्ठ स्थान माना गया है।गया को तर्पण के महत्व का मुक्तिधाम माना जाता है जहां पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है। फल्गो नदी के किनारे विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु के चरण चिन्ह हैं जिनकी पूजा की जाती है।पौराणिक मान्यता यह है कि भगवान श्रीराम ने अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान यही किया था।वैसे गया जाने से पूर्व गांव में पितरों के पिंडदान की शुरुआत के साथ अयोध्या में भदरसा,वाराणसी से पितरों के मोक्ष के लिये पिंडदान की शुरुआत होती है।जगन्नाथ पुरी में भी पिंडदान के लिये श्रेष्ठ माना गया है और इस जगह पर तर्पण करने से पितरों को परलोक में स्थान मिलता है। उड़ीसा राज्य के जगन्नाथ पुरी के भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर में पितृ पक्ष के दौरान विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है जिससे भक्तों को आध्यात्मिक वातावरण मिलता है।दोनों ही स्थानों पर तर्पण के पीछे की मान्यता के अनुसार यह माना जाता है कि श्राद्ध करने वाले पितरों को एक स्थूल शरीर प्राप्त होता है जिससे वह भूत या मनुष्य से निम्नतर बनने की संभावनाओं से बच जाते हैं और पुत्र का यह कर्तव्य माना जाता है कि वह अपने पितरों के कल्याण के लिये गया जी जैसे पवित्र स्थानों पर तर्पण और पिंडदान करते हैं। ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने ननिहाल दक्खिनगांव के साथ ही गांव पूरे दान सिंह में पूर्वजों का पिण्डदान कर पत्नी अर्चना सिंह के साथ गांव भ्रमण कर घर घर अक्षत डाला। इस मौके पर विपुल सिंह चौहान, हरि बख्श सिंह, जय बख्श सिंह, तेजभान सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, शिव भूषण शुक्ला, संदीप शर्मा, शिवराज सिंह, सिद्धार्थ सिंह, धीरु सिंह,योगेन्द्र प्रताप सिंह, स्मिता सिंह, डॉ अर्जिता सिंह, रेनू सिंह सहित अन्य तमाम लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

## एचएफआई ने मनाया 21 साल का सफर

# उत्तर प्रदेश के शहरों में गूंजा सेवा का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ,। ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया संस्था ने अपनी 21वीं वर्षगांठ को पूरे राज्य में भव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ मनाया। वर्ष 2004 में स्थापना के बाद से ही फाउंडेशन लगातार वंचित समुदायों की सेवा और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के अपने संकल्प पर अडिग है।

यह विशेष अवसर कई हफ्तों और अनेक शहरों में आयोजित हुआ, जिनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, बरेली और मेरठ शामिल थे। इन आयोजनों ने स्थानीय समुदायों, स्वयंसेवकों और विशिष्ट अतिथियों को एकजुट किया। चैरिटी शो, राहत वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों लाभार्थियों तक सेवा और सहयोग पहुँचाया गया। ह्यूमैनिटी फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पूनम मोतीवाल ने कहा छक्कीस साल केवल समय का गुजरना नहीं है, बल्कि यह उन असंख्य जीवनों की गवाही है जिन्हें हमने छुआ, उन समुदायों की ताकत है जिन्हें हमने सशक्त किया और उस आशा का प्रमाण है जिसे हमने मिलकर जीवित रखा। हमारी वर्षगांठ उत्सव हमारे कार्यों का नहीं, बल्कि उन लोगों का उत्सव है जिनकी सेवा हम करते हैं और उस मानवता के दृष्टिकोण का, जो हम सबको जोड़ता है। लखनऊ में भव्य चैरिटी शो इस श्रृंखला का मुख्य आयोजन लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित फाउंडेशन सचिवालय में हुआ, जिसमें 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें प्रसिद्ध लोकगायकों, नाट्य दलों और युवा कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम से प्राप्त समस्त आय को फाउंडेशन की स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी योजनाओं को समर्पित किया गया। इससे यह सिद्ध हुआ कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामाजिक प्रभाव को जोड़कर स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है। वृहद स्तर पर मानवीय राहत वितरण उत्सव के साथ-साथ लखनऊ में बड़े पैमाने पर राहत वितरण अभियान चलाया गया, जिसे आगे कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख शहरों तक विस्तारित किया गया। राहत पैकेज वितरण वर्षगांठ अवसर पर राहत पैकेजों में अनाज, कंबल, शैक्षिक सामग्री, दवाइयाँ और स्वच्छता उत्पाद शामिल थे, जिन्हें विभिन्न जनपदों के परिवारों तक पहुँचाया गया। इस पहल में विशेष प्राथमिकता विधवाओं, बच्चों, बुजुर्ग नागरिकों और दिहाड़ी मजदूरों को दी गई, जो प्रायः जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित रह जाते हैं। पूरे आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सुंदर समावेश किया गया। कहीं विद्यालय के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किए तो कहीं स्थानीय लोक कलाकारों ने अपनी कला दिखाई। प्रत्येक शहर ने अपनी अनूठी सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया और साथ ही भ्ध्ञ के मूल संदेश ल्लविविधता में एकता, मानवता में सेवाक्ष को आत्मसात किया। उत्तर प्रदेश भर में बहु-शहर प्रभाव फाउंडेशन की वर्षगांठ रणनीति ने समावेशिता पर बल दिया और कार्यक्रमों को केवल लखनऊ तक सीमित न रखकर राज्य के विभिन्न हिस्सों तक पहुँचाया। लखनऊ में आयोजित मुख्य समारोह में सामुदायिक नेताओं और भ्.ध्.ञ के वरिष्ठ सदस्यों ने निरंतर मानवीय सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। लोकनृत्य, लोकगीत और सामाजिक न्याय पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ हुईं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों को राहत पैकेज वितरित किए गए।

## ई रिक्शा की टक्कर से घायल दसवीं की छात्रा की मौत

तिलोई अमेठी। थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव पूरे शेरु मजरे राजा फत्तेपुर में एक तेज रफ्तार ई रिक्शा की टक्कर से विद्यालय से घर जा रही दसवीं की छात्रा गम्भीर रुप से घायल हो गई जिसे बीएचईएल स्थित एक निजी अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां पर उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे शेरु मजरे राजा फत्तेपुर निवासी हौसला प्रसाद की सुपुत्री शुभी सोमवार को राजा फत्तेपुर स्थित एक इण्टर कालेज से साइकिल से अपने घर लौट रही थी।


## सूचना ( बेदखली )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शिवम सपड़ा व उसकी पत्नी ऋशिका शर्मा द्वारा आपस में साज करके मेरे व मेरे परिवार को अपने गलत-आचरण के कारण नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिस कारण मेरे परिवार को अत्यधिक मानसिक व शारीरिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। भविष्य में किसी कृत्य के लिए मेरा पुत्र शिवम सपड़ा व उसकी पत्नी ऋशिका शर्मा स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिवार के किसी भी व्यक्ति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः मैं अपने पुत्र शिवम सपड़ा व उसकी पत्नी ऋशिका शर्मा को अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से शिवम सपड़ा व उसकी पत्नी ऋशिका शर्मा से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी- चन्द्र प्रकाश सपड़ा पुत्र श्री स्वर्गीय श्री शंकरदास सपड़ा, निवासी- निकट पंजाबी चौक मौहल्ला शेखपट्टी, शहर व जिला-बदायूं**

# सुनवाई से अलग होना

हाल के दिनों में देश की विभिन्न अदालतों में न्यायिक सुनवाई से अलग होने की घटनाओं में लगातार वृद्धि असहज करने वाली ही है। हालांकि, निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये सुनवाई से अलग होना एक स्थापित सुरक्षा उपाय है, लेकिन जिस तरह इसका इस्तेमाल और संप्रेषण किया जाता है, उसने कई चिंताजनक प्रश्न तो खड़े किए ही जा सकते हैं। देश के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण यानी एनसीएलएटी के एक प्रकरण, जहां एक सदस्य ने खुलासा किया कि वह एक मामले से खुद को अलग कर रहा है क्योंकि एक उच्च न्यायिक व्यक्ति ने उसे एक पक्ष का पक्ष लेने के लिये संपर्क किया था, ने इस प्रक्रिया में विश्वास को ठेस पहुंचायी है। हाल ही में, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश एमएम सुंदरेश ने बिना कोई कारण बताए दलित-अधिकार वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इससे पहले भी, कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव ने संस्था से संबंधों का हवाला देते हुए एनएलएसआईयू ट्रांसजेंडर आरक्षण अपील से खुद को अलग कर लिया था। यहां तक कि मुख्य न्यायाधीशों- संजीव खन्ना ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले में और बी.आर.गवई ने एक आंतरिक न्यायिक जांच मामले में खुद को अलग कर लिया था। निस्संदेह, इस तरह की असंगतता पारदर्शिता के बारे में मिले-जुले संकेत देती है। जो जनमानस में इस बाबत नये विमर्श को जन्म देता है। इसमें दो राय नहीं कि इस संबंध में कानून में स्पष्टता की दरकार है। सुनवाई से अलग होने के लिये कोई संहिताबद्ध ढांचा नहीं है।यहां उल्लेखनीय है कि मई 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने एक समान नियम बनाने की याचिका को यह कह कर खारिज कर दिया था कि सुनवाई से अलग होना व्यक्तिगत विवेक का मामला है। ऐसे मामलों में न्यायिक स्वतंत्रता ऐसी स्वायत्तता की मांग करती है, वहीं अस्पष्टता जनता के विश्वास को कमजोर करती है। निस्संदेह, जनसाधारण की न्यायिक व्यवस्था में आस्था मजबूत करने के लिये न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए भी दिखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में, सुनवाई से अलग होने के मामले केवल न्यायिक मूल्यों के पुनर्कथन और न्यायिक आचरण के बैंगलौर सिद्धांतों जैसी नरम-कानून संहिताओं द्वारा निर्देशित होते हैं। वास्तव में वे कारणों का खुलासा करने का कोई बाध्यकारी दायित्व तय नहीं करते। इसका परिमाण ही असमान व्यवहार है। इस बाबत कुछ न्यायाधीश तो स्पष्टीकरण देते हैं, जबकि कई अन्य ऐसे मामलों में खामोशी धारण कर लेते हैं। निस्संदेह, ऐसी परंपराओं से जन साधारण में अटकलों और न्यायिक प्रक्रिया में देरी को बढ़ावा ही मिलता है। इस दिशा में एक मध्य मार्ग भी संभव है। न्यायालय न्यूनतम प्रकटीकरण मानक अपना सकते हैं। आदेश पत्र पर एक पंक्ति की 'कारण श्रेणी' और एक केंद्रीय सुनवाई रजिस्टर की व्यवस्था की जा सकती है। इस प्रकार से कुछ हल्के-फुल्के सुधार न्यायिक स्वतंत्रता की रक्षा ही करेंगे।

> देश के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण यानी एनसीएलएटी के एक प्रकरण, जहां एक सदस्य ने खुलासा किया कि वह एक मामले से खुद को अलग कर रहा है क्योंकि एक उच्च न्यायिक व्यक्ति ने उसे एक पक्ष का पक्ष लेने के लिये संपर्क किया था, ने इस प्रक्रिया में विश्वास को ठेस पहुंचायी है। हाल ही में, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश एमएम सुंदरेश ने बिना कोई कारण बताए दलित-अधिकार वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।

# निराशा से आशा की ओर: आत्महत्या के खिलाफ जंग

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

**भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गईं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है। आत्महत्या के पीछे अनेक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक कारण जुड़े हुए हैं। बेरोज़गारी, गरीबी, पारिवारिक कलह, असफल प्रेम, नशे की लत और बीमारियां इसका बड़ा कारण बन रही हैं। मानसिक रोग और अवसाद ने इस समस्या को और गहरा किया है। एनसीआरबी के अनुसार 2018 से 2022 के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों से आत्महत्या के मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आँकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में 33 प्रतिशत मामले पारिवारिक समस्याओं से जुड़े थे, लगभग 19 प्रतिशत मामले बीमारियों के कारण हुए, जबकि 6-7 प्रतिशत मामले विवाह सम्बन्धी समस्याओं और 6 प्रतिशत मामले ऋण और कर्ज से संबंधित थे। छात्र आत्महत्या का आंकड़ा भी बड़ा चिंताजनक है-2022 में यह कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत रहा। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर है, परंतु भारत में यह और ज्यादा जटिल इसलिए है क्योंकि यहां सामाजिक प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावादी जीवनशैली, परिवार का टूटता हुआ ढांचा और आर्थिक असमानता आत्महत्या की प्रवृत्ति को तेज़ कर रही है। आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक पूरे परिवार और समाज की आशाओं का विघटन है।**

दुनिया में आत्महत्या आज एक गहरी एवं विडम्बनापूर्ण वैश्विक चुनौती बन चुकी है। हर साल लाखों लोग अपनी ही जिंदगी से हार मान लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 7.2 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट भी है। 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। यही वजह है कि हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। 2024 से 2026 तक इसकी थीम ञ्चचेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइडङ्क रखी गई है, जिसका उद्देश्य है आत्महत्या पर खामोशी तोड़कर इसे एक निष्क्रिय विषय से संवाद और सहयोग का सक्रिय विषय बनाना। आत्महत्या पर दृष्टिकोण का यह बदलाव आत्महत्या के बारे में लोगों की सोच और बातचीत के तरीके को चुनौती देता है, खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देता है जो कलंक को तोड़ता है और समझ को बढ़ावा देता है। आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये। निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। आत्महत्या जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है, यह मनुष्य होने के अर्थ और गरिमा को धूमिल करती है। जब जीवन जीने का साहस कमज़ोर पड़ता है तो व्यक्ति निराशा और अंधकार में डूबकर स्वयं को समाप्त करने की ओर बढ़ता है। वैश्विक स्तर पर यह एक गंभीर समस्या है, दुनिया भर से आते नए आंकड़े इस चुनौती की गंभीरता को और उजागर करते हैं। 2021 में अनुमानित 7.27 लाख आत्महत्याएं हुईं और विश्व में हर 43 सेकेंड में कोई एक व्यक्ति खुदकुशी कर रहा है। 73 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होती हैं और सबसे अधिक असर युवा और गृहिणियों पर पड़ता है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि आत्महत्या करने वाली महिलाओं में 51.5 प्रतिशत गृहिणियां थीं। आत्महत्या की दर दो दशकों में 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति एक लाख हो गई है। उत्तराखंड जैसे राज्यों में पारिवारिक कलह आत्महत्या का बड़ा कारण है। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा क्षमता से अधिक हो चुकी है, पारिवारिक सामंजस्य खत्म हो गया है, असफलता का डर और तनाव सहने की क्षमता कम हो गई है। यही कारण है कि पढ़ाई के दबाव, नौकरी में असफलता, रिश्तों के टूटने और आर्थिक अभाव से युवा और किशोर आत्महत्या की ओर धकेले जा रहे हैं। भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गईं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है। आत्महत्या के पीछे अनेक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक कारण जुड़े हुए हैं। बेरोज़गारी, गरीबी, पारिवारिक कलह, असफल प्रेम, नशे की लत और बीमारियां इसका बड़ा कारण बन रही हैं। मानसिक रोग और अवसाद ने इस समस्या को और गहरा किया है। एनसीआरबी के अनुसार 2018 से 2022 के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों से आत्महत्या के मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आँकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में 33 प्रतिशत मामले पारिवारिक समस्याओं से जुड़े थे, लगभग 19 प्रतिशत मामले बीमारियों के कारण हुए, जबकि 6-7 प्रतिशत मामले विवाह सम्बन्धी समस्याओं और 6 प्रतिशत मामले ऋण और क़र्ज़ से संबंधित थे। छात्र आत्महत्या का आंकड़ा भी बड़ा चिंताजनक है-2022 में यह कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत रहा। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर है, परंतु भारत में यह और ज्यादा जटिल इसलिए है क्योंकि यहां सामाजिक प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावादी जीवनशैली, परिवार का टूटता हुआ ढांचा और आर्थिक असमानता आत्महत्या की प्रवृत्ति को तेज़ कर रही है। आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक पूरे परिवार और समाज की आशाओं का विघटन है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं बल्कि समाज और सरकार दोनों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा। भारत सरकार ने 2017 में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम पारित करके आत्महत्या प्रयास को अपराध की श्रेणी से बाहर किया और 2020 में 'किरण' नामक राष्ट्रीय हेल्पलाइन शुरू की जो 13 भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराती है। 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति बनाई गई जिसका लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या दर में 10 प्रतिशत की कमी लाना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, परामर्श केंद्रों की स्थापना, रोजगार सृजन, पारिवारिक संवाद को मजबूत करना, मीडिया की संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग जैसे उपायों पर जोर दिया गया है। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और हेल्पलाइन सेवाओं-जैसे आसरा, वंद्रेवाला, समैरिटन्स मुंबई-की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। आत्महत्या को रोकने का सबसे बड़ा उपाय यही है कि व्यक्ति को निराशा के अंधकार में छोड़ने के बजाय उसके जीवन में आशा, साहस और सहयोग का संचार किया जाए क्योंकि कठिनाइयों का समाधान आत्महत्या में नहीं बल्कि संघर्ष, विश्वास और सहारा देने वाले समाज में है। दुनिया का यह दुखद सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से बीमारियों से मरने वालों की संख्या घटी है पर आत्महत्या के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ी है। भौतिकवादी जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, अवसाद और असंतुलन ने मनुष्य को भीतर से खोखला बना दिया है। प्रसिद्ध कलाकार, जिनका सार्वजनिक जीवन में हंसता खेलता चेहरा दिखाई देता है, कभी अचानक आत्महत्या कर लेते हैं क्योंकि भीतर का अकेलापन और दबाव उन्हें जीने नहीं देता। सवाल यह है कि जिनके पास साधन और सहयोग की कमी नहीं, वे भी क्यों जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बर्दाश्त नहीं कर पाते। किसानों की आत्महत्या, आर्थिक तंगी, व्यापार में नुकसान, रिश्तों का टूटना, तलाक और अभाव की स्थिति आत्महत्या की सबसे बड़ी जड़ें हैं। समाज और परिवार का विघटन भी व्यक्ति को असहाय बना देता है। आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। टॉयनबी ने ठीक ही कहा है कि कोई भी संस्कृति हत्या से नहीं बल्कि आत्महत्या से मरती है। इस स्थिति को बदलना जरूरी है। सरकारों, संगठनों, समुदायों और परिवारों की जिम्मेदारी है कि वे संवाद और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा दें। जब कोई व्यक्ति संकट में हो तो परिवार, दोस्त, पड़ोसी और सहकर्मी उसे अकेला न छोड़ें बल्कि उसका हाथ थामें। हमें एक ऐसी सामाजिक संरचना बनानी होगी जहां मदद मांगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस माना जाए। जहां तनाव और अवसाद को गंभीरता से समझा जाए और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले। जहां बच्चों को बचपन से ही संघर्षों से लड़ने की शिक्षा दी जाए और असफलताओं को जीवन का हिस्सा समझने का दृष्टिकोण विकसित किया जाए। आत्महत्या रोकथाम दिवस हमें यही संदेश देता है कि आत्महत्या से बचा जा सकता है, संवाद और सहयोग से जीवन बदला जा सकता है, और हर व्यक्ति को नई शुरुआत का अवसर दिया जा सकता है। यह दिन हमें यह समझाने आता है कि जिंदगी कठिन जरूर है लेकिन जीने के विकल्प हमेशा मौजूद हैं। **–ललित गर्ग**

# श्राद्ध पक्ष : पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं आस्था समर्पित करने का महापर्व

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से लेकर सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तक पूरे 15 दिन का श्राद्ध पक्ष पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं आस्था का महापर्व है। कुछ लोग इस पखवाड़े को अशुभ बताते हैं, इस तर्क के साथ कि इन दिनों कोई शुभ कार्य करना ही नहीं चाहिए अथवा शुभ कार्य नहीं किया जाता। यहां एक बात जानने योग्य है, वह यह कि किसी भी ग्रंथ में यह नहीं लिखा है कि कनागतों में शुभ कार्य वर्जित हैं या फिर यह पक्ष अशुभकारी है। बल्कि वर्तमान पीढ़ी से अपेक्षा यह की गई है कि कम से कम इन 15 दिनों तक तो हम अपने पितरों के प्रति समर्पित बने रहें । यही वह विचार है जो स्थापित करता है कि काम धंधे और अन्य लाभ हानि के प्रसंग तो साल भर चलते ही रहेंगे लेकिन पितरों के हिस्से में तो साल के केवल 15 दिन ही आते हैं। अतः इन दिनों उनके प्रति समर्पित रहें। यही वजह है कि अन्य कार्यों की अपेक्षा आस्थावान लोग श्राद्ध पक्ष में पितरों के पिंडदान, तर्पण, दान पुण्य आदि कार्यों में संलग्न रहना ही उपयुक्त समझते हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि हमारे धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इन 15 दिनों तक पितरों को मृत्यु लोक में आवागमन की छूट रहती है। वे इस ईश्वरीय सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने वंशजों के बीच पहुंचते हैं तथा अपेक्षा करते हैं कि वह पितरों के निमित्त दान पुण्य करें, भूखों को भोजन कराएं, पिंडदान एवं तर्पण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दें। यह अपेक्षा इसलिए भी रहती है, क्योंकि इस दौरान वंशजों द्वारा जो त्याग किया जाता है, वह पितरों को आगामी ऊर्जा के रूप में उपलब्ध बना रहता है। इस प्रकार वे पूर्वज जिन्हें कोई देह नहीं मिली है और नरक, स्वर्ग, मृत्यु लोक से विलग हैं तथा पितृ लोक में स्थान पाए हुए हैं। वे साल भर संतुष्ट रहते हैं। ऐसा होने पर पितरों का आशीर्वाद वंशजों को प्राप्त होता है। फल स्वरुप वर्तमान पीढ़ी के सभी प्रकार के पितृ दोष नष्ट हो जाते हैं। इसके जो परिणाम देखने को मिलते हैं वह इस सत्य को प्रतिपादित भी करते हैं कि पूर्वजों को नियमित पानी देने वाले वंशज दैविक एवं पैशाचिक बाधाओं से उबरने लगे हैं। एक भ्रामक जानकारी यह भी प्रचलित है कि पितरों का श्राद्ध कर्म केवल पुरुष वंशजों द्वारा ही किया जा सकता है। यह धारणा पूरी तरह से गलत है। इसका प्रमाण त्रेता युग में सीता जी द्वारा अपने पिता राजा श्री शीलध्वज यानि कि जनक जी का पिंडदान करने के प्रसंग से मिलता है। ग्रंथ बताते हैं कि धर्म ने पुत्री सीता द्वारा दिए गए पिंडदान को इतना महत्व दिया कि स्वयं राजा जनक को पिंड प्राप्त करने सीता जी के समक्ष सशरीर उपस्थित होना पड़ गया। श्राद्ध एवं पितृ पूजन कितना जरूरी है यह भी जानने योग्य है। दानवीर कर्ण को मृत्यु उपरांत मोक्ष की प्राप्ति केवल इसलिए नहीं हुई, क्योंकि उन्होंने कभी भी अपने पूर्वजों का तर्पण किया ही नहीं था। किंतु पुण्यों का प्रारब्ध अर्जित था, इसलिए पुनः मृत्यु लोक में आने की पात्रता मिली। इन्हीं श्राद्ध पक्ष के दौरान दानवीर कर्ण पृथ्वी पर आए और पूरे 15 दिनों तक अपने समस्त पूर्वजों के सम्मुख हुए। उन्होंने अपने श्रम से अर्जित धन-धान्य से पूर्वजों के नाम पर दान पुण्य किए। इससे पितृ लोक में मौजूद पूर्वज प्रसन्न हुए। उनके आशीर्वाद प्राप्त होने पर कर्ण को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त हो पाया। इन प्रसंगों से हम सीख सकते हैं कि आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में प्रत्यक्ष रहने वाले श्राद्ध पक्ष हर दृष्टि से मंगल के मूल ही हैं। इन्हें किसी भी हाल में अशुभ नहीं माना जाना चाहिए। जो भी वंशज इस दौरान श्रद्धा भाव के साथ अपने पितृ लोक में स्थापित पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का भाव रखते हैं, उन्हें जल एवं भोज्य पदार्थ अर्पण करते हैं, भूखों को भोजन कराते हैं, श्रेष्ठ और पात्र ब्राह्मणों को दान देते हैं, वे पितरों का आशीर्वाद पाते हैं। इससे पितरों को तो ऊर्जा प्राप्त होती ही है, स्वयं आस्थावान वंशजों को सभी प्रकार की दैविक और पैशाचिक बाधाओं से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाती है।

## सेहत मंत्र

# हफ्ते में तीन बार मशरूम खाने से पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा होगा कम: रिसर्च

वैसे तो, मशरूम के स्वास्थ्य के लिए ढेरों फायदे हैं, मशरूम कई विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर है। इसमें सेलेनियम, पोटैशियम, कॉपर, आयरन के साथ कई पोषक तत्व मौजूद हैं। इसमें मौजूद सेलेनियम इम्युन सिस्टम के बेहतर रिस्पान्स में मदद करता है। कई अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि मशरूम पुरूषों में प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को कम कर सकता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मशरूम के सेवन और प्रोस्टेट कैंसर के बीच एक गहरा संबंध है। जिसमें कि शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि मशरूम के सेवन से पुरूषों में प्रोस्टेट कैंसर के बढ़ते खतरे को कम किया जा सकता है। अध्ययन से पता चलता है कि मध्यम आयु वर्ग के और बुजुर्ग आयुवर्ग के पुरुषों द्वारा मशरूम का सेवन प्रोस्टेट कैंसर के विकास की संभावनाओं को कम कर सकता है। मशरूम के सेवन और प्रोस्टेट कैंसर के बीच के संबंध पर निष्कर्ष करीबन 13 साल तक किये गये अध्ययन के आधार पर निकाला गया। जिसमें कि कुल 36,499 पुरुष, जिनकी उम्र 40 से 79 वर्ष थी, उन्हें शामिल किया गया। अध्ययन के दौरान 3.3 प्रतिशत प्रतिभागियों में प्रोस्टेट कैंसर पाया गया। जिनमें कि हफ्ते में 2 बार मशरूम का सेवन करने वालों में इस बीमारी के खतरे में 8 प्रतिशत कमी से पाई गई। जबकि हफ्ते में 3 या ज्यादा बार मशरूम खाने वालों में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा 17 प्रतिशत तक कम पाया गया। जापान की 'तोहोकु यूनिवर्सिटी' के शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक शू झांग के अनुसार, हालांकि इस अध्ययन में मशरूम की प्रजातियों के बारे में कोई विशेष जानकारी एकत्र नहीं की गई थी, इसलिए यह जानना मुश्किल है कि इसमें किस विशिष्ट मशरूम का योगदान था। इसके अलावा, प्रोस्टेट कैंसर पर मशरूम के कई लाभकारी प्रभाव हैं। मशरूम विटामिन डी का एक अच्छा स्त्रोत है, इसके भरपूर फायदे लेने के लिए आप मशरूम को उबाल कर या डीप फ्राई करके खा सकते हैं। यह आपके दांतों और हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद करेगा।

## धर्म मंत्र

# अनंत चतुर्दशी पर हाथ पर बांधे 14 गांठ वाला रक्षासूत्र, हर परेशानी रहेगी दूर

हिंदू धर्म में अनंत चतुर्दशी तिथि का काफी अधिक महत्व है। आज के दिन भगवान विष्णु की विधिवत से पूजा अर्चना करने का विधान है। हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन से गणेश उत्सव का भी समापन हो जाता है। अनंत चतुर्दशी को अनंत चौदस नाम से भी जानते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने के साथ व्रत रखने से दुख-दरिद्रता से छुटकारा मिल जाता है। इसके साथ ही पूजा पाठ के बाद 14 गांठ वाला रक्षा सूत्र बांधने का भी विधान है। रेशम की डोर से बनी ये 14 गांठ व्यक्ति को हर भय से मुक्ति दिलाती है। इसके साथ ही उसकी रक्षा करती है। जो भी व्यक्ति विधिवत पूजा करने के बाद इस चौदह गांठ को बांधता है उसके ऊपर हमेशा भगवान विष्णु की कृपा रहती है। बता दें कि यह 14 गांठ 14 लोकों से संबंधित है। 14 लोग इस प्रकार है-भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तपोलोक, ब्रह्मलोक, अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल और पाताल लोक)। अग्नि पुराण के अनुसार, अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा रें। इसके साथ ही एक रेशम के धागे को लेकर हल्दी और केसर से रंग लें। इसके बाद इसमें एक-एक करके 14 गांठ लगा दें। फिर भगवान विष्णु को अर्पित करते हुए इस मंत्र को बोले- ऊँ अनंताय नमः। इसके बाद भगवान से कामना करें कि इस धागे में अपनी शक्ति प्रदान करें। पूजा समाप्त होने के बाद इस सूत्र को महिलाएं बाएं हाथ में और पुरुष दाएं हाथ में बांध लें।

## पर्यटन



# असम के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक है गोवालपारा, पर्यटकों के बीच है बहुत लोकप्रिय

गोवालपारा, गुवाहाटी से 140 किलोमीटर पश्चिम में स्थित एक शहर है और असम में घूमने की सबसे लोकप्रिय जगहों में से है। 'ग्वालिप्टिका' शब्द, जो मोटे तौर पर ग्वाली गाँव या दूधियों के गाँव का अनुवाद है, 'गोलपारा' नाम का मूल है। गोवालपारा के आस-पास के क्षेत्र आम तौर पर ब्रम्हपुत्र नदी के किनारे बड़े हरे-भरे मैदान हैं। गोवालपारा में बहुत से प्राचीन इमारतें और मंदिर हैं, जो दूर-दूर से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। सूर्य पहाड़-गोवालपारा से लगभग 12 किमी दक्षिण पूर्व में स्थित, सूर्य पहाड़, असम में प्राचीन अवशेषों के सबसे महत्वपूर्ण विरासत स्थलों में से एक है। सूर्य पहाड़ लगभग एक किलोमीटर तक फैले शिवलिंगों का खिंचाव है। कहा जाता है कि लिंग बड़ी चट्टानों द्वारा निर्मित है। ऐसा माना जाता है कि 99999 लिंग हैं, जो वेद व्यास द्वारा उत्कीर्ण हैं, जो इसे दूसरी काशी बनाते हैं। सूर्य पहाड़ बिना किसी जाति, पंथ और लिंग के भेदभाव के, सभी धर्मों के लिए खुला है। यह अपने असंख्य शास्त्रों और हिंदू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म की प्राचीन वस्तुओं के साथ तीन धर्मों को एक साथ मिलाता है।

मानस नेशनल पार्क- मानस नेशनल पार्क असम में एक प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व, एक बायोस्फीयर और एक हाथी रिजर्व है, जो लुप्तप्राय गोल्डन लंगूर और लाल पांडा के आवास के लिए प्रसिद्ध है। यह देश में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय उद्यान में से एक है और एक यूनेस्को प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थल भी है। इस राष्ट्रीय उद्यान को न केवल इसकी प्रचुर जैव विविधता, बल्कि इसकी मनोरम दृश्यों और प्राकृतिक पृष्ठभूमि के लिए जाना जाता है। आप यहां बाघों, गैंडों, जंगली पानी के भैंसों को आसानी से देख सकते हैं, साथ ही हाथी की सवारी का आनंद भी ले सकते हैं। मानस नेशनल पार्क की यात्रा का सबसे अच्छा समय अक्टूबर के शुरुआती हफ्तों और फिर मध्य मार्च के बाद का समय है।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। प्रधानमंत्री की 'विकसित भारत परिकल्पना' के दृष्टिगत विकास खंड सभागार में आयोजित 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' अभियान पर केंद्रित कार्यशाला की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने की। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि व सभी 12 सेक्टर के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।

खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि सभी अधिकारी ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। इन योजनाओं में किसानों और आमजन के लिए कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के प्रचार-प्रसार पर मुख्य रूप से जोर रहेगा। सरकार द्वारा जारी एक क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीण अपने सुझाव सीधे शासन तक पहुंचा सकेंगे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं सीधे नागरिकों को लाभ पहुंचा रही हैं। सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉक्टर दलबीर सिंह ने सरकार की उपलब्धियों और कृषि विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। 'पंचायत प्रतिनिधियों की दिखी सहभागिता'

कार्यशाला में प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष रामकुमार मिश्र रान कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में प्रगतिशील कृषक सम्मिलित हुए।

# संजय सेतु में फिर पड़ी दरार

## यातायात होगा प्रभावित : मांग, ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर लगे रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। घाघरा नदी पर संजय सेतु के ज्वाइंटरों की खराबी सालों से थमने का नाम ही नहीं ले रही है। अभी बीते सप्ताह विभागीय टीम ने मरम्मत कार्य कराया था किंतु ओवरलोड भारी वाहनों के आवागमन के कारण मंगलवार को एक बार फिर ज्वाइंटर उखड़ गए।इसके चलते पुल पर गहरे गड्ढे बन गए और वाहनों के फंसने का खतरा बढ़ गया।गड्ढों के कारण पुल पर लंबा जाम लग गया।छोटे वाहन किसी तरह निकलते रहे जबकि भारी वाहनों की वजह से घंटों अफरातफरी का माहौल बना रहा।वाहन चालक जान जोखिम में डालकर कच्चे किनारे से वाहन निकालने को मजबूर हुए।सूचना पर इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाकर यातायात बहाल कराया।पुलिस की सक्रियता से राहत तो मिली लेकिन पुल की स्थिति को लेकर लोगों की चिंता और बढ़ गई है।गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ही संजय सेतु के कई ज्वाइंटरों में दरारें पड़ गई थीं और गाटर टूटकर सरिया बाहर निकल आई थी।उस समय समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बाद विभाग ने वन वे ट्रैफिक लागू कराकर मरम्मत कराई थी।बावजूद इसके मंगलवार को फिर से एक ज्वाइंटर टूटने से गहरे गड्ढे बन गए।स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की अप्रोच और ज्वाइंटर लंबे समय से खराब हालत में हैं।समय रहते सही तरीके से मरम्मत न कराए जाने पर किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।राहगीरों ने योगी सरकार से नए पुल बनने तक इस पुल पर ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध की मांग की है।

**शोक की लहर**

# दुर्घटना में घायल युवा व्यवसाई सागर की मृत्यु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के महादेवा तीर्थ निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत से शोक की लहर है। आज जिस समय पोस्टमार्टम के बाद 100 गांव पहुंचा सही करो आंखें नम हो गई। बताते चलें कि महादेवा निवासी अत्यंत मिलनसार युवक सागर 28 पुत्र देवीप्रसाद गुप्ता कल सड़क दुर्घटनामे घायल हुआ था। कहते हैं कि सूरतगंज से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने लोधौरा चौराहे पर सागर क जोरदार टक्कर मारी। दुर्घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया ये घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।घायल को स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में सीएचसी रामनगर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया।हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से उसे लखनऊ भेजा गया। बड़े भाई सोनू गुप्ता सागर को लेकर हिंद अस्पताल पहुंचे।जहां मंगलवार को सागर ने अंतिम सांस ली। कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। चौकी इंचार्ज अभिनंदन पांडेय का कहना है कि फुटेज के आधार पर फरार कार चालक की पहचान की जा रही है।उसे शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# कृषि मंत्री ने किया खाद दुकानों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बनीकोडर बाराबंकी। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अयोध्या से लखनऊ लौटते तहसील क्षेत्र की दो खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। मंत्री जी कस्बा में कोटवाधाम रोड पर संचालित निगम खाद भंडार पहुंचे यहां स्टॉक रजिस्टर की पड़ताल की। इसके बाद वे सिद्धौर रोड स्थित दीपाली खाद भंडार पहुंचे, जहां खाद उपलब्ध न होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों और दुकानदार को जमकर फटकार लगाई। मंत्री श्री शाही ने कहा कि किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। जिन दुकानों के पास खाद का लाइसेंस है और वे खाद नहीं बेच रहे हैं, उनके लाइसेंस तत्काल निरस्त किए जाएं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे दुकानदारों को चिन्हित करें जो ठीक से कार्य नहीं कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान भाजपा के बूथ अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी ने मंत्री से क्षेत्र की समस्याओं को अवगत कराया। उन्होंने खाद की कमी और नहरों में पानी न छोड़े जाने की बात रखी। इस पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आश्वासन दिया दो दिन के भीतर क्षेत्र की नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। निरीक्षण के दौरान निगम खाद भंडार से सुपर खाद का सैंपल भी लिया गया।

# जागा महकमा! लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर संकेतक स्थापना कार्य प्रारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र का प्रमुख मार्ग लखनऊऽमहमूदाबाद मार्ग पर बढ़ते सड़क हादसों और जिम्मेदारों की निष्क्रियता को आज समाचार पत्र ने प्रमुखता से ख़बरें प्रकाशित की। राजमार्ग प्रबंधन द्वारा मुख्य मार्ग पर संकेतको का अभाव के चलत सड़क हादसों में बढ़ोतरी हो रही हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा डिवाइडर पर सफ़ेद पट्टी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है।सड़क पर सुरक्षित आवागमन और वाहन चालक तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा कई स्थानों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए गए हैं।जिससे रात के समय सुरक्षित आवागमन हो सके। वहीं जिन जगहों पर कार्य अधूरा है, वहां तेजी से काम कराया जा रहा है।रिफ्लेक्टर लगने से रात में दूर से ही डिवाइडर स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी सुविधा मिल रही है।

# जमीन विवाद में युवक ने पिया पेट्रोल, हालत बिगड़ी, हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के अजौवा गांव में मंगलवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब जमीन विवाद से परेशान एक व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगाने की कोशिश की। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आग लगाने से रोक लिया, लेकिन तब तक युवक ने पेट्रोल पी लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजौवा गांव के राम विनय का आरोप है कि गांव के ही रमेश, शिवकुमार और जगदीश ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया। जबकि पहले से तय था कि जब तक राजस्व विभाग द्वारा पक्की पैमाइश नहीं करेगा, तब तक कोई निर्माण नहीं होगा। राम विनय का कहना है कि उन्होंने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप यह भी है कि तैनात लेखपाल अमित कनौजिया का मुंशी विपक्षियों से रिश्वत लेकर उनकी गैरमौजूदगी में जमीन पर कब्जा करवा दिया। यात्रा से लौटकर जब राम विनय ने अपनी जमीन पर कब्जा देखा तो गुस्से से तिलमिला उठे। चिल्लाकर कहा कि अब वह जिंदा नहीं रहेंगे और पेट्रोल डालकर जान दे देंगे। इसके बाद उन्होंने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें पकड़कर आग लगाने से रोका, लेकिन तभी उन्होंने पेट्रोल पी लिया और गिर पड़े। ग्राम प्रधान गणेश ने इसकी सूचना पुलिस को दी और ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताई और जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले पर एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा का कहना है कि फिलहाल उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है, लेकिन जांच कराई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं पीड़ित युवक का इलाज जिला अस्पताल बाराबंकी में अभी चल रहा है

## सचिवों को निर्देश, आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो पंचायतें

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सहायक विकास अधिकारी,पंचायत अनिल कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवों संग बैठक में स्वच्छ एवं हरित पंचायत तथा आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे थीम पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सचिव अपने-अपने ग्राम पंचायतों में योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर गांवों को स्वच्छ, हरित और मजबूत आधारभूत सुविधाओं से युक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। ज्ञातव्य है कि पंचायत एडवॉसमेन्ट इन्टेक्स (पी.ए.आई) के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के नौ प्रमुख विंदु निर्धारित है। जिनमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्यायपूर्ण संगत पंचायत, सुशासन वाली पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत योजना में सम्मिलित हैं।

## शिक्षण संस्थाओं की बेलगाम कार्यशैली, एक और नमूना

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज में बीते 13 वर्षो से एमडीएम का खाना पका रहा रसोईयां वाले रसोइयो को निकाले जाने की हुई जांच मे निर्दोष साबित हुए रसोइयो की पुनः बहाली के आदेश के बाद भी प्रधानाचार्य द्वारा कार्य न दिये जाने से कालेज की रसोई बीते दो दिनों से बुझी हुई है और बच्चे भूखे पेट वापस लौट रहे है। बताते चले कि कस्बा सफदरगंज स्थित फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज मे बीते 13 वर्षो से एमडीएम का खाना बनाने वाले रसोइया रामू चौहान, अनीता अवस्थी, अनीता यादव व निर्मला यादव से मानदेय बढ़ाने की बात कहकर सादे कागज़ पर अंगूठा लगवाकर त्याग पत्र तैयार कर पद से हटा दिया और अपने चहेतो को रख लिया था धोखे से निकाले गये रसोइयो ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक न्याय की गुहार लगायी थी। बीते दिनों खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्ञानेंद्र गुप्ता व राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य अर्चना पाण्डेय की संयुक्त टीम द्वारा की गयी जांच मे निर्दोष पाये गये रसोइयो को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पुनः बहाली का आदेश दिया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य कैलाश नरायण द्वारा उनके आदेश को कोई महत्व नहीं दिया गया। बताते हैंकी इन दिनों खाना नही बन रहा हैं और विद्यालय के करीब 675 बच्चे संचित भूखे वापस लौट रहे है।

## किसानों को शिकार बना रहे हैं साइबर अपराधी

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बैंक खाता और एटीएम से पैसे निकल जाने की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग रहा है सफदरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा रसौली निवासी एक किसान के खाते से एक ही दिन मे तीन बार मे एक लाख की नगदी निकल गयी पीड़ित ने मामले की सूचना बैंक प्रबंधक और कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सफदरगंज के कस्बा रसौली निवासी मो.इमरान पुत्र निजामुद्दीन जो कि किसान है तथा बैंक आफ बदौड़ा शाखा बाराबंकी मे किसान का खाता संचालित है गत 5 सितंबर को बारह रबी उल अव्वल की छुट्टी होने के बाद भी पीड़ित के खाता संख्या 25150100028517 से तीन बार मे मोबाइल नम्बर 8777609496 से 50 हजार, 48 हजार व दो हजार कुल एक लाख रुपये निकल गये। पीड़ित के मोबाइल पर आये मैसेज को देख पीड़ित के पैरो तले से जमीन खिसक गयी। जिसकी सूचना पीड़ित ने तत्काल बैंक प्रबंधक और सफदरगंज पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल में किसी प्रकार की कोई कॉल नहीं आई और न ही उसने किसी को खाते से संबंधित जानकारी दी। इससे पहले भी एटीएम व बैंक खातों से पैसे निकलने की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एव मुख्यमंत्री पोर्टल पर धोखाधड़ी की शिकायत की है।

## कुटी पर भजन कार्यक्रम आयोजित

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रत्येक मंगलवार को बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली पर होने वाले सुंदर काण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया । मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्री राम स्तुति से प्रारम्भ किया श्रीराम चन्द्र कृपाल भजु मन व हरण भव्य दारूणं।फिर गणेश वंदना तुम्हें मनाऊ भोग लगाएं हे गणपति महाराज। भजन - सुंदर है नाम राम का , सुमिरन तो कीजिए ।। हे प्रभु मुझे बता दो , चरणों में कैसे आऊं । सावन की ऋतु है आजा मां हम झुला तुझे झुलायेगे। अंकित वर्मा गाया दरबार में बंशी वाले के,दुख दर्द मिटाये जाते । अर्जुन ने गाया कि जो केसरी लाल मेरा छोटा सा ये काम , मेरी राम जी कह देना जय सियाराम । रजत ने गाया बजरंगबली बाबा पार नाईया लगादेओ । बजरंगबली के जैसा राम भक्त न हुआ न होगा मतवाला ।भजन संध्या में'' माता जी हनुमान जी के सुंदर सुंदर भजन भक्तों ने गाया। सुंदरकांड व भजन संध्या के बाद उपस्थित भक्तो ने भगवान की आरती उतारी फिर प्रसाद वितरण किया गया ।इस मौके मन्दिर समिति के अध्यक्ष मोहित वर्मा श्रषि सैनी चंद्रपाल यादव,रजत वर्मा दीपक नाग पंकज वर्मा शिवा नाग डा सत्रोहन लाल अशोक।काश्यप आदि भक्त मौजूद रहे।

# बाघ की मौजूदगी को नकारने वाले अधिकारियों पर हो सख्त कार्रवाई : आरपी सिंह चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर में बाघ की आमद से ग्रामीणों में डर का माहौल, हमले में हो चुकी है दो लोगों की मौत**



सीतापुर। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान ने जनपद सीतापुर में बाघ के हमले से हुई मौतों के संबंध में मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखा है। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों के ढुलमुल रवैये की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि हाल ही में तहसील महोली के गांव नरनी में किसान सौरभ दीक्षित व बसारा में किसान राकेश वर्मा की बाघ के हमले में मौत हुई थी। वर्षों से नरनी बसारा, ब्रहमावली, कटघरा, श्यामजीरा, सीतारामपुर आदि दर्जनों गावों में बाघ आये दिन मवेशियों को अपना शिकार बनाता रहा है। ग्रामीणों द्वारा इसको लेकर स्थानीय प्रशासन से अनेक बार शिकायती की गयी किन्तु जिले में तैनात वन विभाग के अधिकारी लगातार बाघ की मौजूदगी को नकारते रहे। अब जबकि स्थानीय ग्रामीणों व मृतकों के परिजनों का कहना है कि बाघ आदमखोर हो गया है और दो किसानों को अपना शिकार बना लिया है फिर भी वन विभाग नौ दिन चले अढाई कोस की तर्ज पर काम कर रहा है और बाघ अब तक वन विभाग की पहुंच से बाहर है। रालोद महासचिव ने सीएम योगी से मांग की है कि जनपद को जल्द से जल्द बाघ की समस्या से निजात दिलाई जाय। साथ ही समस्या की अनदेखी करने वाले दोषी अधिकारियों को जांच कराकर दण्डित किया जाय।

# क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार ने फोर्टिस ग्रेटर नोएडा में अत्याधुनिक पीआईसीयू का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश स्थित जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में हेल्थकेयर अवसंरचना में एक ओर उपलब्धि शामिल करते हुए अत्याधुनिक पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) की शुरुआत हुई। इस सुविधा का उद्घाटन मंगलवार को भारतीय क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार ने किया।

उद्घाटन करने के बाद श्री कुमार ने कहा कि मैं फोर्टिस ग्रेटर नोएडा को इस अत्याधुनिक पीआईसीयू की शुरुआत के लिए दिल से बधाई देता हूं। यह एक ज़रूरी पहल है। पीआईसीयू बच्चों की गंभीर बीमारियों के इलाज में अहम भूमिका निभाता है, दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने में मदद करता है और मृत्यु दर को कम करने में सहायक साबित होता है।

गौतमबुद्धनगर में यह क्षेत्र के सबसे बड़े पीआईसीयू में से एक है, जिसमें 10 बेड और विशेष आइसोलेशन रूम शामिल हैं। यह यूनिट एक माह से 18 वर्ष तक के बच्चों के इलाज के लिए बनाई गई है। इसमें अत्याधुनिक तकनीक जैसे पीडियाट्रिक वेंटिलेटर, नॉन-इनवेसिव वेंटिलेटर, कार्डियक और न्यूरोलॉजिकल मॉनिटरिंग, हीमोडायलिसिस, आर्टेरियल और सेंट्रल लाइन सपोर्ट, हाई-फ्रीक्वेंसी वेंटिलेटर और ईसीएमओ सपोर्ट उपलब्ध है। पीआईसीयू विशेष रूप से बच्चों के लिए बनाया गया आईसीयू है। बच्चों की बीमारियां बड़ों से अलग होती हैं, इसलिए उन्हें वयस्क आईसीयू में रखना उनके लिए सुरक्षित नहीं होता। संक्रमण का खतरा भी अधिक रहता है। शहरी इलाकों और यहां आबादी बढ़ने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन की वजह से बच्चों से जुड़ी बीमारियों में तेजी आती है। डेंगू, मलेरिया, हेपेटाइटिस-ए, सांस का संक्रमण और एलर्जी-अस्थमा जैसी बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में पीआईसीयू का होना बेहद ज़रूरी है ताकि समय पर और बेहतरीन इलाज प्रदान की जा सके।

# बंदरों की उछलकूद के बीच छाया डर खत्म, अब निश्चिंत होकर पढ़ सकेंगे छात्र

**भय मुक्त हुए स्कूली बच्चे, वन कर्मियों का आभार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। स्थानीय सुप्रसिद्ध भगवान देवी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज, रामनगर में उस समय बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई जब वन विभाग की त्वरित कार्रवाई ने उनके भय को समाप्त कर दिया।कॉलेज परिसर में स्थित आम के एक पुराने पेड़ पर जहरीली बरैया भर्रे ने बड़ा छत्ता बना लिया था। उधर परिसर में आए दिन बंदरों की उछलकूद और शरारतें बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता का विषय बनी रहती थीं। ऐसे में छात्र-छात्राएँ हर समय आशंकित रहते थे कि कहीं कोई अनहोनी न घट जाए।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बृजलता जैन ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी सुश्री अल्पना पांडेय ने मामले को गंभीरता से लिया और वन दरोगा सुश्री रोली अवस्थी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। पूरी टीम ने तत्परता और कुशलता से पेड़ पर बने भर्रे के विशाल छत्ते को नष्ट कराया।इस सराहनीय कदम के बाद कॉलेज परिसर पूरी तरह सुरक्षित हो गया और छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली। वन विभाग की इस मुहिम पर कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच वन कर्मियों का आभार व्यक्त किया।कॉलेज प्रबंध समिति के प्रबंधक संजय यादव, सदस्य चंद्रप्रकाश चौरसिया, रामकुमार मौर्य एवं अनिरुद्ध दीक्षित ने भी वन विभाग की टीम को साधुवाद देते हुए कहा कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा और विश्वास दोनों को मजबूत करता है।

## भय मुक्त हुए स्कूली बच्चे, वन कर्मियों की प्रशंसा

रामनगर बाराबंकी। सुप्रसिद्ध स्थानीय भगवान देवी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज रामनगर के छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बच्चों ने वनकर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मालूम हो कि विद्यालय परिसर में एक आम का पेड़ लगा है। किसी पेड़ में जहरीली बरैया भर्रे ने छत्ता लगाया था।

कॉलेज परिसर में बंदरों की उछल कूद रहती है। इसलिए किसी भी समय अनहोनी घट सकती के दृष्टिगत बच्चे भयभीत रहते थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या बृज लता जैन ने वन विभाग को सूचना दी। वन क्षेत्राधिकारी अल्पना पांडेय ने तत्काल संज्ञान लिया और वन दरोगा सुश्री रोली अवस्थी टीम के साथ विद्यालय पहुंची, और कॉलेज में लगा भर्रे का छत्ता को नष्ट कराया। कॉलेज के प्रबंधक संजय यादव, सदस्य चंद्र प्रकाश चौरसिया, रामकुमार मौर्य, अनिरुद्ध दीक्षित ने पूरी टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी।





# एशिया कप: अमीरात के खिलाफ भारतीय ऑलराउंडर निभाएंगे बड़ी भूमिका

एजेंसी

दुबई। खिताब का प्रबल दावेदार भारत एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को यहां जब मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा तो ऑलराउंडर के जरिए टीम में पर्याप्त संतुलन स्थापित करने की कोशिश करेगा। भारत हालांकि अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि इस मुकाबले में तीसरे स्पिनर या विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के साथ उतरना है या नहीं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद से भारत ने सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर को प्राथमिकता दी है। ऐसा विशेष कर बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए किया गया है ताकि आठवें नंबर तक उसके पास अच्छे बल्लेबाज रहें। अमीरात के खिलाफ मैच 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले अभ्यास मैच की तरह होगा। कमजोर मानी जाने वाली यह टीम भारतीय




टीम प्रबंधन को इस बात का अंदाजा देगी कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए किस संयोजन के साथ मैदान में उतरना बेहतर होगा। यूएई के खिलाड़ियों के लिए यह सबसे बड़ा मैच होगा। जसप्रीत बुमराह का सामना करना या शुभमन गिल को गेंदबाज़ी करना किसी एसोसिएट देश के क्रिकेटर के जीवन में आम बात नहीं है और एशिया कप उन्हें खेल के वास्तविक माहौल से अवगत कराएगा। भारतीय टीम में संजू सैमसन बनाम जितेश शर्मा की पहेली फिलहाल सुलझ गई है। जितेश की फिनिशर की भूमिका को सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी पर प्राथमिकता मिलना तय है। शीर्ष क्रम में शुभमन गिल की वापसी से भी सैमसन के लिए अंतिम एकादश में जगह बना पाना मुश्किल हो गया है। गिल अब अभिषेक शर्मा के साथ बल्लेबाजी का आगाज करेंगे। ऐसे में तीसरा नंबर बचता है लेकिन इस स्थान पर तिलक वर्मा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह टी20 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे या चौथे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं। इसके बाद ऑलराउंडर का नंबर आता है जिसमें हार्दिक पंड्या महत्वपूर्ण हैं। वह एक उपयोगी तेज गेंदबाज होने के साथ कुशल बल्लेबाज भी हैं। फिर आते हैं बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे, जो धीमी पिचों पर भी स्पिन गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा सकते हैं। नंबर सात पर विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश आरसीबी की तरफ से आईपीएल में किए गए प्रदर्शन को देखते हुए फिट बैठते हैं। इसके बाद अक्षर पटेल का नंबर आता है जो कुशल स्पिनर होने के साथ उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। कपिल देव के बाद भारत के सबसे कुशल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और भारत के सबसे सफल टी20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह का चयन तय है, जिससे केवल एक ही स्थान खाली रह जाता है। सितंबर में एशिया कप खेले जाने का मतलब है कि दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच मार्च की तुलना में अधिक हरी-भरी और ताजा होगी, जिसमें अधिक उछाल होगा।

# भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक प्लेआफ में, पुरूष हारे

एजेंसी

ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया)। दीपिका कुमारी, गाथा खडके और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में पहुंच गई लेकिन पुरूष टीम पहले दौर से बाहर हो गई।

कंपाउंड तीरंदाज भी दो पदकों से आगे नहीं बढ सके । तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2 . 6 से हार गई। अब कांस्य पदक के लिये भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा । भारतीय महिला टीम की नजरें 2015 के बाद विश्व चैम्पियनशिप में पहले पदक पर है। भारत ने अभी तक दो पदक जीते हैं और दोनों कंपाउंड वर्ग में मिले है। पुरूष टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और ऋषभ यादव तथा ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मिश्रित टीम में रजत पदक हासिल किया। रिकर्व में महिला टीम की अगुवाई कर रही चार बार की ओलंपियन दीपिका क्वालीफिकेशन में 677 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त गाथा ने 666 और 30वीं वरीयता प्राप्त अंकिता ने 656 अंक बनाये। टीम क्वालीफिकेशन में भारत तीसरे स्थान पर रहकर सीधे दूसरे दौर में पहुंचा। तीनों ने शानदार शुरूआत करते हुए दसवीं वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया को 5-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने तुर्की को मात दी लेकिन सेमीफाइनल में जापान से हार गई। फाइनल में जापान का सामना चीनी ताइपै से होगा जिसने मेजबान दक्षिण कोरिया को शूटआफ में हराया। पुरूष रिकर्व टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसे पहले दौर में 24वीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क ने हराया । नौवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में नीरज चौहान (670 अंक, 36वीं वरीयता ), ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा (669, 39वीं) और राहुल (657, 62वीं) थे । शूटआफ तक चले मैच में भारतीय टीम 26-28 से हार गई। कंपाउंड वर्ग में ज्योति, परनीत कौर और प्रिथिका प्रदीप के व्यक्तिगत वर्ग में हारने के साथ ही भारतीय चुनौती खत्म हो गई। बीस वर्ष की परनीत कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में कोलंबिया की अलेजांद्रा से 144.145 से हारकर चौथे स्थान पर रही। परनीत ने क्वार्टर फाइनल में ज्योति को 149.147 से हराया था लेकिन सेमीफाइनल में सोफिया पेइज से 142-143 से हार गई। सातवीं बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रही 29 वर्ष की ज्योति 2017 के बाद पहली बार व्यक्तिगत वर्ग से खाली हाथ लौटेंगी। सोलह वर्ष की प्रिथिका को प्री क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की लिसेल जातमा ने 148-145 से हराया। भारत के लिये 2023 में बर्लिन में अदिति स्वामी ने महिला व्यक्तिगत खिताब जीता था । अदिति इस साल राष्ट्रीय ट्रायल के जरिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थीं।

## मैदान पर आक्रामकता के बिना काम नहीं चल सकता : सूर्यकुमार

दुबई। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले एशिया कप के मुकाबले में आक्रामकता पर अंकुश नहीं लगायेगी। भारतीय टीम बुधवार को यूएई के खिलाफ ग्रुप ए का पहला मैच खेलेगी जिसके बाद रविवार को उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। सूर्यकुमार ने टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैदान पर आक्रामकता हमेशा रहती है। अगर आपको जीतना है तो इसके बिना काम नहीं चल सकता। उनसे पूछा गया था कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में क्या खिलाड़ी आक्रामकता कम करेंगे। इसी सवाल पर पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा कि अगर कोई आक्रामक होना चाहता है तो यह उसका फैसला है। जहां तक मेरी टीम का सवाल है तो मैं कोई दिशा निर्देश किसी को नहीं देता। सूर्यकुमार ने कहा कि अच्छे अभ्यास सत्र के बाद उनकी टीम लय में है।

# जर्मनी–दक्षिण अफ्रीका मुकाबले से होगा जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप का आगाज़, मेज़बानी करेगा तमिलनाडु

एजेंसी

चेन्नई। एफआईएच हॉकी जूनियर पुरुष विश्व कप तमिलनाडु 2025 का मैच शेड्यूल सोमवार को चेन्नई में आयोजित भव्य समारोह में जारी किया गया। शेड्यूल के मुताबिक मौजूदा चैंपियन जर्मनी अपने अभियान की शुरुआत मदुरै में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रोमांचक मुकाबले से करेगा। मेज़बान भारत चेन्नई में चिली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। यह पहला मौका होगा जब 24 टीमों की भागीदारी के साथ जूनियर वर्ल्ड कप आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के पूल इस प्रकार हैं: पूल इः जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, आयरलैंड, पूल उः भारत, पाकिस्तान, चिली, स्विट्ज़रलैंड,




पूल एः अर्जेंटीना, न्यूज़ीलैंड, जापान, चीन, पूल क स्पेन, बेल्जियम, मिस्र, नामीबिया, पूल कः नीदरलैंड्स, मलेशिया, इंग्लैंड, ऑस्ट्रिया, पूल क्क फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया, बांग्लादेश, इस अवसर पर एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इक़राम ने कहा- पहली बार 24 टीमों के साथ जूनियर विश्व कप होना हमारे लिए ऐतिहासिक है। यह उभरते देशों को भी बड़े मंच पर मौका देगा। तमिलनाडु अपनी संस्कृति और हॉकी प्रेम से टूर्नामेंट को यादगार बनाएगा। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा- ॡतमिलनाडु के लिए यह गर्व का क्षण है कि हम चेन्नई और मदुरै में विश्व कप की मेज़बानी करेंगे। यह आयोजन युवाओं को हॉकी अपनाने के लिए और प्रेरित करेगा। हॉकी इंडिया अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, यह ऐतिहासिक संस्करण भारतीय हॉकी के लिए गर्व की बात है। अब काउंटडाउन शुरू हो चुका है। महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, ॡफिक्स्चर्स के ऐलान से खिलाड़ियों और दर्शकों की उत्सुकता दोगुनी हो गई है। चेन्नई और मदुरै मिलकर त्योहार जैसे माहौल में दुनिया का स्वागत करेंगे। समारोह में एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इक़राम, तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अतुल्य मिश्रा (आईएएस), स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु (एसडीएटी) के सीईओ/सदस्य सचिव थिरु जे. मेघनाथा रेड्डी (आईएएस), हॉकी इंडिया अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष श्री शेखर जे. मनोहरन उपस्थित रहे।

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है: हेजलवुड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी। उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है।

# प्रल्हाद जोशी आज अत्याधुनिक ईवी परीक्षण सुविधा का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी 10 सितंबर को कोलकाता के अलीपुर क्षेत्रीय प्रयोगशाला में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परीक्षण सुविधा का उद्घाटन करेंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि सतत गतिशीलता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के भारत के मिशन के अनुरूप यह उद्घाटन राजधानी नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा। मंत्रालय के मुताबिक उन्नत बुनियादी ढांचे से सुसज्जित यह प्रयोगशाला ईवी बैटरियों और उनके पुर्जों पर महत्वपूर्ण परीक्षण करेगी, जिनमें विद्युत सुरक्षा, एफसीसी या आईएसईडी अनुपालन, कार्यात्मक सुरक्षा, स्थायित्व, जलवायु परीक्षण (आईपी, यूवी, संक्षारण) और यांत्रिक एवं भौतिक सुरक्षा (ज्वलनशीलता, ग्लो वायर, आदि) शामिल हैं। ये सुविधा विशेष रूप से पूर्वी भारत में ईवी बैटरी निर्माताओं को विश्वसनीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त परीक्षण और प्रमाणन प्रदान करेगी, जिससे उत्पाद सुरक्षा, प्रदर्शन और नियामक अनुपालन सुनिश्चित होगा। मंत्रालय के मुताबिक इस सुविधा की स्थापना एक सशक्त ईवी इकोसिस्टम बनाने, आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू निर्माताओं को किफायती परीक्षण सेवाओं के साथ दृढ़ बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस विकास के साथ एनटीएच भारत के सतत परिवहन में एक प्रमुख प्रवर्तक और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत करता है।

# नई जीएसटी दरों में निर्बाध बदलाव के लिए व्यवसायों का सहयोग जरूरी: सीबीआईसी



एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने व्यापार और उद्योग से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए कर अधिकारियों की सक्रिय पहुंच की जरूरत पर जोर दिया है। कर अधिकारियों को लिखे एक पत्र में संजय अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि इन परिवर्तनकारी सुधारों के प्रभावी होने के साथ व्यापार और उद्योग जगत को इस बदलाव को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में मदद करना समय की मांग है। सीबीआईसी प्रमुख ने कहा कि करदाताओं को संशोधित कर दरों और अनुपालन सरलीकरणों की स्पष्ट समझ सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय पहुंच और प्रभावी संवाद बेहद जरूरी होंगे। उन्होंने कहा कि अधिक जागरूकता से न केवल भ्रम कम होगा, बल्कि व्यवसायों, विशेषकर छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को सुधारों को सहजता से अपनाने और उनसे पूर्ण लाभ उठाने में भी मदद मिलेगी। संजय कुमार अग्रवाल ने 375 वस्तुओं पर घटी हुई जीएसटी दरों के प्रभावी होने पर व्यवसायों को सक्रिय सहयोग देने पर जोर दिया है। उन्होंने कर अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे व्यापार और उद्योग जगत को इस बदलाव के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि संशोधित दरों और अनुपालन सरलीकरण की स्पष्ट समझ सुनिश्चित हो सके। जीएसटी परिषद ने पिछले हफ्ते अपनी 56वीं बैठक में जीएसटी दरों को 5 और 18 फीसदी की दो-स्तरीय संरचना बनाने को मंजूरी दी है, जिसमें तंबाकू और संबंधित उत्पादों तथा अति-विलासिता वस्तुओं पर 40 फीसदी की विशेष दर लागू होगी। नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। फिलहाल जीएसटी की 5, 12, 18 और 28 फीसदी की दरें लागू है।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**रेलगाड़ियों के ठहराव की बहाली**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों को उनके समक्ष दर्शाये गये स्टेशनों पर ठहराव को निम्नानुसार पुनः बहाल करने का निर्णय लिया गया है:–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | स्टेशन का नाम | समय–सारणी आगमन | समय–सारणी प्रस्थान | तिथि (आरमिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12590 | चर्लपल्ली | गोरखपुर | बेल्लमपल्ली | 01:09 | 01.10 | 11.09.2025 |
| 12591 | गोरखपुर | यशवंतपुर | सिरपूर कागजनगर | 08:29 | 08:30 | 13.09.2025 |
| 12592 | यशवंतपुर | गोरखपुर | सिरपूर कागजनगर | 10:54 | 10:55 | 15.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | जम्मीकुंटा | 01:34 | 01:35 | 10.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | रामगुंडम | 02:24 | 02:25 | 10.09.2025 |
| 12721 | हैदराबाद | हजरत निजामुद्दीन | बेल्लमपल्ली | 03:05 | 03:06 | 10.09.2025 |
| 12722 | हजरत निजामुद्दीन | हैदराबाद | पेद्दपल्ली जं. | 22:54 | 22:55 | 10.09.2025 |
| 12722 | हजरत निजामुद्दीन | हैदराबाद | जम्मीकुंटा | 23:19 | 23:20 | 10.09.2025 |
| 12751 | हजूर साहिब नांदेड | जम्मू तवी | बसमत | 12:19 | 12:20 | 12.09.2025 |
| 12752 | जम्मू तवी | हजूर साहिब नांदेड | बसमत | 13:44 | 13:45 | 14.09.2025 |
| 16031 | चेन्नै सेंट्रल | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | बिट्रगुंटा | 08:13 | 08:15 | 11.09.2025 |
| 16032 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | चेन्नै सेंट्रल | बिट्रगुंटा | 02:13 | 02:15 | 12.09.2025 |
| 16093 | चेन्नै सेंट्रल | लखनऊ जं. | बिट्रगुंटा | 08:13 | 08:15 | 13.09.2025 |
| 16094 | लखनऊ जं. | चेन्नै सेंट्रल | बिट्रगुंटा | 02:13 | 02:15 | 11.09.2025 |
| 22669 | एरणाकुलम जं. | पटना जं. | रामगुंडम | 00:49 | 00:50 | 13.09.2025 |
| 22669 | एरणाकुलम जं. | पटना जं. | बेल्लमपल्ली | 01:19 | 01:20 | 13.09.2025 |
| 22683 | यशवंतपुर | लखनऊ | मलकाजगिरी | 11:05 | 11:06 | 15.09.2025 |
| 22684 | लखनऊ | यशवंतपुर | मलकाजगिरी | 00:39 | 00:40 | 18.09.2025 |

विस्तृत जानकारी के लिए रेलयात्री कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

2745/25

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-AY-BCrush-110-25-1 (Misc Static Services Bottle crushing machine) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.09.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-BSB-THDPK-95-25-1 (Misc Static Services-Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.09.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.09.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OSD-582-25-1 (Advertising -On Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.09.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OSD-583-25-2 (Advertising -On Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.09.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-AY-OSD-581-25-1 (Advertising -On Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.09.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-Int-248107-1-25-1 (Advertising -Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.09.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-Int-250095-1-25-1 (Advertising -Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.09.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-Int-250095-2-25-1 (Advertising -Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.09.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-Int-221981-2-25-1 (Advertising -Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.09.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-Int-248107-3-25-1 (Advertising -Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.09.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-AME-OH-567-25-1 (Advertising -OUT Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.09.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-570-25-1 (Advertising -OUT Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.09.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/LKO DIV/Publicity/CPRO/2025/KKG Dt. 08.09.2025 2728/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खरगे-राहुल की सीट बंटवारे को लेकर बिहार के नेताओं के साथ बैठक

एजेंसी



नयी दिल्ली। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर स्थानीय स्तर पर पार्टी की स्थिति की जानकारी ली और सीट बंटवारे की संभावनाओं पर चर्चा की।

श्री खरगे तथा श्री गांधी की मौजूदगी में पार्टी अध्यक्ष के आवास पर मंगलवार शाम को हुई इस बैठक में कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, तारिक अनवर, पार्टी के बिहार के प्रभारी कृष्णा अलेवरु, बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार, रंजीता रंजन, कन्हैया कुमार, पप्पू यादव तथा मोहम्मद जावेद साहित कई नेताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक के बाद श्री अलेवरु ने बताया कि महागठबंधन के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर सबकुछ ठीक चल रहा है और इस बारे में लगातार गठबंधन सहयोगियों के साथ चर्चा चल रही है। फिलहाल सब कुछ सकारात्मक है और उम्मीद है कि सीट बंटवारे को लेकर जल्द ही सभी दलों के साथ सहमति बन जाएगी। उनका कहना था कि सीटों के बंटवारे को लेकर एक बार बात पूरी हो जाएगी तो पूरी जानकारी साझा कर दी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बिहार के नेता अपने नेतृत्व को जमीनी हकीकत बताने के लिए यहां आये और पार्टी अध्यक्ष के आवास पर उनसे मुलाकात की। हमने पार्टी नेतृत्व को फीड बैक दिया है और जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनको नेतृत्व आगे बढाएगा जिससे सीटों के बंटवारे का काम आसान हो जाएगा। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने कहा कि बैठक में गठबँधन पर चर्चा के साथ ही स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में लोगों ने बिहार की समस्याओं को लेकर विचार रखे। इस दौरान अपने अपने इलाकों की समस्याएं और अन्य मुद्दों को भी कांग्रेस नेतृत्व के समक्ष रखा गया। आने वाले चुनाव में गठबंधन करने की रणनीति पर काम करते हुए आगे बढ रहे हैं और इस बारे में कई पहलुओं पर चर्चा हुई है। बैठक में मौजूद कई लोगों ने गठबंधन को लेकर अपने विचार और अपने इलाकों की समस्या रखी।

# अपने विकास की जिम्मेदारी ले जनजातीय समुदाय और खुलकर विचार रखे : राष्ट्रपति

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मंगलवार को विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठित जनजातीय लोगों के समूह ने मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि वास्तविक सशक्तीकरण केवल योजनाओं से नहीं आता, बल्कि अधिकारों की मान्यता और सम्मान से होता है।

उन्होंने जनजातीय समुदायों से अपनी विकास यात्रा की जिम्मेदारी लेने और विभिन्न मंचों पर खुलकर अपने विचार रखने का आग्रह किया। उन्होंने आदिवासी समाज की परंपराओं और संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए उन्हें तकनीक के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने हाल ही में शुरू किए गए एआई-आधारित अनुवाद उपकरण 'आदि वाणी' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह आदिवासी भाषाओं और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। सितंबर 2025 में लॉन्च हुआ यह बीटा संस्करण दुनिया का पहला एआई संचालित स्वदेशी भाषा सेतु उपकरण है। यह सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समावेशन के लिए अहम साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम जनजातीय कार्य मंत्रालय के 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत जनजातीय नेताओं की कई बैठकें राष्ट्रपति भवन में हो चुकी हैं। आज की यह मुलाकात इस शृंखला की अंतिम बैठक थी। राष्ट्रपति ने उपस्थित जनजातीय प्रतिनिधियों से कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान संवाद और सहयोग का एक अनोखा प्रयास है। इसका उद्देश्य न सिर्फ जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण का सक्रिय भागीदार बनाना भी है। उन्होंने कहा कि हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि आदिवासी समुदाय केवल लाभार्थी न रहकर भविष्य के सह-निर्माता बनें। बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान पर बनी एक फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम और राज्यमंत्री दुर्गादास उइके भी मौजूद रहे।

## लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में भीषण हिमस्खलन, तीन सैनिकों का बलिदान

लद्दाख। सियाचिन ग्लेशियर में मंगलवार को हिमस्खलन ने सेना की एक पोस्ट को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में भारतीय सेना की महार रेजिमेंट के तीन जवान बलिदान हो गए, जिनमें से दो अग्निवीर थे। यह जवान करीब पांच घंटे तक बर्फ के नीचे दबे रहे, जिसके बाद बचाव दल मौके पर पहुंच पाया। सेना के मुताबिक एक आर्मी कैप्टन भी इस हिमस्खलन में फंस गए थे, लेकिन उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है। सेना की विशेष टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं और बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए लेह और उधमपुर से अतिरिक्त दल को बुलाया गया है। दरअसल, सर्दियों के दौरान सियाचिन और लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में अक्सर हिमस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं। सियाचिन दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र है, जहां भारतीय सैनिक माइनस 60 डिग्री तापमान, तेज़ हवाओं और बर्फ़ से ढकी चोटियों के बीच डटे रहते हैं। अब तक सियाचिन में कठोर मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की वजह से एक हजार से ज्यादा भारतीय सैनिक बलिदान हो चुके हैं। यहां जवान केवल दुश्मन से ही नहीं, बल्कि कठोर मौसम और बर्फ़ीले तूफ़ानों से भी लगातार जंग लड़ते हैं। आगे की जानकारी का अभी इंतजार है।

# स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए दो अक्टूबर को भाजपा के सभी सांसद खरीदेंगे खादी के उत्पाद

एजेंसी

नई दिल्ली। स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सांसद और कार्यकर्ता दो अक्टूबर को खादी के उत्पाद खरीदेंगे।

मंगलवार को नई दिल्ली में भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. के लक्ष्मण ने मीडिया से बातचीत में बताया कि दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन सभी सांसद खादी की खरीद करेंगे ताकि स्वदेशी उत्पाद बनाने वालों को प्रोत्साहन मिल सके। इसके साथ प्रत्येक सांसद अपने क्षेत्र में स्वदेशी मेला आयोजित करेंगे, स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करें और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देंगे।

डॉ. के. लक्ष्मण ने दो दिवसीय सांसद कार्यशाला में लिए गए फैसलों के बार में कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य सांसदों की कौशल वृद्धि, विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से नवाचारों का आदान-प्रदान और राष्ट्र की बेहतर सेवा के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करना था। सांसदों को उनके क्षेत्र की प्रकृति के आधार पर समूहों में बांटा गया- शहरी, ग्रामीण, तटीय, पूर्वोत्तर, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र और स्थायी समितियां। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी के समूह से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, धैर्यपूर्वक सुना और अपने अनुभव साझा किए। शहरी सांसदों से उन्होंने शहरी प्रशासन, स्वच्छता और रीयल एस्टेट (रेग्युलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट, 2016 (रेरा) की सफलता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि भाजपा ने 'सेवा पखवाड़ा' की शुरुआत करने का फैसला किया है जिसकी शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविरों से होगी। इसके साथ 100 स्थानों पर नमो मैराथन (10,000+ प्रतिभागियों के साथ) का आयोजन किया जाएगा। जिससे फिट इंडिया, नशा मुक्त भारत और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा गांव से संसद स्तर तक (मंडल, जिला, राज्य) तीन महीने यानि 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक खेल उत्सव मनाएगी। के लक्ष्मण ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक देश के गांव गांव में खेल उत्सव मनाया जाएगा।

# ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन ने पेपर पर जीएसटी बढ़ोतरी पर जताई चिंता

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण से अपील की है कि 22 सितंबर 2025 से लागू होने वाली पेपर और पेपरबोर्ड पर प्रस्तावित जीएसटी दर में वृद्धि (12% से 18%) को वापस लिया जाए।

एसोसिएशन ने भले ही कार्टन, बॉक्स और केस (एचएसएन 4819 10 और 4819 20) पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% किए जाने के फैसले का स्वागत किया है, लेकिन चेतावनी दी है कि पेपर पर 18% की उच्च दर उद्योग की 92% सूक्ष्म और लघु इकाइयों को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी। ये इकाइयां मिलकर देश की जीडीपी में ?1.2 लाख करोड़ का योगदान देती हैं और लगभग 25 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं।



ओपीए के अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने कहा, ''प्रिंटिंग और पैकेजिंग शिक्षा, एफएमजीसी, दवाइयों, रिटेल और निर्यात जैसे क्षेत्रों के मौन इंजन हैं। केवल पैकेजिंग ही भारत के ?80,000 करोड़ के पेपर बाजार का लगभग 65% हिस्सा है। जब तैयार पैकेजिंग पर जीएसटी 5% और कच्चे पेपर पर 18% लगाया जाएगा, तो 13% का इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर उत्पन्न होगा। इससे कार्यशील पूंजी फंस जाएगी, प्रतिस्पर्धा घटेगी और उद्योग की लगभग 30% सूक्ष्म इकाइयाँ एक वर्ष के भीतर बंद होने की कगार पर पहुंच जाएंगी। यह न केवल व्यापार बल्कि 25 लाख लोगों की आजीविका और 1.2 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था को खतरे में डाल देगा।

ओपीए के महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने सामाजिक प्रभाव की चेतावनी देते हुए कहा, ''कागज़ केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति की आत्मा है। भारत की लगभग 2.5 लाख प्रिंटिंग इकाइयों में से 70% पाठ्यपुस्तकों और शैक्षणिक सामग्री के निर्माण में लगी हैं। जीएसटी को 12% से बढ़ाकर 18% करने से स्कूल की किताबों की कीमतें 10ऽ15% तक बढ़ सकती हैं, जिससे 20 करोड़ छात्रों और लाखों परिवारों पर सीधा असर पड़ेगा। जब पहले से ही शिक्षा की लागत बढ़ रही है, यह कदम 'सर्व शिक्षा अभियान' के लक्ष्य को कमजोर कर देगा और सामाजिक असमानता को और गहरा करेगा।

## एनआईए ने आईएसआईएस से जुड़े आतंकी साजिश मामले में 21 स्थानों पर तलाशी ली

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस और अन्य आतंकवादी संगठनों से जुड़े एक आतंकी साजिश मामले में पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। इसके तहत बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर में कुल 21 स्थानों पर व्यापक पैमाने पर तलाशी ली गयी। एनआईए ने इसी साल जून में तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले में कयार पुलिस से यह मामला अपने हाथ में लिया था और उसने तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेजी सामग्रियों के साथ-साथ मोबाइल फोन सहित कई डिजिटल उपकरण जब्त किए। यह मामला अखलाथुर उर्फ मोहम्मद अखलाक मुजाहिद की गिरफ्तारी से सामने आया, जिसने कथित तौर पर भारत में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए दूसरों के साथ साजिश रची थी। इस साजिश का उद्देश्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ जिहाद छेड़ने के लिए लोगों और सामग्री का समर्थन जुटाना था। एनआईए की जांच के मुताबिक, आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए इन आतंकी संगठनों के संपर्क में था। उसके पाकिस्तान और सीरिया में कई संस्थाओं के साथ संबंध पाए गए हैं।मामले की जांच जारी है।

## गुजरात के 18 लोग नेपाल में फंसे, गोहिल ने केंद्र सरकार से मदद मांगी

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने मंगलवार को कहा कि नेपाल की राजधानी काठमांडू से उड़ानें ठप हो गयी हैं जिसके कारण कई भारतीय नागरिक वहां फंस गये हैं जिनमें 18 गुजराती लोगों का ग्रुप भी शामिल है। जानकारी के अनुसार काठमांडू, ललितपुर समेत कई जिलों में कर्फ्यू लगा हुआ है। काठमांडू एयरपोर्ट पर उड़ाने ठप हैं और यहां भारत के दूसरे राज्यों के अलावा गुजरात के 18 लोग भी फंसे हुए हैं। श्री गोहिल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, '' गुजरात के 18 लोग नेपाल मे फंसे हुए है। कांग्रेस सांसद ने इसे लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्री एस जयशंकर से सोशल मीडिया पर मदद माँगी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ''तुरंत हमारे नागरिकों को भारत लाने की व्यवस्था करें। नागरिकों में महिला और बच्चे भी हैं।'' श्री गोहिल ने फँसे हुए लोगों की ग्रुप की डिटेल्स और एयरपोर्ट की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। गौरतलब है नेपाल में छात्रों का सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन जारी है। इस बीच नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शन के चलते मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल सहित कई शीर्ष राजनीतिक नेताओं के आवास पर भी हमला किया है और संसद भवन में भी जमकर तोड़फोड़ की है।

# पेज एक का शेष

### ओली ने छोड़ी...

इस बात पर ज़ोर दिया कि स्थिति को स्थिर करने और आगे किसी भी प्रकार की हताहत या संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए नागरिकों का सहयोग और सभी पक्षों का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। काठमांडू मेयर और लोकप्रिय नेता बालेंद्र ने भी लोगों से संयम बरतने की अपील की है। एक फ़ेसबुक पोस्ट में, मेयर शाह ने स्वीकार किया कि चल रहे प्रदर्शन ''पूरी तरह से जेनरेशन ज़ेड का आंदोलन'' हैं और इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार का इस्तीफ़ा पहले ही मिल चुका है। उन्होंने लिखा, ''प्रिय जेनरेशन ज़ेड, सरकार के इस्तीफ़े की आपकी माँग मान ली गई है। अब संयम बरतने का समय है। देश में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ सोमवार को कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। प्रदर्शनकारी कई स्थानों पर उग्र हो गए और उन्होंने आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस की कार्रवाई में कल 20 लोगों की मौत हो गई थी और 350 लोग घायल हो गए थे। इसके बाद कई मंत्रियों ने इस्तीफ़े दे दिए थे। इनमें गृहमंत्री रमेश लेखक और चार अन्य मंत्री शामिल थे। देश में कई जगहों पर उपद्रव की खबरें लगातार आ रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने नेपाली कांग्रेस के प्रमुख शेर बहादुर देउबा और विदेश मंत्री आरजू राणा पर भी हमला करके घायल कर दिया। गंभीर हालात देखते हुए काठमांडू हवाई अड्डे से सभी उड़ानें स्थगित कर दी गई हैं। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने आज रात सभी उड़ानें स्थगित कर दी हैं। हवाई अड्डे के आसपास और रनवे पर धुआँ दिखाई देने के कारण हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। भारत ने नेपाल के सभी पक्षों को संयम बरतने और समस्या का शांतिपूर्ण हल निकालने की अपील की है। भारत इस पूरे घटनाक्रम पर नजदीकी से नजर बनाए हुए है। ऑस्ट्रेलिया, फ़िनलैंड, फ़्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका ने नेपाल में प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। एक संयुक्त बयान में इन देशों ने कहा, ''हम काठमांडू और नेपाल के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की दुखद हानि और घायलों की संख्या भी शामिल है, से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इससे पहले श्री ओली ने देश में जारी उग्र प्रदर्शन, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं को देखते हुए इस्तीफा देने का ऐलान किया था। उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा, ''देश में व्याप्त असाधारण स्थिति को ध्यान में रखते हुए और संवैधानिक राजनीतिक समाधान और समस्या के हल की दिशा में आगे के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए, मैं तत्काल प्रभाव से प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देता हूं। श्री ओली ने 15 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था। इससे पहले भी वह अक्टूबर 2015 से अगस्त 2016 और फरवरी 2018 से जुलाई 2021 तक पद पर रह चुके थे। बतौर प्रधानमंत्री यह उनका चौथा कार्यकाल था। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल के शक्ति परीक्षण के दौरान प्रतिनिधि सभा का विश्वास हासिल करने में विफल रहने के बाद राष्ट्रपति ने नयी सरकार बनाने के लिए बुलाया था। श्री ओली ने अपने समर्थन में 166 सांसदों के हस्ताक्षर प्रस्तुत किए थे। कुल 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सरकार बनाने के लिए न्यूनतम 138 सदस्यों की आवश्यकता होती है। इनमें नेपाली कांग्रेस के 88 और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी - यूनाइटेड मार्क्सवादी-लेनिनवादी ( यूएमएल) के 78 सदस्य थे। उन्होंने भारत के साथ नेपाल के पारंपरिक रूप से घनिष्ठ व्यापारिक संबंधों के विकल्प के रूप में चीन के साथ संबंधों को मजबूत किया।

### राजशाही के अंत के...

दौरान सोमवार को पुलिस की कार्रवाई में 20 लोगों की मौत हो गयी और करीब साढे तीन सौ लोग घायल हो गये। सरकार ने सोमवार को ही सोशल मीडिया पर पाबंदी हटा ली थी लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और आज फिर सड़कों पर उतर आये और प्रधानमंत्री के इस्तीफ़े की मांग की। नेपाल का मौजूदा घटनाक्रम प्रधानमंत्री ओली के चीन में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेकर स्वदेश लौटने के बाद हुआ है। उनके इसी महीने ही भारत दौरे पर आने की संभावना थी। श्री ओली करीब बारह महीने पहले प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक भारत यात्रा पर नहीं आये थे। भारतीय विदेश सचिव उनके भारत दौरे की तैयारी के सिलसिले में पिछले महीने नेपाल यात्रा पर गये थे। नेपाल के इस घटनाक्रम को भारत के एक और पड़ोसी देश बंगलादेश के पिछले वर्ष के घटनाक्रम की तरह ही देखा जा रहा है। उस समय बंगलादेश में छात्र विरोध प्रदर्शन के उग्र आंदोलन का रूप लेने के बाद वहां की प्रधान मंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी थी। नेपाल में पिछले करीब तीन दशकों में अनेक आंदोलन हुए हैं। वर्ष 1990 में जनआंदोलन में राजशाही के खिलाफ किये गये प्रदर्शन में सैकड़ों मौतें हुई। वर्ष 1996 से 2006 तक चले माओवादी विद्रोह में कम्युनिस्ट विद्रोहियों और सरकार के बीच गृहयुद्ध जैसी स्थिति बन गयी जिसमें 17 हजार से अधिक लोग मारे गये। वर्ष 2006 में दूसरा जनआंदोलन हुआ जिसने राजशाही को कमजोर कर गणतंत्र का मार्ग प्रशस्त किया। वर्ष 2007 से 2008 के दौरान हुए मधेसी आंदोलन में तराई क्षेत्र में जातीय नेपाली अधिकारों की मांग के चलते हुई हिंसा में अनेक लोग मारे गये। वर्ष 2015 में मधेसी-ठारू प्रदर्शन , वर्ष 2019 से 2020 तक नागरिकता कानून और भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शन में काठमांडू और तराई में हिंसा तथा पुलिस कार्रवाई में कई लोग घायल हुए । वर्ष 2023 से 24 तक हुए राजशाही समर्थकों के प्रदर्शन में भी हिंसक झड़पें हुईं।

### किसी भी युद्ध...

दोनों राष्ट्रपतियों ने बस इस बात पर चर्चा की थी कि कितनी जमीन का आदान-प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जब रूस युद्ध में उतरा, तो हमने हमेशा सोचा था कि यह युद्ध केवल 10 दिनों तक चलेगा। जैसा कि हमने देखा कि ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 वर्षों तक चला, लेकिन जब ऑपरेशन सिंदूर की बात आई, तो हमें यकीन नहीं था कि यह कितने दिनों तक चलेगा। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद कई लोगों ने सवाल उठाया कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई चार दिन के टेस्ट मैच में ही क्यों खत्म हो गई जनरल द्विवेदी ने इससे पहले शुक्रवार को लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस 'टिनी' ढिल्लों (सेवानिवृत्त) की पुस्तक 'ऑपरेशन सिंदूरः पाकिस्तान के अंदर भारत के गहरे हमलों की अनकही कहानी' के विमोचन समारोह में भी युद्ध में थल सेना की भूमिका के बारे में बताया था। यह पुस्तक 'चार दिवसीय युद्ध' का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है, जिसमें भारत की सैन्य व्यावसायिकता, खुफिया प्रगति और कूटनीतिक सूझबूझ पर प्रकाश डाला गया है, जिसने पाकिस्तान और उसके आतंकी ढांचे के विरुद्ध एक सशक्त संदेश देते हुए क्षेत्रीय स्थिरता को सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया। थल सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने बताया कि सेना अकेले युद्ध नहीं लड़ती। हमारे पास सीमा सुरक्षा बल और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस है। फिर तीनों सेनाएं, रक्षा साइबर एजेंसियां, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसियां हैं। इसके अलावा इसरो, नागरिक सुरक्षा, नागरिक उड्डयन, रेलवे, एनसीसी, राज्य और केंद्र प्रशासन जैसी एजेंसियां भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर इतनी सारी एजेंसियों से निपटना है, तो सेनाओं का थिएटराइजेशन ही इसका समाधान है, क्योंकि कमान की एकता ज्यादा जरूरी है। कार्यान्वयन में समन्वय स्थापित करने के लिए आपको एक कमांडर की जरूरत होती है। सेना प्रमुख ने युद्ध में तकनीकी प्रगति की तेज गति का जिक्र किया, क्योंकि लक्ष्य लगातार बदलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं चाहता हूं कि कोई चीज 100 किलोमीटर की दूरी से दागी जाए, तो कल उसे 300 किलोमीटर तक जाना होगा। यह इसलिए है कि सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि विरोधी भी अपनी तकनीक बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे उसकी तकनीक बढ़ रही है, तो मुझे भी यह सुनिश्चित करना होगा कि मेरा तकनीकी स्तर उसके तकनीकी प्रभाव को मात देने के लिए तैयार हो। यहां आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण हो जाती है।

### फ्लैटों का कब्जा...

नियंत्रण में नहीं थी। यह भी तर्क दिया कि आवंटियों ने बगैर किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया, ऐसे में उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि, कोर्ट ने दलीलों को नहीं माना और अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा था कि बिल्डर को 1 जनवरी 2020 से 13 अक्तूबर 2022 तक की अवधि का बिलंब ब्याज देना होगा। यह एमआईसीआर से एक प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि, इस अवधि में से कोविड - 19 के कारण छह महीने की छूट देने कभी निर्देश दिया था।

### सशक्त समाज...

प्रतीक है। शिक्षा से ही भारत को आगे ले जाने की सफल कल्पना कर सकते है। आज टेक्नालोजी का समय है। हमें सचेत रहने की आवश्यकता है और टेक्नालोजी के सदुपयोग से हम विकसित भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ा सकते है। इसके दुरूपयोग से हमें बचना चाहिए। जब कोरोना काल में पूरी दुनिया चिन्ता की नीद में सोई हुई थी तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आनलाइन मीटिंग, क्लासेज का शुभारम्भ हुआ और इसके जानकार अपनी कन्टेन्ट डालकर पूरी दुनिया को संदेश दिया कि भारत आज भी विकसित राष्ट्र की श्रेणी में है भारत कभी पीछे हटना वाला नही है। योगी ने कहा कि चार सौ साल पहले भारत अर्थव्यवस्था में नम्बर एक पर था लेकिन भारत को लूटा गया, छीना गया फिर भी भारत 1947 में आजाद हुआ और विकसित राष्ट्र की श्रेणी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जाना जाता है। विरोधी ताकतें कभी ये नही चाहती थी कि भगवान श्रीराम का भव्य मन्दिर बने लेकिन हमने अपनी संस्कृति, आदर्श का 500 वर्ष बाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें अपने देश से प्रेम, संस्कृति, साहित्य तथा अपने महापुरूषों के बारे ओत-प्रोत करती है। बिना शिक्षा के जानकारी के हम महाराजा सुहेलदेव को भूल गये थे जिन्होंने बहराइच में गजनवी के सेनापति सैयद सालार मसूद गाजी को पराजित करके मारडाला था लेकिन जब उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो बहराइच में महाराज सुहेलदेव की स्मृति का भव्य निर्माण कराया गया और आजमगढ़ में उनके नाम से विश्वविद्यालय की स्थापना करायी गयी। उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में विकसित हो रहा है। आज हम सब लोगों को मिलकर देशहित में काम करना चाहिए जिससे हमारा देश आगे बढ़े और दुनिया के सामने अपनी संस्कृति, पहचान, आदर्श स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि महार्षि वाल्मीकि ने जब नारद जी से पूछा कि मुझे एक पुस्तक लिखनी है किस पर लिखू तो उन्होंने कहा कि रामो विग्रह धर्माः मतलब राम धर्म के गुरू है, गौरव है उनके नाम पर पुस्तक लिखा जाय आज हम उस गौरव की अनुभूति कर रहे है जब 500 वर्ष बाद भगवान श्रीराम का भव्य मन्दिर बनकर तैयार हो गया और लाखों की संख्या में यहां दर्शन करने के लिए लोग आते है तब यहां की संस्कृति को अपनाते है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला, विधायक अजय सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत संजय चौधरी, गोरक्षप्रांत के प्रचारक रमेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 'मानव अंतरिक्ष...

खड़ा होना होगा। इसरो प्रमुख ने बताया कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 400 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया। मिशन में पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों का उपयोग किया गया। इस दौरान सभी उपग्रह पूरी तरह सक्रिय रहे और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जरूरतें पूरी की गईं। यह इस बात का सबूत है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अब रक्षा के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बड़े पैमाने पर ड्रोन और लाइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल हुआ। इस मिशन में भारत के स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश तीर की क्षमताओं का भी परीक्षण किया गया। इससे यह साबित हुआ कि भविष्य के सशस्त्र संघर्षों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और उपग्रह डेटा की भूमिका बेहद अहम होगी।

### संघ के साधारण...

उनके नेतृत्व में, भारत से कॉयर निर्यात 2532 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वह 2020 से 2022 तक, भाजपा की केरल इकाई के प्रभारी रहे। श्री राधाकृष्णन को प्रशासनिक क्षेत्र का भी अच्छा अनुभव है। उन्हें 18 फ़रवरी, 2023 को, झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। अपने पहले चार महीनों के दौरान, उन्होंने झारखंड के सभी 24 ज़िलों की यात्रा की और नागरिकों और ज़िला अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने 31 जुलाई 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल के रूप में उन्होंने करीब लगभग डेढ़ वर्ष तक कार्य किया। उन्होंने तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का कार्यभार भी संभाला । श्री राधाकृष्णन अपने कॉलेज के दिनों में टेबल टेनिस में कॉलेज चैंपियन और लंबी दूरी के धावक थे। उन्हें क्रिकेट और वॉलीबॉल का भी शौक था। श्री राधाकृष्णन ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, सहित कई देशों की यात्रा की है।

# नीतीश कैबिनेट की बैठक में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी समेत कुल 26 एजेंडों पर लगी मुहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 26 प्रस्तावों पर मुहर लगी। राज्य सरकार ने जहां आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाया, वहीं थानों में सीसीटीवी लगाने और नए संस्थानों के निर्माण पर भी हरी झंडी दे दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत 50 करोड़ की राशि की स्वीकृति दे दी। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय सात हजार (7000) रूपए प्रतिमाह से बढ़ा कर नौ हजार रुपये प्रतिमाह (9000) तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय चार हजार (4000) रूपए से प्रतिमाह से



बढ़ाकर साढ़े चार हजार (4500) रूपए प्रतिमाह करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह बढ़ोतरी एक अक्टूबर से लागू हो जायेगी। इसके तहत कुल 3,45,19,20,000 (तीन सौ पैतालिस करोड़ उन्नीस लाख बीस हजार)के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट की बैठक में मुंगेर जिला में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 466.49 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए एक अरब 24 करोड़ 62 लाख 50 हजार 175 रुपये की स्वीकृति दी गयी है। पटना में जीविका मुख्यालय भवन के निर्माण के लिए 73 करोड़ 66 लाख 15000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के नगर निकायों के बकाया विद्युत विपत्रों के भुगतान के लिए 400 करोड रुपये की स्वीकृति दी गयी। बैठक में 'फ़ेलोशिप योजना' को भी स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन को राज्य के छह शहरों पटना, गयाजी, छपरा, सहरसा, भागलपुर और बेगूसराय में एलपीजी गैस आधारित शवदाह गृह की स्थापना और संचालन के लिए संबंधित शहरों में एक-एक एकड़ भूमि एक रूपये की टोकन पर दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई है। यह लीज 33 वर्षों की अवधि के लिए होगी। कैबिनेट की बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए राजस्व कर्मचारियों के 3303 अतिरिक्त पदों की स्वीकृति दी गई है।

# शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत दिया स्वच्छता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को जनकपुरी इलाके में 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में स्थानीय निवासियों, स्कूल छात्रों और सामुदायिक समूहों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान आशीष सूद ने कहा कि यह सिर्फ सफाई का अभियान नहीं है, बल्कि लोगों का दिल्ली के भविष्य को संवारने का संकल्प है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' से प्रेरणा लेते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सूद ने बताया कि इस अभियान के तहत जनकपुरी की हर गली-नुक्कड़ को कूड़ा मुक्त बनाने का लक्ष्य है, ताकि दिल्ली एक स्वच्छ और सुंदर राजधानी के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान दिल्ली सरकार की व्यापक



स्वच्छता पहल का हिस्सा है, जो 1 अगस्त से चल रही है। सूद ने अभियान के दौरान स्थानीय लोगों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाएं और कचरा अलग-अलग डिब्बों में डालने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूलों, आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन) और सामुदायिक समूहों के साथ मिलकर इस अभियान को पूरे दिल्ली में फैलाएगी। उन्होंने कहा कि यह स्वच्छता अभियान दिल्ली को एक स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी सराहनीय रही।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री भवगंत मान ने प्रधानमंत्री से पंजाब दौरे पर बाढ़ पीड़ितों के लिए बेहतर पैकेज की जताई उम्मीद

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य कारणों के चलते अस्पताल में उपचाराधीन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार की शाम पंजाब दौरे पर आ रहे हैं। वह यहां बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के पंजाब आने से पहले सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के कई मंत्री पत्रकार वार्ता के माध्यम से अपने-अपने विभागों में हुए नुकसान का ब्यौरा सार्वजनिक कर चुके हैं और पंजाब सरकार ने केंद्र से 20 हजार करोड़ के फौरी पैकेज की मांग की है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है, वरना मैं स्वयं आकर प्रधानमंत्री का सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा करवाता। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री पंजाब और पंजाबियों को इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई अच्छा पैकेज या घोषणा करके जाएंगे।

### फरीदकोट में 12 किलो हेरोइन बरामद, दो तस्कर पकड़े गए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने नशा तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 12.1 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में थे, जो एक बड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क की ओर इशारा करता है। सीमा पार से तस्करी करके लाई गई यह अवैध खेप सदर फरीदकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव झारीवाला से बरामद की गई। डीजीपी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ सदर फरीदकोट थाना में मामला दर्ज करके नेटवर्क का पता लगाने के लिए गहन जांच चल रही है।

### चार मंजिला इमारत गिरी

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सब्जी मंडी थाना इलाके में 200 गज में बनी एक चार मंजिला इमारत भरभरा कर गिर गई। इस घटना की जानकारी दमकल विभाग को सोमवार रात 3:05 बजे मिली। जिसके बाद बचाव टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं।? गनीमत रही कि जब यह हादसा हुआ, उस समय इमारत के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल विभाग के अनुसार घटना में इमारत के आसपास खड़ी कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। जानकारी के मुताबिक नगर निगम ने इस बिल्डिंग को पहले ही 'डेंजर' यानी खतरनाक घोषित किया हुआ था। इसके बावजूद, यह इमारत कई सालों से खड़ी थी। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार इस बाबत लिखित शिकायत भी दी थी। लेकिन निगम की तरफ से समय रहते इमारत को नहीं गिराया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### सड़क किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के केएन कार्टजू मार्ग इलाके में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिला । जांच में मृतक की पहचान राजीव गार्डन, लोनी देहात, गाजियाबाद निवासी रज्जब खान (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 6:15 बजे पीसीआर को कॉल प्राप्त हुई कि ''श्मशान घाट वाली रोड, सेक्टर-26, रोहिणी पर एक्सीडेंट हुआ है, यहां युवक घायल है और एम्बुलेंस की आवश्यकता है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक युवक सड़क पर खून से लथपथ हालत में पड़ा था। उसके शरीर पर कई चोटों के साथ-साथ चाकू के निशान भी मिले। युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी और आसपास सड़क पर खून बिखरा हुआ था। मौके से दो मोटरसाइकिलें बरामद हुईं—एक अपाचे, जो सड़क पर खड़ी थी, जबकि दूसरी पैशन प्रो नाले में गिरी हुई पाई गई। सड़क पर रगड़ के निशान भी मिले, जिससे प्रथम दृष्टया हादसे और झगड़े दोनों की संभावना जताई जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक के पास मिले दस्तावेजों से युवक की पहचान हुई। स्थानीय पुलिस के साथ ही क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इक्ट्ठा किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या और हादसे दोनों पहलुओं से पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा की कार्यशाला में पीएम मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला कार्यालय में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम के साथ किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कर्मवीर सिंह का अंगवस्त्र और पुष्प देकर अभिनंदन और स्वागत किया। कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर और घर-घर अभियान चलाकर सरकार की योजनाओं को बताने का कार्य करना होगा। उन्होंने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त विभिन्न कार्यक्रम करने का निर्देश दिया और 15 सितंबर को पूर्णिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के लिए तैयार रहने को कहा। कार्यशाला में मुख्य रूप से स्वर्ण आयोग के अध्यक्ष राजकुमार सिंह, क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख मनोज जी, क्षेत्रीय प्रभारी नरेश शाह, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पूर्व सांसद निखिल कुमार, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, मंडल प्रभारी और मोर्चा अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एनडीए 150 से कम सीटें नहीं जीतेगा, नीतीश ही सीएम होंगे: रवि कुमार

**भागलपुर।** जदयू नेता रवि कुमार ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बिहार की जनता जिस तरह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास और सुशासन की तारीफ कर रही है, उससे स्पष्ट है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगा और सरकार भी उनके ही नेतृत्व में बनेगी। वर्तमान माहौल साफ़ इशारा कर रहा है कि एनडीए 150 से कम सीटें नहीं जीतेगा, जबकि महागठबंधन 75-90 सीटों पर ही अटक जाएगा। आगे रवि कुमार ने कहा कि इस बार जदयू के प्रदर्शन में 60-80% तक का इज़ाफ़ा होने का अनुमान है।

# विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों का निर्माण भी शिक्षकों का धर्म : राम बहादुर राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक पद्म भूषण राम बहादुर राय ने कहा कि शिक्षक का धर्म केवल पढ़ाना नहीं बल्कि विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों का निर्माण करना भी है। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में ''शिक्षक होने का धर्मङ्क विषयक विशेष परिचर्चा में उन्होंने ये विचार व्यक्त किए।

परिचर्चा का आयोजन सोमवार देर शाम दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी ने किया। इस अवसर पर शिक्षण के आदर्श, उत्तरदायित्व और बदलते शैक्षिक परिदृश्य में शिक्षकों की भूमिका पर गहन विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्म भूषण राम बहादुर राय ने एस राधाकृष्णन के जीवन संघर्ष और उनके आदर्श शिक्षक बनने की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे शिक्षक को पहचानने वाले लोगों की भी जरूरत होती है। शिक्षा में यदि कोई



अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करता है और उससे भावी पीढ़ी शिक्षक बनने को प्रेरित होती है तो यह श्रेयस्कर होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. जतीन्द्र बजाज ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के संचारक ही नहीं बल्कि परम्परा, इतिहास, कौशल, भूगोल और सामाजिक उत्तरदायित्व के भी संवाहक होते हैं। उन्होंने भारतीय परंपरा में गुरु-शिष्य संबंध की महत्ता को रेखांकित करते हुए वर्तमान समय में शिक्षा के मानवीय मूल्यों को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हमारा इतिहास जितना विस्तृत होगा, हमारी दृष्टि उतनी व्यापक होगी। इस अवसर पर दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी कुलपति प्रोफ़ेसर अनु सिंह लाठर और इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वीमेन के कुलपति प्रोफ़ेसर रंजना झा उपस्थिति रहे। दोनों कुलपतियों ने उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाओं और शिक्षक शिक्षा को और अधिक प्रासंगिक व समकालीन बनाने की दिशा पर विचार साझा किए। विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार डॉ संजीव राय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ राजेश प्रसाद सिंह, डॉ नसीरुद्दीन, डॉ विनोद, डॉ जयशंकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी, शिक्षाविद् और विद्यार्थी शामिल हुए। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ सरोज मलिक ने किया।

## पिज्जा आउटलेट में लगी आग, पांच घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के यमुना विहार इलाके में सोमवार रात एक पिज्जाआउटलेट के ग्राउंड फ्लोर पर अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। घटना में एक महिला समेत पांच लोग झुलस गए। जिन्हे पुलिस ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इधर दमकलकर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में पुलिस आशंका जता रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पुलिस के मुताबिक घायलों की पहचान देवेश्वरी, निखिल, साहिल, शिवम और प्रवेज के रूप में हुई है। फिलहाल भजनपुरा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार सोमवार रात करीब आठ बजे सूचना मिली कि यमुना विहार स्थित पिज्जा आउटलेट के स्टोर में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

# आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत और आर्थिक सहायता की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) की नेता एवं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत राहत राशि दे ताकि उनकी जिंदगी सामान्य हो सके। आतिशी ने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि दिल्ली में यमुना से आई बाढ़ ने राजधानी के हजारों परिवारों की जिंदगी अस्त-व्यस्त कर दी है। यमुना के पास इलाके में आई बाढ़ से दिल्ली के हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। बच्चों की किताबें, सामान, उनके डॉक्यूमेंट्स सब नष्ट हो गए हैं। लोग 10 दिन से काम पर नहीं जा पाए




हैं, हाथ में एक पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार से अपील करती हूं कि प्रभावित परिवार के हर बालिग सदस्य को तुरंत 18,000 रुपये राहत राशि और हर परिवार को नुकसान के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में राहत शिविरों में पानी, बिजली, साफ-सफाई और खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रभावित परिवार बहुत दुखी हैं, उनका बहुत नुकसान हुआ है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी से भागना नहीं चाहिए। उन्होंने दिल्ली सरकार से इस प्रकार की मांग कि है बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बच्चों को नई किताबें, कॉपियां और स्कूल का सामान मिले, यमुना किनारे खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 20,000 रुपये मुआवजा मिले और बाढ़ प्रभावित इलाकों में ही कैंप लगाकर उनके जरुरी डॉक्यूमेंट्स दोबारा बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता परेशान है कई इलाकों में पानी उतरने के बाद बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात और भी कठिन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग उम्मीद कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री उनकी पुकार सुनते हुए तुरंत प्रभावी कदम उठाएं और हर परिवार को आर्थिक मदद देकर उन्हें राहत पहुंचाएं।

## गंगा कटाव पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर राजेश गुरनानी का सत्याग्रह 10 सितम्बर से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। मां जानकी धाम के संस्थापक राजेश गुरनानी चार सूत्री मांगों को लेकर बुधवार से जिला समाहरणालय मुख्य द्वार के बाहर आमरण अनशन पर बैठेंगे। राजेश गुरनानी का कहना है कि मनिहारी प्रखंड के कारी कोसी बांध पर बसे गंगा कटाव पीड़ितों को अविलंब पुनर्वासित किया जाए। इन परिवारों को पिछले 15 वर्षों से पुनर्वास की आस है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बिहार सरकार ने राशि भी उपलब्ध करा दी है और उच्च न्यायालय का आदेश भी उनके समर्थन में है, लेकिन जिला प्रशासन कटिहार द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दूसरी मांग के रूप में राजेश गुरनानी ने कहा है कि मनिहारी नगर पालिका अंतर्गत चरवाहा विद्यालय एवं सिंगल टोला की भूमि पर बसे कटाव पीड़ितों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाए जाएं। इसके अलावा धुरियाही सहित अन्य पंचायत के परिवारों को भी पुनर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। गुरनानी ने कहा कि कटिहार नगर निगम अंतर्गत 4000 फुटपाथ दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का पैसा दिया गया है, लेकिन उनके लिए परिचय पत्र, खाद्यवेंडिंग प्रमाण पत्र, वेंडिंग जोन और विवाद निस्तारण समिति का गठन नहीं किया गया है। इसके अलावा टीवीसी में स्वीकृत सात वेंडिंग जोनों का साकार रूप भी कटिहार शहर को नहीं मिला है, जिससे अतिक्रमण की समस्या व्याप्त है। चौथी मांग को लेकर राजेश गुरनानी ने कहा है कि नाई समाज सहित अति पिछड़ा वर्ग के लिए सामुदायिक सह विवाह भवन की आधारशिला अविलंब रखवाई जाए।

# सेवा पखवाडे के जरिए जन-जन पहुंचाया जाएगा योजनाओं का लाभ: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले में 16 सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाडा आयोजित किया जाएगा। सेवा पखवाड़े के माध्यम से स्वच्छता और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान बहुउद्देशीय शिविर और जनजागरूकता अभियानों से आमजन को योजनाओं का दिया जाएगा। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट एनआईसी के वीसी कक्ष में सेवा पखवाड़ा मनाए जाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। सेवा पखवाड़ा 16 सितम्बर से दो अक्टूबर तक जनपदभर में मनाया जाएगा। बैठक में सेवा पखवाड़े को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं और जनहितकारी गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई। डीएम ने नगर निकायों के



अधिशासी अधिकारियों को सभी वार्डों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को केवल औपचारिकता न मानकर इसे एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढाने की बात कही। जिससे जनता भी सक्रिय रूप से इसमें भाग ले। स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य शिविर लगाने और स्वास्थ्य संबंधी जनजागरूकता अभियान चलाने को भी कहा। समाज कल्याण अधिकारी को वृद्ध आश्रमों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा वहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग के अधिकारियों को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम संचालित करने को कहा गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063